पत्र	आशय
२७	कफसंग्रहणी लक्षण
२८	त्रिदोष संग्रहणी लक्षण
२८	सन्निपात की संग्रहणीके लक्षण
२८	संग्रहणी रोगकी संप्राप्ति
२८	ग्रहणी रोगमें पथ्य
	अर्शनिदान
२९	बवासीर के लक्षण
२९	वात की बवासीरके लक्षण
३०	पित्तकी बवासीर के लक्षण
३०	कफकी बवासीर के लक्षण
३०	सन्निपातकी बवासीरके लक्षण
३०	वातकी बवासीर में पथ्य
३१	पित्तकी बवासीरमें पथ्य
३१	कफकी बवासीरमें पथ्य
	भगन्दर
३१	भगन्दर रोगके लक्षण
३१	वातके भगन्दरके लक्षण
३१	पित्त जनित भगन्दर के लक्षण
३२	सन्निपात जनित भगन्दर के लक्षण
३२	अजीर्ण रोगकी उत्पत्ति
३३	सम विषम तीक्ष्ण मन्दाग्निका वर्णन
३३	वाताजीर्णके लक्षण
३३	पित्ताजीर्ण के लक्षण
३३	कफाजीर्ण के लक्षण
३४	अलस विलंबिकाके लक्षण
३४	विसूचिका के लक्षण
	कृमिरोग
३४	कृमिरोग निदान
३५	कृमिरोगकी उत्पत्ति
३५	कृमिरोगे पथ्यम्

पत्र	आशय
	पाण्डुरोग
३५	पांडुरोग उत्पत्ति
३६	वातके पीलिया के लक्षण
३६	पित्तके पीलिया के लक्षण
३६	कफके पीलिया के लक्षण
३६	सन्निपात के पांडुरोग के लक्षण
३६	पांडुरोग के असाध्य लक्षण
३७	पांडुरोगे पथ्यम्
३७	हलीमककामला कुंभकामलापान-की रोग लक्षण
३७	कामलाके लक्षण
३७	कुंभ कामला के लक्षण
३७	हलीमक रोगके लक्षण
३८	पानकी रोगके लक्षण
	रक्तपित्त
३८	रक्तपित्त रोगकी उत्पत्ति
३९	रक्तपित्त के लक्षण
३९	वातपित्त कफके रक्तपित्तके लक्षण
३९	साध्यासाध्य विचार
३९	रक्तपित्त रोगे पथ्यम्
	राजयक्ष्मा
४०	क्षयी रोगकी उत्पत्ति
४०	क्षयीरोगनिदान
४१	वातकी क्षयीके लक्षण
४१	पित्तकी क्षयीके लक्षण
४१	कफकी क्षयीके लक्षण
४१	असाध्य क्षयीके लक्षण
	कासरोग
४२	खांसी रोगकी उत्पत्ति
४२	खांसी के लक्षण

पत्र	आशय
४२	वातकी खांसी के लक्षण
४२	पित्तकी खांसी के लक्षण
४२	कफकी खांसीके लक्षण
४३	त्रिदोष की खांसीके लक्षण
४३	असाध्य खांसीके लक्षण
	हिक्का
४३	हिक्की रोगकी उत्पत्ति
४३	बालककी हिक्कीके गुण
४३	तरुण पुरुषकी हिक्कीके लक्षण
४४	वृद्धपुरुषकी हिक्कीके लक्षण
४४	पांचहिक्कीनकेनाम और लक्षण
	श्वास
४४	श्वासरोगके लक्षण
४५	त्रिविधश्वासके लक्षण
४५	स्वाभाविकश्वासके लक्षण
४५	अतिश्वासके लक्षण
	स्वरभेद
४६	स्वरभेदकी उत्पत्ति
४६	वातके स्वरभेदके लक्षण
४७	पित्तके स्वरभेदके लक्षण
४७	कफके स्वरभेदके लक्षण
४७	असाध्य स्वरभेदके लक्षण
	अरुचि
४७	अरुचि रोगकी उत्पत्ति
४७	वातकी अरुचिके लक्षण
४७	पित्तकी अरुचिके लक्षण
४८	कफकी अरुचिके लक्षण
४८	वातकी अरुचि में पथ्य
४८	पित्तकी अरुचि में पथ्य
४८	कफकी अरुचिमें पथ्य

पत्र	आशय
	छर्दि
४८	छर्दि रोगकी संख्या और उत्पत्ति
४९	वातकी छर्दि के लक्षण
४९	पित्तकी छर्दिके लक्षण
४९	कफकी छर्दिके लक्षण
४९	सन्निपात की छर्दिके लक्षण
५०	छर्दि रोगके उपद्रव
५०	छर्दि रोगमें साध्यासाध्य लक्षण
	तृष्णा
५०	तृष्णा रोगकी संख्या और उत्पत्ति
५०	वातकी तृष्णाके लक्षण
५१	पित्तकी तृष्णाके लक्षण
५१	कफकी तृष्णाके लक्षण
५१	त्रिदोष जनित तृष्णाके लक्षण
५१	तृषा रोगमें साध्यासाध्य विचार
५१	तृषा रोगमें पथ्य
	मूर्च्छा
५२	मूर्च्छा रोगकी उत्पत्ति
५२	मूर्च्छा रोगकी संख्या और लक्षण
५२	वातकी मूर्च्छा के लक्षण
५२	पित्तकी मूर्च्छा के लक्षण
५३	कफकी मूर्च्छा के लक्षण
५३	सन्निपातकी मूर्च्छाके लक्षण
५३	रुधिरकी मूर्च्छा के लक्षण
५३	मद्यकी मूर्च्छाके लक्षण
५३	विषकी मूर्च्छा के लक्षण
५४	कृमि रोगके लक्षण
	दाह
५४	दाह रोगके लक्षण
५४	धातुक्षीण दाहके लक्षण

पत्र	आशय
	मदात्यय
५४	मदात्यय रोगके लक्षण
५५	अयुक्ति मद्यपानके दूषण
५५	युक्तिसे मद्यपानके गुण
५६	प्रथम मद्यपानके गुण
५६	द्वितीय मद्यपानके अवगुण
५६	तृतीय मद्यपानके अवगुण
५६	चतुर्थ मद्यपानके अवगुण
५६	पित्त मदात्ययके लक्षण
५६	कफ मदात्ययके लक्षण
५६	वात मदात्ययके लक्षण
५७	त्रिदोष मदात्ययके लक्षण
५७	मद्यपानोत्थ अजीर्णके लक्षण
५७	मद्यपानोत्थ-भ्रमके लक्षण
	उन्माद
५७	उन्माद रोगके लक्षण
५७	उन्माद रोगका हेतु
५८	वात उन्मादके लक्षण
५८	पित्त उन्मादके लक्षण
५८	कफ उन्मादके लक्षण
५९	सन्निपातउन्मादके लक्षण
५९	औरभी कारणउन्मादके लक्षण
५९	भूतोन्मादके लक्षण
५९	दैत्यसे पैदा उन्मादकेलक्षण
५९	गन्धर्व लगाहो उसके लक्षण
६०	यक्षग्रस्तके लक्षण
६०	महासर्प ग्रस्तके लक्षण
६०	पितीश्वरग्रस्तनरके लक्षण
६१	राक्षसग्रस्त नरके लक्षण
६१	प्रेतग्रस्तके लक्षण
६१	देव आदिकोंके प्रवेशका लक्षण

पत्र	आशय
	अपस्मार
६२	वातकी मृगी रोगके लक्षण
६२	पित्तकी मृगी रोगके लक्षण
६२	कफकी मृगीके लक्षण
६२	सन्निपातकी मृगीके लक्षण
	वातव्याधि
६३	वातव्याधि रोगके लक्षण
६३	सर्वांग वातके लक्षण
६४	त्वचामें प्राप्त वातके लक्षण
६४	रुधिरमें प्राप्त वातके लक्षण
६४	मांस मेदागत वातके लक्षण
६४	मज्जास्थिगत वातके लक्षण
६४	शुक्रगत वातके लक्षण
६५	नाड़ीगत वातके लक्षण
६५	कोष्ठगत वातके लक्षण
६५	सर्वांगगत वातके लक्षण
६५	सन्धिमें स्थित वातके लक्षण
६५	पांच वातके जुदे २ लक्षण
६६	पित्तान्वित प्राणवात- के लक्षण
६६	कफान्वित प्राणवातके लक्षण
६६	कफ पित्तयुक्त उदान वातके लक्षण
६६	पित्तकफयुक्त समान वातके लक्षण
६६	पित्तयुक्त अपान वातके लक्षण
६६	कफ युक्त अपान वात के लक्षण
६६	पित्तकफयुक्त व्यान वातके लक्षण
६७	ऊर्ध्वगत वातके लक्षण
६७	अधोगत वातके लक्षण
६७	पित्तयुक्त वातके लक्षण
६७	कफयुक्त वातके लक्षण
६७	कफपित्तयुक्त वातके लक्षण
६७	अधोभागमें प्राप्त वातके लक्षण

पत्र	आशय
	वातरक्त
६८	वातरक्तकी उत्पत्ति
६८	वातरक्तके लक्षण
६९	पित्तान्वित वातरक्तके लक्षण
६९	कफयुक्त वातरक्तके लक्षण
६९	वातरक्तके उपद्रव
	ऊरुस्तम्भ
७०	ऊरुस्तम्भ रोगकी संप्राप्ति
७०	ऊरुस्तम्भके लक्षण
७०	आमवात रोगकी उत्पत्ति
७०	आमवात रोगके लक्षण
७१	पित्तसे कुपित आमवातके लक्षण
७१	कफसे कुपित आमवातके लक्षण
७१	साध्यासाध्यकष्टसाध्यआमवातलक्षण
७१	त्रिदोषज आमवातके लक्षण
	परिणामशूल
७२	शूल रोगकी उत्पत्ति
७२	वादीके शूलका लक्षण
७२	पित्तके शूलका लक्षण
७३	कफ के शूल का लक्षण
७३	वात कफ शूलके लक्षण
७३	वातपित्तजनित शूलके लक्षण
७३	शूलकी उत्पत्ति
७४	असाध्य शूलके लक्षण
७४	शूलके दश उपद्रव
	आनाह उदावर्त्त
७४	आनाह रोगकी उत्पत्ति
७४	अधोवातरोकनेसेउदावर्त्तके लक्षण
७५	विष्ठा रोकने के उपद्रव
७५	मूत्र रोकने के उपद्रव
७५	जंभाई रोकनेके उपद्रव
७५	आंसू रोकने के उपद्रव
७५	छींक रोकने के उपद्रव
७५	डकार रोकने के उपद्रव
७५	रेत रोकनेके उपद्रव
७५	भूख मारनेके उपद्रव
७६	प्यास रोकने के उपद्रव
७६	श्वास रोकनेके उपद्रव
७६	निद्रा रोकने के उपद्रव
७६	उदावर्त्त रोग होनेके कारण
७६	वातके उदावर्त के लक्षण
	गुल्मरोग
७७	गुल्मरोग की संख्या
७७	गुल्मरोगका स्वरूप
७७	वात गुल्मके लक्षण
७७	पित्त गुल्मके लक्षण
७७	कफ गुल्मके लक्षण
७७	रक्तगुल्मके लक्षण
७८	असाध्य गुल्मके लक्षण
७८	सन्निपातज गुल्मके लक्षण
७८	गुल्मरोगके दशोपद्रव
	हृद्रोग
७९	वादीके हृद्रोग के लक्षण
७९	पित्तके हृद्रोगके लक्षण
७९	कफके हृद्रोगके लक्षण
७९	सन्निपातके हृद्रोगके लक्षण
७९	कृमिरोगके हृद्रोगके लक्षण
८०	हृदय रोगके उपद्रव
	मूत्रकृच्छ्र
८०	मूत्रकृच्छ्र की उत्पत्ति

पत्र	आशय
८०	वातके मूत्रकृच्छ्रके लक्षण
८०	पित्तके मूत्रकृच्छ्रके लक्षण
८१	कफके मूत्रकृच्छ्रके लक्षण
८१	मूत्रकृच्छ्रमें साध्यासाध्यपरिज्ञान
८१	मूत्राघातकी उत्पत्ति
८२	वातके मूत्राघातके लक्षण
८२	पित्तके मूत्राघातके लक्षण
८२	कफके मूत्राघातके लक्षण
	अश्मरी
८३	पथरी रोगकी उत्पत्ति
८३	वातकी पथरीके लक्षण
८३	पित्तकी पथरीके लक्षण
८३	कफकी पथरीके लक्षण
८४	वीर्य्यरोधकी पथरी के लक्षण
	प्रमेह
८४	प्रमेहरोगकी उत्पत्ति
८४	वातकी प्रमेहका लक्षण
८५	पित्तकी प्रमेहका लक्षण
८५	कफकी प्रमेहका लक्षण
८६	प्रमेहरहितके लक्षण
८६	साध्यासाध्यकष्टसाध्य प्रमेहकेल०
	पिटिका
८६	पिटिका रोगकी उत्पत्ति
८६	पिटिका रोगके लक्षण
८६	पीडिका रोगका पूर्व्वरूप
८६	वातकी पीडिका के लक्षण
८६	पित्तकी पीडिका के लक्षण
८६	कफकी पीडिका के लक्षण
८७	वात पित्तकी पीडिका के लक्षण
८७	कफ वात के विस्फोटकके लक्षण
८७	कफ पित्तके विस्फोटकके लक्षण
८८	सन्निपातकी पीडिका के लक्षण
८९	त्वचागत पीडिकाके लक्षण
८९	रक्तमें गत पीडिका के लक्षण
८९	मांसमें प्राप्त पीडिकाके लक्षण
८९	मेदामें प्राप्त पीडिकाके लक्षण
८९	मज्जामें प्राप्त पीडिकाके लक्षण
८९	हाड़में प्राप्त पीडिकाके लक्षण
८९	शुक्रमें प्राप्त पीडिकाके लक्षण
८९	असाध्य शीतलाके लक्षण
	पिटिका
९०	पिटिकाके दशभेद
९०	प्रमेहसे उत्पन्न पिटिकाके लक्षण
९०	वर्णसे पिटिकाके लक्षण
९०	सराविकाके लक्षण
९१	कच्छपिका जालनी सर्षपिकापुत्रिणी के लक्षण
९१	विद्रधिका विदारिका विततांजली के लक्षण
९२	पिटिका विनाशार्थ पूजा
	मेदवृद्धि
९२	मेदरोगोत्पत्ति
९२	मेदरोग लक्षण
	गण्डमाला
९३	वातकी गण्डमालाके लक्षण
९३	पित्तकी गण्डमालाके लक्षण
९३	कफकी गण्डमालाके लक्षण
	श्लीपद
९४	श्लीपद के लक्षण
९४	वातकी श्लीपदका लक्षण
९४	पित्तकी श्लीपदका लक्षण
९४	कफकी श्लीपदका लक्षण

पत्र	आशय
१०६	विसर्परोगके उपद्रव
	क्षुद्ररोग
१०६	अजगल्लिकाके लक्षण
१०६	यवप्रक्षाके लक्षण
१०६	अजली नाम फुंसीके लक्षण
१०७	विवृत्तानामफुसीके लक्षण
१०७	कच्छपिकाके लक्षण
१०७	वल्मीकफुसीके लक्षण
१०७	इन्द्रवृद्धिके लक्षण
१०७	गर्द्धभिकाके लक्षण
१०७	पाषाणगर्द्धभिकाके लक्षण
१०८	पनसिकाके लक्षण
१०८	जलगर्द्धभिकाके लक्षण
१०८	इरिवेल्लिकाके लक्षण
१०८	कखलाईके लक्षण
१०८	गन्धमालाके लक्षण
१०८	अग्नि रोहिणीके लक्षण
१०९	विदारिकाके लक्षण
१०९	शर्करार्बुदके लक्षण
१०९	कदरफुसीके लक्षण
१०९	बिवाईके लक्षण
१०९	खारुयेके लक्षण
१०९	इन्द्रलुप्त रोगके लक्षण
११०	अरुपिकाके लक्षण
११०	मुखदूषिकाके लक्षण
११०	तिलके लक्षण
११०	मस्सेके लक्षण
१११	न्यच्छ अर्थात् लहसन के लक्षण
१११	व्यंग अर्थात् झाईके लक्षण
१११	नीलिकाके लक्षण
१११	कर्णिकाके लक्षण
१११	अवपाटिकाके लक्षण
१११	निरुद्ध प्रकाशके लक्षण
११२	सनिरुद्ध गुदके लक्षण
११२	गुदभ्रंशके लक्षण
११२	शूकरदंष्ट्र रोगके लक्षण
११२	वृषणकच्छरोगके लक्षण
	मुखरोग
११२	ओष्ठरोगके लक्षण
११२	सन्निपातके ओष्ठरोगके लक्षण
११२	दन्तरोगनिदान
११३	दन्त पुप्पुटरोगके लक्षण
११३	दन्तवेशरोगके लक्षण
११३	सौषिरनाम दन्तरोग के लक्षण
११३	महासौषिरके लक्षण
११३	सोफकस दन्तरोग के लक्षण
११४	वैदर्भरोगके लक्षण
११४	करालरोगके लक्षण
११४	अधिमासरोगके लक्षण
११४	कीटदन्तरोगके लक्षण
११४	भञ्जनक दन्तरोगके लक्षण
११४	दन्तविद्रधिके लक्षण
११५	दन्तहर्षके लक्षण
११५	दन्तशर्कराके लक्षण
११५	दन्तश्यावके लक्षण
	जिह्वा
११५	जिह्वारोग निदान
११५	उल्लासनाम जिह्वारोगके लक्षण
११५	जिह्वाशोथके लक्षण
११६	कंठतुण्डके लक्षण
११६	तुण्डकेरीके लक्षण
११६	कच्छपरोगके लक्षण
११६	तालुपाकके लक्षण

पत्र	आशय
	गलरोग
११६	गलरोगका निदान
११७	वातरोहिणीके लक्षण
११७	पित्तरोहिणीके लक्षण
११७	कफरोहिणीके लक्षण
११७	रुधिरकीरोहिणीके लक्षण
११७	कण्ठशालूकरोगके लक्षण
११७	अधिजिह्वाका लक्षण
११८	बलासाक्ष रोगके लक्षण
११८	नाशाशतघ्नीके लक्षण
११८	गलायुरोगके लक्षण
११८	बलविद्रधिके लक्षण
११८	गलौघरोगके लक्षण
११८	वातपित्तकफकीमुखपीडिकाके लक्षण
	कर्णरोग
११९	कर्णरोग निदान
११९	कर्णनादके लक्षण
११९	बधिरके लक्षण
१२०	शब्दक्षेडके लक्षण
१२०	स्रावगदरोगके लक्षण
१२०	कर्णगूथके लक्षण
१२०	प्रतीनाहके लक्षण
१२०	कृमिकर्णके लक्षण
१२०	कर्णपाकके लक्षण
१२१	पित्तकर्णपाकके लक्षण
१२१	कफकर्णपाकके लक्षण
१२१	वातकेपूतिकर्णरोगके लक्षण
१२१	पित्तके पूतिकर्णरोगके लक्षण
१२१	कफकेपूतिकर्णरोगके लक्षण
	नाशारोग
१२२	पीनसरोगके लक्षण
१२२	क्षवथुरोगके लक्षण
१२२	पूतिनस्यके लक्षण
१२२	नाशापाकके लक्षण
१२२	पूयरक्तके लक्षण
१२२	मर्दाक्षरोगके लक्षण
१२३	प्रतीनाहके लक्षण
१२३	नाशाशोषके लक्षण
१२३	पक्वपीनसके लक्षण
१२३	पीनसरोगकी उत्पत्ति
१२३	वातकी पीनसरोगके लक्षण
१२४	पित्तकी पीनसके लक्षण
१२४	कफकी पीनसके लक्षण
१२४	रुधिरकी पीनसके लक्षण
१२४	सन्निपातकी पीनसके लक्षण
	नेत्ररोग
१२४	नेत्ररोगोत्पत्ति
१२४	वातके नेत्ररोगके लक्षण
१२५	पित्तकेनेत्ररोगके लक्षण
१२५	कफकेनेत्ररोगके लक्षण
१२५	नेत्रमन्थके लक्षण
१२५	वातभ्रमणरोगके लक्षण
१२५	कफसे नेत्रपाकके लक्षण
१२६	नेत्रपाक के लक्षण
१२६	मोतियाबिन्दके लक्षण
१२६	असाध्यमोतियाबिन्दके लक्षण
१२७	नेत्रकेप्रथमपटलके रोग
१२७	नेत्रकेद्वितीयपटल के रोग
१२७	नेत्रकेतृतीयपटलके रोग
१२७	नेत्रकेचतुर्थपटलके रोग
१२७	वातकेनेत्ररोगके लक्षण
१२८	पित्तके नेत्ररोगके लक्षण
१२८	कफकेनेत्ररोगके लक्षण

पत्र	आशय
१२८	ऊर्ध्वअधोगतदृष्टिरोगके लक्षण
१२८	धूम्रदर्शी अर्थात् रतौंधीके लक्षण
१२८	गंभीररोगके लक्षण
१२९	पूयलाख्यरोगके लक्षण
१२९	उपनाहके लक्षण
१२९	परिवालरोगके लक्षण
१२९	ब्राह्मणीरोगके लक्षण
१२९	वातपित्तकफकी पिटिकाके लक्षण
	मस्तक
१३०	मस्तकरोगकी उत्पत्ति
१३०	वातपित्तकफके मस्तकरोग
१३०	रुधिरकेमस्तकरोग
१३०	सन्निपातकेमस्तकरोग
१३०	कृमिकेमस्तकरोगकेलक्षण
१३१	आधाशीशीके लक्षण
	स्त्रीरोग
१३१	प्रदररोगकी उत्पत्ति
१३१	वातपित्तकेप्रदरके लक्षण
१३१	कफकेप्रदरके लक्षण
१३२	सन्निपातकेप्रदरके लक्षण
१३२	योनिकन्दकी उत्पत्ति
१३२	पित्तके योनिकन्दके लक्षण
१३२	कफकेयोनिकन्दके लक्षण
१३२	सन्निपातकेयोनिकन्दके लक्षण
१३३	खंडाख्य और सूचीमुख योनिके लक्षण
१३३	वातकी योनिके लक्षण
१३३	पित्तकी योनिके लक्षण
१३३	कफकीयोनिके लक्षण
१३४	वातसे पित्तसे कफसे जिसका पुष्प नष्टहुआहो उसके लक्षण
१३४	विप्लुता के लक्षण
१३४	पूतिगन्धके लक्षण
१३४	वंध्यायोनिके लक्षण
१३४	खंडितायोनिके लक्षण
	प्रसूति
१३५	प्रसूतिरोगकी उत्पत्ति
१३५	स्रावऔर पातकालक्षण
१३५	प्रसूतिरोगके लक्षण
१३५	प्रसूतिरोगके उपद्रव
	बालरोग
१३६	वातलदुग्धके गुण
१३६	पित्तदूषित दुग्धके लक्षण
१३६	कफदूषितदुग्धके लक्षण
१३६	दोषरहित दुग्धकी परीक्षा
१३६	दोषहीनदुग्धके गुण
१३६	बालकोंकीअन्तर्गत पीडा जानने का उपाय
१३७	कुक्कुनपारिगर्भिकके लक्षण
१३७	तालुकंठकतालुपाकके लक्षण
१३७	सामान्यग्रहयुक्तके लक्षण
१३७	स्कन्दग्रहशकुनीग्रहग्रस्तके लक्षण
१३८	रेवतीग्रह पूतनाग्रहग्रस्तके लक्षण
१३८	मंडिताग्रहनैगमेयग्रहग्रस्तकेलक्षण
	विषरोग
१३९	स्थावर जंगमविष
१३९	स्थावर विषके लक्षण
१३९	जंगमविषके लक्षण
१३९	विषदेनेवालेकी परीक्षा
१३९	मूलपत्रफलविषके लक्षण
१४०	फूलगोंद त्वचाके विषके लक्षण
१४०	दुग्धधातुके विषके लक्षण
१४०	सर्पकाटेके लक्षण

पत्र	आशय
१४०	देशविशेषकाल और नक्षत्र विशेष में सर्पकाटे उसके लक्षण
१४०	मूषकके विषके लक्षण
१४१	कीटआदि विषके लक्षण
१४१	कालेबीछूके विषके लक्षण
१४१	वर्हीसर्पकाटेके लक्षण
१४१	मेंढक मछली जोंकछिपकली शत पदीके विषके लक्षण
१४२	मच्छरके विषके लक्षण
१४२	लूताविषके लक्षण
१४२	मक्खी और नखके विषके लक्षण
१४२	सर्पादिक काटेका असाध्यलक्षण
१४२	दूषी विषके लक्षण

मूत्रपरीक्षा

पत्र	आशय
१४३	साध्य असाध्यमनुष्यकी मूत्रपरीक्षा
१४४	वातपित्त कफसे मूत्रलक्षण
१४४	द्विदोषऔर त्रिदोषके मूत्रकीपरीक्षा
१४५	नपुंसकभेद और लक्षण
१४५	आसेक्य नपुंसक के लक्षण
१४५	सौगन्धिक नपुंसकके लक्षण
१४५	कुम्भिकपंडके लक्षण
१४५	ईर्ष्यकपंडके लक्षण
१४५	महापंडके लक्षण
१४६	नारीपंडके लक्षण

इति

भूमिका ॥

धन्यहै वह परमेश्वर जिसकी कृपासे सारे संसारमें कैसे कैसे विचित्र चरित्र होरहे हैं देखिये यह कैसी ईश्वरकी अद्भुत रचनाहै कि सृष्टि में अगणित जीवहैं परन्तु यहनहीं कि एकसे दूसरे की भ्रान्ति हो—इसी प्रकारसे जितने पदार्थ सृष्टिमें हैं हरएकके गुण दोष पृथक् पृथक् दिये हैं—देखिये बुद्धिमान् महात्मा पुरुषों ने जीवोंकी रक्षा और क्लेश निवारण के निमित्त कैसे २ विचार कियेहैं—वैद्यक विद्यामें अनेकों प्रकारके ग्रन्थ बने हैं जिनके द्वारा औषधियों करके कैसाही रोगहो विधिपूर्वक सेवनसे तुरन्तही लाभ होगा औषधियोंका तो फल प्रत्यक्ष है दृष्टान्त की आवश्यकता नहीं ॥

प्रथम महात्माओं ने जो ग्रन्थ वैद्यकविद्याके बनाये वह संस्कृत में हैं जो इससमय विशेषतर उपयोगी नहीं होते इसकारण वर्त्तमानकालके अनुसार विद्वान् सज्जनों ने उन ग्रन्थोंपर भाषा टीका बनानेका आरम्भ कियाहै और बहुतसे ग्रन्थों में भाषा टीका बनभी गई है ॥

हम अतीव प्रसन्नतापूर्वक इसबातको प्रकट करते हैं कि एक ग्रन्थ हंसराजनिदान जो भाषाटीकासहितहै अवलोकन करने योग्यहै—एक तो इस कविकी कविता श्लोकबद्ध अति अनूठी है और श्लोक ऐसे ललित हैं कि जिनके पढ़ने और श्रवणमात्रही से चित्तको आनन्द होताहै—दूसरे यह ग्रन्थ बहुत बड़ाभी नहीं है कि जिसके पढ़नेकेलिये अवस्थाका एक भाग आवश्यकहो—और बहुत छोटाभी नहीं है इसीसे बहुधा लोग इसको पसन्द करते हैं कि केवल इसीके कण्ठाग्र करने से छोटे और बड़े सम्पूर्ण अपने अभीष्ट फलको पहुँचते हैं ॥

इन सब गुणों के होतेहुये इस ग्रन्थमें हंसराजार्थ बोधिनीटीका भाषा में ऐसी हुई है कि मानो अमृतकुण्ड जो अतिकठिन स्थलहै उसके लाने के लिये रेलगाड़ी बनगई ॥

प्रथम तो यह ग्रन्थ केवल संस्कृत जाननेवालोंही के लिये फलदायक था अब भाषा जाननेवाले वैद्यलोग भी उसी प्रकार अपना अर्थ प्राप्त करसक्ते हैं ॥

श्रीमन्महामहोपाध्याय श्रीवर पण्डित दत्तराम चौबेजी ने इस ग्रन्थ की टीका भाषामें ऐसी बनाई है मानो प्रथम ग्रन्थकार महात्माने अवतार धारणकर संस्कृतका भाषारूप किया ॥

प्रथम यह अपूर्व्व ग्रन्थ बम्बई मोहप्रदयन्त्रालय में श्रीउक्त पण्डित दत्तरामके प्रबन्धसे छपाथा अब मुंशी वंशीधरसाहब मुहतमिम मुम्बउल् अलूमकी आज्ञानुसार इस छापेखाने में पुष्टाक्षरों में छापागया है जिन सज्जनोंको आवश्यकताहो क़ीमतभेजकर मंगवालेवें—इस छापेखाने की हरएक दुकानें देहली व कानपूर आदिमें भी यह ग्रन्थमिलेगा ॥

मैनेजर नवलकिशोर प्रेस

लखनऊ

ॐ गणाधिपतये नमः ॥

हंसराजनिदानम् ॥

अथ हंसराज कवि हंसराज ग्रन्थके कर्त्ता ग्रन्थके आदि में शिष्टाचार परिपालनके निमित्त और ग्रन्थकी निर्विघ्न समाप्ति के निमित्त भले प्रकार उचित अपना इष्टदेव श्रीबालाजी तिनकाध्यानपूर्वक श्रग्धराछन्द करके मंगलाचरण करते हैं ॥

ध्यायेति

ध्यायेबालाम्प्रभातेविकसितवदनाम्फुल्लराजीवनेत्रांमुक्तावैदूर्यगर्भैरुचिरकनकजैर्भूषणैर्भूषितांगीम् ॥ विद्युत्कोटिच्छटाभांपरिमलबहुलांदिव्यसिंहासनस्थां गीर्देवीतस्यदासीभवतिसुरवनं नन्दनंकेलिगेहम् १ धत्तेतेचरणांबुजंस्वहृदयेमातर्नरोयोऽनिशंतस्याऽऽस्येपरिनर्त्ततेप्रतिदिनंवाग्गद्यपद्यात्मिका ॥ लक्ष्मीस्तस्यगृहेस्थिताकरतलेमुक्तिःस्थिताःसिद्धयो द्वारेतस्यविभूषिताश्चनिधयस्तिष्ठन्तिनित्यंमुदा २ ॥

हम प्रातसमय श्री बालाका ध्यान करते हैं कैसीहै बाला कि प्रफुल्लितहै मुख फूले कमल के समान नेत्र मोती और वैदूर्य्यमणि करके जटित सुन्दर सुवर्णके भूषण करके भूषितहै देह कोटि बिजलीके समान प्रकाश बहुतसी सुगन्धयुक्त देह श्रेष्ठ सिंहासनपर स्थित ऐसी बालाका जो मनुष्य ध्यान करता है तिसपुरुषकी सरस्वती दासीहो और देवतोंका नन्दनवन क्रीडाकास्थान हो १ हे मातः। जो मनुष्य तेरे चरणकमलोंका निरन्तर अपने हृदयमें ध्यानकरताहै तिसके मुखमें गद्य पद्य रचना रूपी सरस्वती नित्य नाचती है उसके घरमें लक्ष्मी स्थिररहै मोक्ष उसकेहाथ में स्थिररहै अष्टसिद्धि और नवनिधि तिसके द्वारपर नित्य प्रसन्नतापूर्वक शोभायमान स्थिररहैं इस श्लोकका छन्द शार्दूलविक्रीडित है २ ॥

जगन्मातर्नमस्तेस्तुवरदेमंगलेशिवे॥ [illegible]
हायंकुरुमेऽनिशम् ३ अहमि[illegible]
तितवहानिःक्वापिदृष्टेःकदाचित्॥स्वजनहितपरायाःशंकरस्यप्रि
यायाःअमृतरसहृदिन्याहंसनाथोभवामि ४ भिषक्चक्रचित्तोत्स
वंजाड्यनाशंकरिष्याम्यऽहंबालबोधायशास्त्रम्॥नमस्कृत्यधन्वं
तरिंवैद्यराजंजगद्रोगविध्वंसनंस्वेननाम्ना ५॥

हे जगन्मातः। हे वरदे। हे मंगले। हे शिवे। तुम्हारे अर्थ नमस्कारहै ग्रन्थ करनेको प्रवृत्त मेरी निरन्तर सहायकरो ३ हे जगदम्बे। मुझे दिव्य दृष्टि से देख तेरी दृष्टिकी कभी कहीं हानि नहीं हो कैसी तुमहो कि अपनेभक्त जनके हितमें तत्परहो और श्रीशंकरकी प्यारीहो अमृत रसकी सरोवरी हो मैं तुम्हारी दृष्टीके करने से सनाथ होऊंगा इस श्लोकका मालिनी नाम छन्दहै ४ मैं वैद्यन के राजा धन्वन्तरि को नमस्कार करके बालकन के बोधके अर्थ जगत्के रोगन का नाशक वैद्य समुदायके चित्तको उत्सव कारक मूर्खता का नाशक अपने नाम करके अर्थात् हंसराज नाम करके विख्यात ग्रन्थको करताहूं इस श्लोकके छन्दकानाम भुजंगप्रयातहै ५॥

ब्रह्मेशोगरुडध्वजोभृगुसुतोभारद्वजोगौतमो हारीतश्चरको त्रिकःसुरगुरुर्धन्वंतरिर्माधवः॥ नासत्योनकुलःपराशरमुनिर्दा मोदरोवाग्भटो येन्येवैद्यविशारदामुनिवरास्तेभ्योपरेभ्योनमः ६ आत्रेयधन्वंतरिसुश्रुतानांनासत्यहारीतकमाधवानाम्॥ सुषेण दामोदरवाग्भटानां दस्रस्वयंभूचरकादिकानाम् ७॥

ब्रह्मा शिव विष्णु शुक्र भारद्वाज गौतम हारीत चरक अत्रि बृह-स्पति धन्वंतरि माधव अश्विनीकुमार नकुल पराशरमुनि दामोदर वाग्भट और जे वैद्यनमें चतुर मुनीनमें श्रेष्ठ तिन सबनके अर्थ नमस्कार हैं ६॥ आत्रेय धन्वंतरि सुश्रुत अश्विनीकुमार हारीत माधव सुषेण दामोदर वाग्भट सनत्कुमार चरकादिकन का ७॥

एषांसमालोक्यमतंमुहुर्मुहुर्ग्रंथोमनोज्ञःक्रियतेमयाऽधुना॥ प
द्यैरदोषैरचितोल्पमेधसांज्ञानायनूनंभिषजात्ममानिनाम् ८ दर्श

नस्पर्शनःप्रष्णैरोगीणोरोगनिश्चयम्॥ आदौज्ञात्वाततःकुर्याच्चि कित्सांभिषजांवरः ९ देशंबलंवयःकालं गुर्विणीगदमौषधम्॥ वृद्धवैद्यमतंज्ञात्वाचिकित्सामारभेत्ततः १० ॥

मत वारवार देखकर वैद्य ऐसे अपने आपेको माने अल्पबुद्धीवारेन को निश्चय ज्ञानके अर्थ दोषकरकेरहित जे पद तिनकरके रचितमनको प्रसन्न करनेवाला अवमें ग्रन्थरचताहूं ८ देखना स्पर्शकरना पूछना इन तीन तरहसे पहिले रोगीके रोगको निश्चय करके वैद्योंमें श्रेष्ठहै सो रोगी की चिकित्सा करै ९ देश बल अवस्था काल गर्भिणी का रोग औषध और वृद्ध वैद्य के मतकोजानके फेर चिकित्सा करै १० ॥

(अथनाडीलक्षणानि) करांगुष्ठमूलोद्भवाप्राणभूतानृणांरोगि णांसाक्षिणीसौख्यभाजाम्॥जलौकोरगानांगतिंनाडिकायाविधत्ते निरुक्ताचवातात्मिकासा ११ विधत्तेगतिंकाकमंडूकयोर्यामुनीन्द्रै र्निरुक्ताचपित्तात्मिकासा ॥ शिराहंसपारावतानांगतिंयादधाति स्थिराश्लेष्मकोपान्वितासा १२ नाडीचंचलतांक्वचिच्छिथिलतां शैत्यंक्वचिदुष्णतां धत्तेमंदगतिंद्विदोषकुपितास्थानच्युतिंक्षीण ताम् ॥ वक्राकारगतिंक्वचिद्वितनुते प्राप्नोतिकंपंक्वचिद्वैकल्यंविद धातियातिकुपितामासान्तरेसानिशम् १३ ॥

प्रथम नाडी परीक्षा लिखे हैं हाथके अँगुठा के निकट रोगी मनुष्य के सुख दुःखकी साक्षी देनवारी सौख्यभाजा नाडी जो जोंक वा सर्प कीसी चाल चले तो वातकी नाडी कहिये ११ और जो नाडी काक मेढ- क कीसी चाल चले तो मुनियोंने पित्तकी नाडी कहीहै और जो हंस कबूतर कीसी चाल चलै तो कफकोप की नाडी कहिये १२ द्विदोष कोप की नाडी चञ्चल कभी शिथिल कभी शीतल कभी गरम और मंद विक- लताको प्राप्तभई गमन करैहै और स्थानको छोडदेय और बहुत धीरे २ चलै और कभी टेढीचलै कभीकांपै विकलताको प्राप्त भई ऐसी नाडी एक महीनेके भीतर रोगीको मारडारै १३ ॥

त्रिदोषान्वितानाडिकांचंचलोष्णा स्फुरद्वित्रिरूपात्वरायु- ग्विभिन्ना ॥ गतिंतैत्तरीयांविधत्तेतिकंपंक्षणंक्षीणतांयातिमूर्च्छे

क्वचित्सा १४ शिरायस्यवातार्दितापित्तदग्धाकफेनातिकोपेन नाडीकृतासा ॥ गदीसोल्पकालेनमृत्योर्विदीर्णेमुखेयास्यतेदंतदं ष्ट्राभिकीर्णे १५ ॥

सन्निपातकी नाड़ी चपल और गरम और दोतीन प्रकारकी चाल चलै वहनाड़ी जल्दी आयुकी काटनेवारी जाननी और तीतरकीसी चाल चलै और बहुतकांपै और मंदचलै और कभी चलने से रहिजाय १४ जिस रोगीकी नाड़ी वात करके दुखित पित्त करके दग्ध और कफके कोप करके खेदितहो वहरोगी थोड़े कालमें मौतके खुलेहुये दंतडाढ़ा करके युक्त ऐसे मुखमें जायगा अर्थात् मरैगा १५ ॥

शिरायस्यसूक्ष्माऽतिशीतान्वितावासरोगीनजीवेत्प्रयत्नैःकदा चित् ॥ चलद्वित्रिरूपात्रिदोषान्वितावासरोगीयमस्यालयेशीघ्र गंता १६ नाडीशीघ्रगतिधत्तेज्वरकोपेनसोष्णताम् ॥ रक्ताधि क्येनसाकोष्णागुर्वीवेगवतीभवेत् १७ सुखिनोमनुजस्यशिरा परितःस्थिरतांसमुपैतिदधातिबलम् ॥ क्षुधितस्यभवेच्चपलासत तंतृपितस्यशिराव्रजतिस्थिरताम् १८ ॥

जिस रोगीकी नाड़ी अतिमंदचलै और शीतकरके युक्तहो वो रोगी यत्नोंके करनेसे नहीं जीवै और जिस रोगीकी नाड़ी त्रिदोषयुक्त दो तीन प्रकारकी चलै वोरोगी जल्दी यमराज के घर पहुंचेगा १६ ज्वरके कोपसे नाड़ी गरम और जल्दी चलतीहै और रुधिर के बिगड़नेकी नाड़ी गरम और भारी तथा जल्दी चलती है १७ सुखी मनुष्य की नाड़ी बल युक्त और स्थिर चलतीहै और क्षुधित मनुष्यकी नाड़ी चपल और भोजन करे कीनाड़ी स्थिर चलतीहै इसश्लोकके छन्दका नाम तोटकवृत्तहै १८ ॥

मोहेनकामेनभयेनचिंतयाक्रोधेनलोभेनबहुश्रमेणवा॥ मंदा- ग्निनोद्वेगतरेणपीडयास्यान्नाडिकामन्दतरानृणाम्भृशम् १९ ॥ इति हंसराजनिदानेनाडीलक्षणम् ॥

मोहसे कामसे भयसे चिन्तासे क्रोधसे लोभसे बहुतपरिश्रमसे मदाग्नि से उद्वेगसे पीड़ासे मनुष्यों की नाड़ी निरन्तर मंदचलतीहै १९ ॥ इति श्रीहंसराजार्थबोधिन्यांनाडीलक्षणम् ॥

दोषैर्विनानरोगाःस्युर्नदोषाःहेतुभिर्विना ॥ हेतवःकर्मसम्भूतास्तान्हेतून्कथयाम्यऽहम् १(अथवातकोपकारकवस्तु)प्राणापानगतेर्विघातकरणैःक्षुन्मूत्रतृट्रोधनैः व्यायामव्रतशोकशीतसलिलस्नानैःस्त्रियासेवनैः॥ रूक्षाम्लामिषमिष्टपिष्टकटुकैरत्यंबुपानाशनैः वर्षाशीतशरत्सुचैत्रसमयेवातस्यकोपोभवेत् २(अथपित्तकोपकारकवस्तु) तीक्ष्णोष्णाम्लविदाहिशाककटुकैःक्षारान्नपित्ताशनैर्व्यायामाध्वपरिश्रमैर्दिनपतेरातापसंसेवनैः ॥ क्रोधोष्णोत्प्लवनैःकषायमदिरा पानैर्निशाजागरैर्वर्षाग्रीष्मशरत्सुमध्यदिवसेपित्तस्यकोपोभवेत् ३ ॥

विना दोषोंके रोग नहीं होते और विना हेतुओं के दोष नहीं होते और हेतु कर्मसे पैदा होतेहैं सो उन्हीं हेतुओं को मैं कहताहूं १ प्राण और अपान पवनकी गतिके विगड़ने से भूख प्यास मूत्र इनके रोंकने से दण्ड कसरतके करनेसे व्रतके करनेसे शोचसे शीतल जलके नहाने से बहुत स्त्रीके संगसे रूखा खट्टा मीठा पिसा कड़ुआ ऐसे पदार्थ के भोजन से बहुत जल और भोजन के करनेसे वर्षाऋतु शरदऋतु शीतकाल और चैत्रके महीनेमें वात कुपित होतीहै २ तीक्ष्णमिरच आदि गरम खट्टा दाहका करनेवाला पदार्थ शाक कड़ुआ खार मिलाअन्न और पित्तकारक ऐसेभोजनके करनेसे दण्डकसरतके करनेसे रास्ताके चलनेसे परिश्रमके करनेसे घाममें रहनेसे क्रोधसे गरमीसे खेलनेकूदनेसे कसैली वस्तु मद्य केपीनेसे रात्रिमें जगनेसे वर्षाऋतु शरदऋतु मध्याह्नमेंपित्तकोपकरताहै ३॥

क्षारक्षीरविकारशाकमधुरैः पानाशनातिक्रमैर्मूलस्निग्धगरिष्ठकंदपिसितैःशीताम्लमाषाशनैः ॥ नाशानेत्रमुखेपधूमरजसोपातैर्महाघोषणैः श्लेष्माकोपतरंदधातिशिशिरेहेमंतकेमाधवे४॥

खार दूध का पदार्थ शाक मिष्ट भूख प्यासके समयको उल्लंघन करने से कन्द चिकना गरिष्ठ मूल पदार्थ पिसा अन्न शीतल खट्टा उर्द इनके खानेसे नाक नेत्र मुख इनमें धुँयें के और रजके गिरनेसे पुकारने से शिशिरऋतु हेमन्तऋतु वैशाख में कफ कोप करताहै ४ ॥

ज्वराणांघोररूपाणांयानिचिह्नानितान्यहम्॥वक्ष्येज्ञानेनतेनैव

रोगःसंज्ञायतेबुधैः ५ (तस्यप्रागुत्पत्तिमाह) दक्षायमानसंक्रुद्धःरु द्रनिश्वाससम्भवः॥ज्वरोऽष्टधापृथक्द्वंद्वसंघातागन्तुजःस्मृतः १ (ज्वररयसंप्राप्तिमाह) मिथ्याहारविहारस्य दोषाह्यामाशयाश्र याः॥वह्निर्निरस्यकोष्ठाग्निंज्वरदास्युरसानुगाः२ (ज्वरके पूर्वरूप को कहैहैं) तापःशरीरेगुरुताऽलसत्वंसर्वांगपीडाविरसत्वमास्ये ॥ शीतःश्रमोवीर्यबलस्यहानिः ज्वराग्रचिह्नानिवदंतिसंतः ६ (वात ज्वरकेलक्षण) जृम्भोद्गारतृषाःकषायवदनंनिद्राविनाशोऽरुचिः श्वासोरुक्षवपुर्भ्रमोविकलताशोषोमुखेऽक्षिस्रवः॥ हिक्काध्मानवि वर्णतांगचलनंरोमोद्गमोंगव्यथा हल्लासोंत्रविगुंजनंभवतितद्वा तज्वरेलक्षणम् ७ ॥

घोर रूप ज्वरोंके चिह्न हैं तिन्हें मैं कहता हूं जिन चिह्न अर्थात् लक्षणों करके पंडितोंकरके रोग सब जानेजायें ५ दक्षके करेहुये तिरस्कार से क्रोधित शिव तिनकी श्वास से उत्पन्न हुआ जो ज्वर सो आठ प्रकार का है १ वातसे २ पित्तसे ३ कफसे ४ वातपित्तसे ५ वातकफसे ६ पित्त कफसे ७ वात पित्तकफसे ८ आगन्तुजसे १ मनुष्यों के मिथ्या आहार और मिथ्या विहारसे आमाशय में रहते जो वात पित्त कफ सो आमाशयको विगाड करके फेर रसको बिगाडैं और कोठेकी जो अग्नि उसकी गरमी को बाहर निकाल देहको तत्ता करदेवै उसीको ज्वरकहते हैं २ ॥ इति माधवकरः॥ शरीरमें तप तथा शरीरका भारीपना आलस्य और सब शरीर में हडकल मुखमें स्वाद न रहै शीतका लगना अनायास श्रमभालूम हो वीर्य बलकानाश होना ये चिह्न ज्वरके पूर्व होते हैं ६ जँभाई डकार तथा प्यास का लगना मुखका कडुआहोना नींदका न आना अरुचि श्वास शरीरका रूखापन भ्रम तथा शरीरमें बेकली मुखसूखै आंखसे आंसूका चुवना हिचकीआना पेटफूलना शरीरका औरही वर्ण होजाना अंगका फडकना रोमांचकाहोना शरीरमें व्यथा सूखी उलटीका आना आंतोंका बोलना ये लक्षण वातज्वर में होते हैं ७ ॥

(पित्तज्वरकेलक्षण)हृत्कंठोष्ठकरांघ्रिदाहमरतिंस्फोटंतृषासंभ्रमं घोष्माणंश्वसनंमुखेकटुकतांमूर्च्छामतीसारकम् ॥ हृत्कंपंनयने

रुणेविकलतांशीतेरुचिशोषणं खेदंदेहगतःकरोतिकुपितःपित्त ज्वरोन्तर्व्यथाम् ८ (श्लेष्मज्वरलक्षणम्) स्तैमित्यंवमनंजडत्वम लसंनिष्ठीवनंगौरवंमाधुर्यंवदनेतनौमलिनतांस्वेदंचरोमोद्गमम्॥ कंठेघुर्घुरतांचपीतनयनंनिद्रांत्वचिस्निग्धतां कासंशीर्षरुजंकरो तिविकलंश्लेष्मज्वरोङ्गव्यथाम् ९ (वातपित्तज्वर) भ्रमोरोमहर्षोरुचिःश्वासकासौतृषांगेषुदाहःशिरोर्तिर्वमित्वम् ॥ विनिद्रांग पीडातिशोषोल्पमूर्च्छाज्वरेवातपित्तोद्भवेचिह्नमेतत् १० ॥

हृदय कंठ ओठ हाथ पाँव इनमें दाहहोना इच्छाकानाश हड्डकलका होना प्यास भ्रम गरमी श्वास कडुआ मुख मूर्च्छा दस्त हृदयमें कंप नेत्र लाल देहमें बेकली शीतलता का प्यास लगना मुखसूखे खेदका होना अन्तःकर्ण में दुःख ये लक्षण कुपित पित्तज्वर देहमें करताहै ८ शरीर गीले कपड़े से पोंछे सरीखा मालूमहो उलटीका होना शरीरका जकड़ जाना आलस्य कफका थूकना देहकाभारीहोना मुखमीठाहो देह मैला पसीनेका आना रोंआं खड़ाहोना कंठमें घुरघुर शब्दहोना कुछ पीलाई लिये नेत्रहों निद्राका आना त्वचा चिकनाई लिये होय खांसी शिरमें दर्द ये लक्षण कफज्वरके हैं ९ भ्रम रोमका खड़ाहोना अरुचि श्वास खांसी प्यास देहमें दाह शिरमें दर्द वमन निद्राका न आना देहमें पीड़ा अत्यन्त मुखका सूखना मूर्च्छाका आना ये वातपित्तज्वरके लक्षणहैं १० ॥

(वातकफज्वर) स्तैमित्यंगुरुतारुचिर्विकलतातंद्रापिपासा लसं कासोङ्गस्फुटतावमिःश्वसनताशोथोमुखेलिप्तता। स्वेदःपर्व भिदारतिश्चजडतारोमोद्गमःशीतलतां वातश्लेष्मसमुद्भवस्यकथि तंचिह्नंज्वरस्याऽऽर्षिभिः ११ ॥

शरीर गीले कपड़े से पोंछे समान मालूम पड़े तथा शरीरका भारीपन अरुचि बेकली तंद्रा प्यास आलकस खांसी अंगोंका फड़कना रद्द श्वास सूजन कफसे लिहसामुख पसीना गांठों में दर्द चैन न पड़े जड़पना रोमांच शीत लगना पुराने ऋषियों ने वात कफ ज्वरके लक्षण कहे हैं ११ ॥

(पित्तकफज्वर) तिक्तास्योरुचिताकफस्यवदने लेपोमुहुः तता तंद्रासंधिषुवेदनाचहृदयेदाहःपिपासाभ्रमः॥ कास-

स्तनौमलिनतास्वेदोवमिर्मोहता चिह्नंपित्तकफज्वरे मुनिवरैः संकीर्तितंपूर्वजैः १२(तेरहसन्निपातोंकेनाम)संधिकश्चांतकश्चैव रुग्दाहश्चित्तविभ्रमः॥ शीताङ्गस्तंद्रिकःप्रोक्तःकंठकुब्जश्चकर्णकः॥विख्यातोभुग्ननेत्रश्च रक्तष्ठीवीप्रलापकः। जिह्वकश्चेत्यभिन्यासस्सन्निपातास्त्रयोदशः॥इतिसंगृहीतपाठः(तेषांमर्यादा) संधिकेवासरासप्तश्चांतकेदशवासराः। रुग्दाहेविंशतिर्ज्ञेयावह्न्यष्टौचित्तविभ्रमे॥पक्षमेकंतुशीतांगस्तंद्रिकेपंचविंशतिः। विज्ञेयावासराश्चैव कण्ठकुब्जेत्रयोदशः॥कर्णकेचत्रयोमासाःभुग्ननेत्रेदिनाष्टकम्॥रक्तष्ठीवीदशाहानिचतुर्दशप्रलापके॥जिह्वकेषोडशाहानिकलाभिन्यासंज्ञके।परमायुरिदंप्रोक्तंमृयतेतत्क्षणादपि

कडुआ मुख अरुचि। मुख कफसे लिप्तता बार २ जाड़ा गरमी का लगना तन्द्रा सन्धि में पीड़ा हृदय में दाह प्यास भ्रम खांसी श्वासका जोर देहमें मलिनता स्वेद वमन मोह ये लक्षण पहिले मुनीश्वरों ने पित्त कफ ज्वरके कहेहैं १२॥ १ संधिक २ अन्तक ३ रुग्दाह ४ चित्तविभ्रम ५ शीतांग ६ तन्द्रिक ७ कंठकुब्ज ८ कर्णक ९ भुग्ननेत्र १० रक्तष्ठीवी ११ प्रलापक १२ जिह्वक १३ अभिन्यास ये तेरह सन्निपात हैं(तेरहों सन्निपातों की अवधि) सन्धिककी ७ दिनकी अन्तककी १० दिन रुग्दाह की २० दिन चित्त विभ्रम की २४ दिन शीतांग की १५ दिन तन्द्रिक की २५ दिन कंठकुब्जकी १३ दिन कर्णककी ९० दिन भुग्ननेत्र की ८ दिन रक्तष्ठीवी की १० दिन प्रलापकके १४ दिन जिह्वकके १६ दिन अभिन्यास के १६ दिन कहेहैं यह सन्निपातों की परमावधि कहीहै परन्तु तत्काल भी रोगी मरजाताहै ये श्लोक संगृहीत हैं॥

(तेरहसन्निपातमें साध्यासाध्यवि०). संधिकस्तन्द्रिकश्चैव कर्णकःकंठकुब्जकः। जिह्वकश्चित्तविभ्रंशःषट्साध्याःसप्तमारकाः संगृहीतपाठः॥

सन्धिक तन्द्रिक कर्णक कंठकुब्ज जिह्वक चित्तविभ्रंश ये ६ साध्यहैं बाकी सात असाध्य हैं॥

(सन्धिकसन्निपातके लक्षण) त्रिदोषोत्थितेसन्धिकेसन्निपाते भवेत्संधिपीडाऽस्यशोषोथशूलं॥ भ्रमोवीर्यनिद्राविनाशोतितंद्रा पिपासोष्टपाकोरुचिर्दाहकासौ १३ (अन्तकसन्निपातकेलक्षण) करोत्यंगभंगंभ्रमंवेपथुंयःशिरःकंपनंकंडुरंरोदनंच॥ प्रलापंसता पंचहिक्कामसाध्यंबुधत्वंविजानीहितंचान्तकाख्यं १४ (चित्तवि भ्रमसन्निपातकेलक्षण) योमोहाद्रुदतिक्वचिद्विकलतांप्राप्नोति शोकंक्वचित् फूत्कारंकुरुतेदधातिमदतांगीतंक्वचिद्गायते॥ स न्तापंसहतेमुदंवितनुतेवाचंभ्रमाद्भाषते तंचित्तभ्रमसन्निपातम निशंजानीहिदुस्साधनं १५॥

तीनों दोषोंसे उत्पन्न हुआ जो संधिक सन्निपात तिसके ये लक्षणहैं सन्धीनमें दर्द मुखकासूखना शूल भ्रम वीर्य और निद्राका नाश तन्द्रा प्यास ओठोंका पकना अरुचि दाह और खांसी १३ अंगोंका टूटना भ्रम कम्प और शिरका हिलना खाज तथा रोना याहियातबकना सन्ताप हिचकीका आना जिसमें ये लक्षणहों उसको हे वैद्य तू असाध्य अन्तक सन्निपात जान १४ जो मोहसे रोवै कभी विकलताको प्राप्तहो कभी शोच करै कभी फूत्कार करे कभी मस्तपने को प्राप्तहो गीतगावे कभी संताप हो कभी प्रसन्नहोवे कभी भ्रमसे बकनेलगे ये लक्षण जिसमेंहों उसे नहीं उपाय जिसका ऐसा चित्तभ्रम सन्निपात जानो १५॥

(रुद्राहसन्निपातकेलक्षण)यःशूलंवितनोतिदारुणभयंहस्तां घ्रिशैत्यंतथा जिह्वांकंटकितांभ्रमंविकलतांमोहंचकंठव्यथां॥ श्वासंकासतरंनिरन्तरतृषांहृत्कंठयोशोषणं सन्तापंश्रमरोदनंप्र लपनंजानीहिरुद्राहकम् १६ (शीतांगसन्निपातलक्षणम्) शी तत्वंविदधातियोऽखिलतनौरोमोद्गमंवेपथुं श्वासंकासतमंक्वचि च्छिथिलतांमूर्च्छामतीसारकं॥ चेष्टांक्षीणतरांक्रमंवमथुतांहि क्वांशिरश्चालनं तंशीतांगमवेहिवैद्यहरिजंमृत्योःसखाऽयंध्रुवं १७ (तन्द्रिकसन्निपातकेलक्षण)- कंठेकंडुतृषाऽरुचिःक्रमथुता पीडार्तिकर्णद्वयोः जिह्वाश्यामतराचकंटकयुतातन्द्रातिसारोर

तिः । सन्तापःकफवेदनाबहुतराश्वासोधिकःकाशता मृत्युस्या त्खलुतन्द्रिकोनिगदितश्चिह्नैरमीभिःपरैः १८ ॥

पेटमें शूल हाथ पैर ठंढे जीभमें कांटे भ्रम बेकली बेहोशी कंठमेंपीड़ा श्वास खांसी प्यास बहुत लगे हृदय कंठका सूखना सन्ताप श्रम रुदन करना प्रलाप ये लक्षण रुद्गाह सन्निपातके जानना १६ जिसमें ये लक्षण मिलतेहों उसको वैष्णव ज्वर मौतका मित्र शीतांग सन्निपात जानना चाहिये जो सब देहको शीतल करदे रोमखडे होजायँ कंप श्वास खांसी अँधेरा सुस्ती कभी मूर्च्छा और दस्तकाहोना जिसकी चेष्टा मन्दपड़िजाय विना श्रमकरे श्रमहो रह हिचकी शिरका कांपना १७ कंठमें खुजलीचले प्यास अरुचि ग्लानि दोनों कानों में पीड़ा काली और कांटेयुक्त जीभ तंद्रा अतिसार अरति सन्ताप कफसे पीड़ा बहुत श्वासचलै और खांसी इन लक्षणों से रोगीका मारनेवाला तन्द्रिक सन्निपात जानना १८ ॥

(कंठकुब्जसन्निपातकेलक्षण) कंठग्रहंयःकुरुतेहनुग्रहंमूर्च्छा प्रलापंज्वरकंपवेदनाः ॥ मोहंचदाहंहृदयेशिरोरुजंतंकंठकुब्जंप्र वदन्तिसाधवः १९ (कर्णकसन्निपातकेलक्षण) ग्रंथिःकर्णान्तदे शेभवतिबहुनराकंठदेशेतिपीडा ग्लानिःश्वासःप्रसेकोवचनशि थिलताश्लेष्मणारुद्धकंठः ॥ मूर्च्छाकंपःप्रलापोवपुषिकृशतमावे दनोष्माचकासः ॥ स्वंस्वंरूपंत्ररोगाविदधतिसततंकर्णकेसन्नि पाते २० ॥

जो कंठमें पीड़ाकरै ठोडी जकड़ जावे मूर्च्छा तथा बकना ज्वर कंप देहमें पीड़ा बेहोशी हृदय में दाह शिरमें दर्द ये लक्षण कंठकुब्ज सन्नि-पातके महात्मा कहते हैं १९ कर्णक सन्निपातके ये लक्षणहैं कानके पास गांठ बहुतसीहों कंठमें दर्द ग्लानि श्वास लारकागिरना मन्द २ बोलना कफसे कंठका रुकना मूर्च्छा कंप और बकना शरीर कृश तथा पीड़ा और गरमी और खांसी तथा अनेकरोग प्रगटहों २० ॥ इति कर्णक सन्निपातके लक्षण समाप्तहुये ॥

(भुग्ननेत्रसन्निपातकेलक्षण)स्मृतिभ्रंशनंभुग्नदृक्सन्निपातःक रोत्यंगपीडांभ्रमंभुग्ननेत्रं॥ ज्वरंवेपनंशून्यतांश्वासकासौप्रलापं प्रसेकंपिपासामसाध्यः२१(रक्तष्ठीवीसन्निपातकेलक्षण)छर्दिरक्त

ष्ठीवनंकृष्णजिह्वांकासश्वासंमंडलंदाहमुग्रं॥संज्ञानाशंतापमध्मानतृष्णांरक्तष्ठीवीप्राणनाशंचकुर्यात् २२ (प्रलापीसन्निपातकेलक्षण) प्रलापीरवेःपुत्रगेहंप्रयातिज्वरोतापपीडांगकंपप्रयासः॥तृषाशोकसंज्ञाविनाशप्रवादःशिरःकंपमोहांगदाहोविनिद्राः २३ ॥

बेहोशी हो अंगों में वर्द भौंर का आना नेत्रोंका बुरा होना ज्वर तथा कॉपना देहमें शून्यता श्वास खांसी बकना लारका बहना प्यास ये लक्षण असाध्य भुग्ननेत्र सन्निपात के हैं २१ रुधिरकी उलटीकरना जीभ काली हो खांसी श्वास चकत्ता पडजावे घोर दाह हो संज्ञा जाती रहै ताप ज्वर तथा पेट का फूलना तृष्णा प्यास ये लक्षणहों तो प्राणकानाश कर्त्ता रक्तष्ठीवी सन्निपात जानना २२ प्रलापी सन्निपातवाला रोगी यमलोक को जाता है और उसके ये लक्षण होतेहैं ज्वर ताप पीडा कॉपना विना कारण श्रमहो प्यास शोच संज्ञानाश बकना शिरका हिलाना बेहोशी अंगों में दाह नींदका न आना २३ ॥

(जिह्वकसन्निपातकेलक्षण) जिह्वांकंटकवेष्टितांशिथिलतांश्वासाधिकंमूकतां रात्रौजागरणंतृषांवधिरतांवीर्यक्षयंक्षीणतां॥ हृत्पार्श्वोदरनासिकाधरगलेशोथंविसंज्ञंज्वरं कायेयःकुरुतेरुजंबहुतरंजानीहितंजिह्वकम्२४(अभिन्यासमन्निपातकेलक्षण)अभिन्यासकोयस्यदेहेस्थितःस्याद्भवेत्तस्यमृत्युर्विनिद्रातितृष्णा ॥ ज्वरःपाददाहोङ्गकंपोतिजाड्यंभ्रमःश्वासताकाशताक्षीणचेष्टा२५ ❀ (अजीर्णज्वरलक्षण) अजीर्णज्वरोलक्षणैरष्टभिर्वाभिषक्सत्तमैर्ज्ञायतेसप्तभिर्वा ॥ अतीसारउद्गारऊष्मातिनिद्राशिरोर्तिःप्रलापोहिजृम्भोदरेरुक् २६ ॥

जीभ कांटन करके युक्त तथा शिथिल श्वास का ज्यादह चलना गूंगापना रातमें जागना प्यास तथा बहिरापना वीर्य का नाशहोना दुर्बलता

❀ सप्तत्रिपञ्चसप्ताहात्दशाहात्द्वादशादपि ॥ एकविंशदिनैःशुद्धःसन्निपातीसुजीवती १ (त्रिदोषज्वरस्यमर्य्यादा) सप्तमीद्विगुणायावन्नवम्येकादशीतथा ॥ एषात्रिदोषमर्य्यादामोक्षायचवधायच २ पित्तकफानिलवृद्धचादशदिवसद्वादशाहसप्ताहात् ॥ हन्तिविमुचतिपुरुषंत्रिदोषजोधातुमलपाकात् इति ३ ॥

हृदय पसवाड़े पेट नाक ओठ गला इनमें सूजनहो बेहोशीज्वर ये जिसकी देह में हों उनको जिह्वक सन्निपात जानो २४ जिसकी देह में अभिन्यास सन्निपातहो उसके ये लक्षण हैं नींद आवे नहीं अति प्यास हो ज्वर पैरों में दाह अंगोंका कांपना बेहोशीभौंर श्वास खांसी चेष्टा मंद ये लक्षणवालेकी मौत होय २५ इतित्रयोदशसन्निपाताः ॥ ● अजीर्णज्वर आठलक्षणों से अथवा सात लक्षणोंसे जानै सो ये हैं अतीसार १ डकार २ गरमी ३ अतिनिद्रा ४ शिरमेंदर्द ५ खोटाबोलना ६ जँभाई ७ पेटका दूखना ८ । २६ ॥

(आमज्वरलक्षण) हृल्लासलालाश्रुतिवांत्यरोचकैःक्षुन्नाशनिद्राबहुमूत्रतालसैः॥ वक्रालपवैरस्यबलक्षुतक्षयैरामज्वरोवैद्यवरैर्विलक्ष्यते २७ (रक्तज्वरकेलक्षण) प्रलापोङ्गदाहोमुखाद्रक्तपातस्तृषास्फोटनामोहतांगप्रपीडा॥ भ्रमोरक्तनेत्रेथनिद्राविमूर्च्छाभवंतीहरक्तज्वरेलक्षणानि २८ (दृष्टिज्वरलक्षण) मुहुर्मुहुर्जृम्भनमंगदाहंविस्फोटनंसंधिषुशूलमुग्रं ॥ स्तब्धेक्षिणीछर्दिमनाहतांयोदृष्टिज्वरःसंकुरुतेविवर्णं २९ ॥

खाली ओकी आवे लार बहे रहहो अरुचि भूख न लगे नींद मूतका ज्यादा उतरना आलस मुख बेरसहो बल और भूख का घटना तथा खई हो इन लक्षणों से वैद्यों में चतुर सो आमज्वर जाने २७ बकना और अंगों में दाह मुख से रुधिर का गिरना प्यास हड़कल बेहोशी अंगों में पीड़ा भौंर लाल नेत्र नींदका आना मूर्च्छा ये रक्तज्वर के लक्षणहैं २८ बारबार जँभाई का आना शरीर में दाह शरीरका टूटना सन्धि २ में दर्द भयानक नेत्र वमन आनाह शरीरका वर्ण और तरहका होजाय ये दृष्टि ज्वर के लक्षण हैं २९ ॥

(भूतज्वरकेलक्षण) भूतप्रेतपिशाचदैत्यदनुजैर्जातोज्वरोराक्षसैर्यस्तापंहृदिवेपथुंवितनुतेमूर्च्छाप्रलापंमदं॥ जृम्भामंगविम

● (प्रसङ्गाद्धारिद्रकसन्निपातस्यलक्षणंग्रन्थान्तरात्) हारिद्रदेहनखनेत्रकरांघ्रितापनिष्ठीवनादिकसनैरुपलक्षितोयः ॥ हारिद्रकस्सकथितःकिलसन्निपातः साध्योनचैवभिषजाज्वरकालरूप. ५ ॥

र्दनंविकलतांहास्यंक्वचिद्रोदनंगीतंरक्तविलोचनंमनुजतंजानीहि भूतज्वरं ३० ॥

भूत प्रेत पिशाच दैत्य दानव राक्षस इनसे जो ज्वरहो उसके ये लक्षणहैं शरीरतत्ता हृदयमें कम्प मूर्च्छा व्यर्थ बकना मस्तहोना जंभाईका आना शरीरको तोडना बेकली हँसना कभीरोना कभी गीतगाना लाल२ नेत्र ये लक्षण भूतज्वरके हैं ३० ॥

(मलज्वरलक्षण) प्रलापोंगतापोभ्रमोहृद्विदाहस्तृषोद्गार निष्ठीवनेघूर्णदृष्टिः ॥ सकृन्मेहनंकंठजिह्वोष्ठशोषःशिरोगौरवंविट् ज्वरेलक्षणानि ३१ (स्वेदज्वरलक्षण) विष्टंभनंस्फोटनमंगदेशे श्वासःपिपासालसताप्रसेकः॥स्वेदोतिनिद्रामदवीर्यनाशोभवंति स्वेदज्वरलक्षणानि ३२ (शापज्वरकेलक्षण) श्यावास्यतोद्वेग वमीपिपासाविनष्टचेष्टाभ्रमतापमूर्च्छाः॥ दुर्गंधतांगेहृदिवेपथुत्वं भवंतिशापज्वरलक्षणानि ३३ ॥

खोटा बोलना शरीरतत्ता हृदयमें दाह प्यास डकार बार २ थूकै टेढ़ा देखे थोड़ा थोड़ा दस्त उतरै कंठ जीभ ओठ इनका सूखना शिरभारी ये मलज्वर के लक्षणहैं ३१ पेटका फूलना शरीरमें हड़कल श्वास प्यास आलस लारका गिरना पसीना अतिनिद्रा मस्तपना वीर्यकानाश ये स्वेदज्वरके लक्षणहैं ३२ मुहँकाला उद्वेग रद्द प्यास शरीरकी चेष्टाका नाश होजाना भौंर शरीर तत्ता मूर्च्छा देहमें बासका आना हृदयका कांपना ये सब शापज्वरके लक्षणहैं ३३ ॥

(औषधजनितज्वरकेलक्षण) भवेदौषधीगंधजेचिह्नमेत ज्ज्वरेचित्तविभ्रंशतारक्तनेत्रे ॥ शिरोरुग्वमिर्मूर्च्छतागात्रशोषंपि पासाक्लमत्वंचनिद्राविनाशः ३४ (भयज्वरकालक्षण) भयात्करस्य चिदुद्भवेघोररूपेज्वरेचिह्नमेतद्भवेदंगकंपः ॥ मुखेशुष्कताभ्यंत रेत्यंतपीडाप्रलापोथचित्तभ्रमःशोकमूर्च्छा ३५ ॥

विषेल औषधके सूंघने से जो ज्वर पैदा होताहै उसके ये लक्षण होते हैं चित्तका डामाडोलहोना लाल २ नेत्र मथवाय उलटीनका होना मूर्च्छा

शरीरका सूखना प्यास ग्लानि नींदका न आना ये लक्षण औषध जनित ज्वरकेहैं ३४ जिस किसीको भय से ज्वर पैदा हुआहो उसके ये लक्षण हैं अंगों का कांपना मुखका सूखना शरीर में बहुत पीड़ा व्यर्थ बकना चित्त चलायमान शोच और मूर्च्छा ३५ ॥

(कोपज्वरकेलक्षण)भवंतीहकोपज्वरेलक्षणानिस्फुरद्गात्रभंगंचलद्रक्तनेत्रं॥प्रलापोथहृल्लासकंपार्तिमूर्च्छाविवर्णःप्रसेकोमुखस्तालुशोषः३६ (शस्त्रघातज्वरलक्षण) शस्त्रास्त्रदंडाश्मकशादिघाततोजातेज्वरेघोरतरेहिलक्षणं ॥ तापःपिपासाकफकंठरुद्धताशोथःप्रलापोऽरुचिरार्तिताभवेत् ३७ (अभिचारज्वरकेलक्षण) ज्वरेभिचारसंज्ञकेभवंतिलक्षणानिषट्॥ प्रलापशूलमोहतास्तृषांगकंपतारुचिः ३८ ॥

ये कोपज्वरके लक्षणहैं अंगोंका फड़कना शरीरका टूटना चलायमान लाल २ नेत्र वाहियात बकना खाली रद्दका आना कांपना दुःखका होना मूर्च्छा शरीरका वर्ण औरही तरहका होजाना लारका टपकना मुख और तालूका शोष ३६ शस्त्र कहिये तलवार और छुरी आदि और अस्त्र वो दंड कहिये लकड़ी आदि अश्म कहिये पत्थर कशादि कहिये कोरड़ा आदि इनके लगने से जो ज्वर पैदाहो उसके ये लक्षण हों ज्वरहो प्यासहो कफसे कंठका रुकना सूजन बड़बड़ाना अरुचि दुःख ये लक्षण हैं ३७ अभियार से तथा मंत्रको उलटा जपने से जो ज्वरहो तथा किसीने जादू कियाहो इस ज्वरमें मुख्य ६ लक्षण होते हैं बड़बड़ाना पेटमें शूल बेहोशी प्यास शरीरकाकांपना अरुचि ये ३८ ॥

(कामज्वरकेलक्षण)रोमोद्गमःसाहसहर्षजृम्भाभीतिर्विषादोमदशोकरोषाः॥ एतानिचिह्नानिभवंतियस्यकामज्वरंतंकथयंतिवैद्याः ३९ (अथस्त्रीप्रसंगाज्जनित) स्त्रियोत्यंतसंगाद्भवेच्चिह्नमेतज्ज्वरोग्लानिनिष्ठीवनंश्वासकाशं॥ भवेद्वेपथुर्गात्रदेशेम्बुपूरस्तृषानिर्बलत्वञ्चपीडांचशोथः ४० ॥

रोमांच साहस जँभाई डरका लगना दुःखका होना मोहहो औरतथा शोच क्रोध ये लक्षण जिसमेंहों उसको वैद्य सब कामज्वर कहतेहैं३९ जो

मनुष्य बहुत स्त्री से मैथुन करै उससे पैदाज्वरके ये लक्षणहैं ज्वरकाहोना ग्लानि बेरबेरमें थूकना श्वास खांसी कंप शरीरमें पसीना आना श्वास नाताकती पीड़ा सूजन ये ४० ॥

(क्षीणधातुमंदाग्निजज्वरलक्षण)धातोःक्षीणतयाथवाग्निशमनाज्जातोज्वरश्चिंतया शैथिल्यंकुरुतेरुचिंवितनुतेधत्तेतनौपाण्डुतां॥ सर्वांगन्तुदतेददातिकृशतांहर्षंपरंनाशते ॥ वीर्यत्वंजयतेरुतंनसहतेश्वासंभ्रमंविभ्रते ४१ (सन्ततज्वरकेलक्षण) वसतिरुधिरधातौयोज्वरोद्वादशाहं क्वचिदपिचदशाहंसन्ततंसन्ततोयं॥ प्रभवतिखलुनाम्नाश्वासकाशंविधत्तेज्वरयतिनरदेहं यातिनाशंसपश्चात् ४२ (विषमज्वरकेलक्षण) निरन्तरंतिष्ठतिसर्वदेहेसूक्ष्मोज्वरोयोविदधातिशैत्यं ॥ अत्युष्णतांयातिकदाचिदेवतंकष्टसाध्यंविषमंवदन्ति ॥ ४३ ॥

धातुके क्षीण होने से तथा मंदाग्निके होनेसे तथा चिन्तासे जो ज्वर पैदाहो उसके ये लक्षण हैं शिथिलता अरुचि शरीर पीलाहो सर्वांग में पीड़ा हो तथा शरीर का कृशहोना हर्ष जातारहै वीर्यकानाश श्वासभौंर का होना ४१ जो ज्वर रुधिर धातुमें पहुंचजाय वो ज्वर१२ तथा १० दिन बराबर बनारहे उसको संतत ज्वर कहते हैं उसमें श्वास खांसी तथा सबदेह का जरना बाद थोड़े दिन यह ज्वर मारडालै है ४२ जो ज्वर मन्द होके सब देहमें बराबररहे और कभी शीतलगे कभी ज्यादा शरीरगरमहो जाय उसको कष्टसाध्य विषमज्वर कहै हैं ४३ ॥

(महेन्द्रज्वरकेलक्षण) अहोरात्रयोर्वाद्विकालेत्रिकालेचतुष्कालकेवाप्रवृत्तिंनिवृत्ति ॥ करोतिज्वरोयःस्वतन्त्रोतिरौद्रोमहेन्द्रोहिनाम्नानिरुक्तोमुनीन्द्रैः ४४ (वेलाज्वरकेलक्षण) अहोरात्रयोरेकदेशेज्वरोयः समागत्यदेहेस्वरूपंविधाय ॥ नरंपीडयेन्नित्यशोनिर्दयन्तंविजानीहिवेलाज्वरंवैद्यराजः ४५ ॥

जो दिनरातमें दोदफे वा तीन वा चार दफे आवे और उतरजाय उस स्वतंत्र ज्वर घोरका महेन्द्र नाम मुनियोंने कहाहै ४४ जो ज्वर दिन रात में एक दफे एक अंगमें आयके फेर सब शरीरमें फैलकर शरीर को बहुत दुःख दे नित्य उसको वैद्य वेला ज्वर जाने ४५ ॥

(एकांतरज्वरकालक्षण) दिनैकांतरेयोविधायोग्ररूपं नराणां शरीरेप्रपीडेन्नितान्तं ॥ दिनैकंविमुच्याथधातूंश्चशेतेतमेकान्तरंत्वंविजानीहिवैद्यः ४६ (एकान्तरज्वरलक्षण) एकान्तरोज्वरोघोरोद्विविधःपरिकीर्त्तितः ॥ शीतेनैकःसमायातितापेनायातियोपरः ४७ (त्राहिकज्वरलक्षण) दिनद्वयन्तुविश्राम्यमेदोमज्जास्थिधातुषु ॥ यःकुप्यतितृतीयेह्नित्राहिकन्तंविदुर्बुधाः ४८॥

उसको हे वैद्य तू एकान्तर ज्वरजान जोएकदिनमेंघोररूपहोके मनुष्योंके शरीर को दुःखदे और एक दिन छोड कर आवे और धातून को सुखाय डाले उसको ४६ इकतरा घोरज्वर दोप्रकारकाहैएकशीत लगकरआवे और एक गरमीसे आवे ४७ जो ज्वर मेदा मज्जा हड्डीमें पहुंचजाताहै और दो दिनबीचमें देकर तीसरे दिनआवे उसको त्राहिक अर्थात् तिजारी पण्डित लोग कहते हैं ४८ ॥

(चातुर्थिकादिज्वरलक्षण) एवंचातुर्थिकोज्ञेयःपाक्षिकोमासिकस्तथा ॥ वार्षिकोमुनिभिःप्रोक्तोवर्षमायातिनाऽन्यथा ४९ (देवकोपजनितज्वरलक्षण) वापीकूपतडागगोपुरमठप्राकारवेदिप्रपा देवांगोपवनानिदेवसदनंछिन्दन्तियोमण्डपं ॥ साधुब्राह्मणयोगिनांपितृगवांपीडांप्रकुर्वन्तिये तेषांदेववरप्रकोपजनितोघोरज्वरोजायते ५० (एकांगज्वरलक्षण) प्राणिनामेकमंगंयोज्वरोरुजयतिध्रुवं ॥ तस्यांगस्यचयन्नामतन्नाम्नाज्वरउच्यते ५१ ॥

ऐसेही चातुर्थिक ज्वरजाने तथा पाक्षिक अर्थात् जो पंद्रहें दिनआवे तथा मासिक जो महीना में आवे तथा वार्षिक जो वर्षदिनमें आवे बीच नहीं आवे ये मुनिन ने कह्यो है ४९ जो मनुष्य बावली कुआ तालाब गोपुर मढ़ी प्राकार यज्ञकी वेदी प्याऊ देवप्रतिमा बाग मंदिर मंडप इनको तोड डाले तथा साधु ब्राह्मण योगी माता पिता गऊ इनको दुःखदेतेहैं तिनको ईश्वरके कोपसे घोर ज्वर पैदाहोताहै ५० मनुष्योंके कोईसे एक अंगमें ज्वरचढ़े और उस अंगका जो नामहो वह ज्वर उसी नामकरके कहा जाताहै ५१ ॥

ज्वरस्तुयस्यसंस्पर्शाद्गन्धाद्वादर्शनादपि ॥ ज्वरोभवतितन्नाम्नाइतिरोगविदोविदुः ५२ (अंतकज्वरलक्षण) श्वासोर्मीव्रहतेगलंकफचयैःसंरुद्धतेयोमुखात्फेनंसंवमतेशिरांविधमतेकाशंविधत्तेरतिं॥आध्मानंकुरुतेचमोहमरुचिंहिक्कामतीसारकंतंविद्याज्ज्वरमंतकंप्रियसखंमृत्योरसाध्यंमृशं५३(शोकज्वरकेलक्षण)अर्थाऽपत्यकलत्रभ्रातृसुहृदांशोकोद्भवोयोज्वरःशैथिल्यंकुरुतेनरंविमनसंश्वासंमुहुर्वेदनां॥स्तैमित्यंविकलंभ्रमंवधिरतांमूर्च्छांबलोजक्षयंप्रस्वेदंबहुमोहतामरुचितांनिद्रांतनौपांडुतां ५४ (रसगतज्वरलक्षण) कुर्यात्त्वचिस्थःपवनज्वरोनिशंरोद्गमंरूक्षत्वगाक्षिमीलनं ॥ जृम्भांगमर्द्दश्रवणाक्षिवेदनां विण्मूत्रवंधंमुखमिष्ठतारतीं ५५ ॥

और जो ज्वर किसीवस्तु के छूनेसे अथवा सूंघनेसे वा देखनेसे हो वह उसी नाम से विख्यात होताहै ऐसे रोगके जाननेवाले कहते हैं ५२ श्वासका ज्यादा चलना गला कफके समूह से रुकाहो और जो मुखसे झागगेरे नाड़ीका जोरसे चलना खांसी इच्छा का नाश पेटका फूलना बेहोशी और अरुचि हिचकी दस्त का होना ये लक्षण कालज्वर मृत्युका प्यारामित्र जानना ये असाध्यहैं ५३ द्रव्य पुत्रादि स्त्री भैया सुहृद इनके नष्टहोने के शोकसे जो ज्वर होताहै उसके ये लक्षणहैं शरीरमें शिथिलता मनका बिगड़जाना श्वास बेर२में दुःखका होना शरीर गीलेकपड़ेसे पोंछा साहो बेकली बहिरापना मूर्च्छा तथा बल तेज इनका नाशहोना पसीना बहुतहो बेहोशी अरुचि नींद शरीर पीला ५४ वातज्वर त्वचामें होतो येलक्षण हों रोमांच तथा त्वचाका रूखापनआँखोंका मीचना जंभाई अंगों का टूटना कान आंखमें दर्द दस्त पेशाव का बंदहोना मुख मीठा तथा अरति ५५ ॥

(त्वग्गतवातज्वरलक्षण) रक्तत्वचंदाहमतीवतृष्णामास्येकटुत्वंपरिदेहशोषं॥ऊष्मानमार्तिंबहुशीतलेच्छांपित्तज्वरश्चर्मगतःकरोति ५६ (त्वग्गतपित्तज्वरलक्षण) लालामुखेगौरवमालसत्वंनिष्ठीवनंशीतवपुःशिरोर्तिं ॥ निद्रांचमूत्राधिकतांप्रलापंश्लेष्मज्वरश्चर्मगतःकरोति५७(त्वग्गतकफज्वरलक्षण)ज्वरःशोणित

स्थोभ्रमंदेहदाहंसरत्वंचनिष्ठीवनंताम्रनेत्रं ॥ शिरःपीडनंशोषमू
ष्मानमार्तिंपिपासामरोचंकरोतीतिमूर्च्छां ५८ (रक्तगतज्वरलक्ष
ण)पिपासाशिरोर्तिर्वमिःशूलमुग्रंप्रलापोंगकंपोरुचिर्वैमनस्यं ॥
वपुःस्वेदरोमांचितंकंठदाहोरसस्थोज्वरोलक्षणैर्ज्ञायतेज्ञैः ५९ ॥

लालस्वचादाह अत्यन्तप्यासमुखकडुवाशरीरकासूखनागरमीमालूमहो
घबड़ाहट शीतलवस्तुकीइच्छा येलक्षण पित्तज्वरत्वचामें होयतोहोतेहैं५६
मुखसे लारकाबहना शरीर भारी आलस कफका थूकना देह शीतल मथ-
वाय निद्रा पेशाबका ज्यादा गिरना बड़बड़ाना येलक्षण कफज्वर चर्ममें
पहुंचताहै तब होतेहैं ५७ जोज्वर रुधिरमें पहुँचजावे उसके ये लक्षणहैं
और देहमें दाह रुधिरमिला थूकना तांबेसरीखे नेत्रलाल शिरमेंदर्द शोष
गरमी घबड़ाहट प्यास अरुचि और मूर्च्छा ५८ प्यास मथवाय वमन दर्द
बड़बड़ाना अंगोंमें कँपकँपी अरुचि मनका बिगड़ना शरीरमें रोमांच तथा
पसीना कंठमें दाह येलक्षणोंसे जानो कि इसकेरसमेंज्वरपहुँचगयाहै५९॥

(मांसगतज्वरलक्षण) भवंतिज्वरेमांसगेलक्षणानितमोष्मां
गमर्द्दोभ्रमोमूत्रकृच्छ्रः॥वपुःस्वेदमभ्यंतरेतीव्रदाहस्तृषावेदनाछ
र्दिरार्तिःप्रलापः६० (मेदगतज्वरलक्षण) भवंतिज्वरेमेदगेल
क्षणानिशरीरेतिदुर्गंधितादंतपीडा ॥ मुहुर्मूत्रतावह्निनाशःकृश
त्वंविषादोल्पसारोरुचिःश्वासकासौ६१ (अस्थिगतज्वरलक्षण)
ज्वरेस्थिप्रदेशेगतेलक्षणानि भवंत्यस्थिविस्फोटनंपर्वभेदः॥ शरी
रस्यविक्षेपनंदेहदाहस्तृषोष्माविलापोभ्रमःस्वेदतापौ ६२ ॥

मांसमें जब ज्वर पहुँचजाताहै उसके ये लक्षण होते हैं अंधेरा आना
गरमीका लगना शरीर का टूटना और पेशाब का रुक २ के गिरना शरीर
में पसीना हृदयमें ज्यादादाह प्यास बेकली रह दुःख बड़बड़ाना ६०
मेदामें ज्वर पहुँच जाताहै उसके ये लक्षणहैं शरीरमें वासआना दांतोंमें
दर्द बेर २ मूतना जठराग्निका नाश देहकृश दुःख बलका घटना अरुचि
श्वास और खांसी ६१ जिसका ज्वर हड्डीमें पहुँच जाताहै उसके येलक्षण
हैं हड्डफूटनहो संधि२ में पीड़ा देहका इधर उधर पटकना तथा देहमेंदाह
प्यास गरमी बिलाप भ्रम पसीना तथाज्वर ६२ ॥

(मज्जागतज्वरलक्षण) बहिःशीतताभ्यंतरेत्यंतदाहःतमः कंपनंमर्मभेदःप्रलापः॥ तृषाश्वासहिक्कार्त्तयोमूत्ररोधंभवंतिज्वरे मज्जगेलक्षणानि ६३ (शुक्रगतज्वरलक्षण) ज्वरःशुक्रदेशेस्थि तेमृत्युदूतस्तदाज्ञायतेसतचिह्नैर्भिषग्भिः ॥ भ्रमोवीर्यनाशःत्व चाहीनशोफोबलोजःक्षयःश्वासकासौक्लमत्वं ६४ (धातुपाकीज्वर लक्षण) निद्राबलोजोरुचिवीर्यनाशोहृद्वेदनागौरवताल्पचेष्टा ॥ विष्टंभतायस्य किलारतिःस्यात्सधातुपाकीमुनिभिःप्रदिष्टः६५ ॥

बाहर से जाड़ालगै भीतर अत्यन्त दाहहो अंधेरा आना कापना मर्म स्थानों में दर्द बड़बड़ाना प्यास श्वास हिचकी बेकली मूतका रुकना ये लक्षण मेदामें ज्वर पहुंचजाताहै तब होते हैं ६३ जबमौतकादूत ज्वर शुक्र याने वीर्य्यमे पहुंचजाय उसको वैद्य सातलक्षणों से जाने भौंर वीर्य्य कानाश त्वचाका हीनहोना सूजनहोना बल तेज इनका नाश श्वास खांसी ग्लानि ६४ नींद बल तेज इच्छा वीर्य इनका नाश हृदयमें दुःख शरीरका भारीपना अल्पचेष्टा,दस्तका रुकना मनका न लगना येलक्षण जिसमें हों उसको धातुपाक मुनियोने कहाहै ६५ ॥

(तथाच) कायेधातुविपाकिनांपरकरस्पर्शोपिवज्रायते रात्रिः कल्पशतायतेल्पतरभोदीपोपिदावायते ॥ शब्दोबाणसमायते मृदुगतिर्वातस्त्रिशूलायते यूकाशूचिकुलायतेतनुतमंवासोपिभा रायते ६६ (ज्वरस्यदशोपद्रवाः) ज्वरस्यप्रसिद्धादशोपद्रवाः स्युस्तृषाविड्ग्रहोछर्द्यतीसारहिक्का ॥ शरीरस्यभेदोरुचिःश्वास कासौसमूर्च्छाहिभागद्वयंतेप्रदद्युः ६७ ॥

धातुपाकी मनुष्य की देहमें हाथका स्पर्श वज्रके समान मालूम पड़े अल्परोशनीवालाभी जो दीपक सोभी ज्वालाके समान मालूमहो बोल- ना बाणके समानलगे मन्दगति चलनेवाला पवन त्रिशूल के समानलगे जुआं खटमल आदिका काटना सुईके समानलगे छोटाभीवस्त्र शरीरपर भारा लगे ६६ ज्वरके उपद्रव दश प्रसिद्धहैं प्यास दस्तका बंदहोना रद्द अतीसार हिचकीअरुचि श्वास खाँसी ६७ ॥

शरीरस्यबाह्येयदाश्लेष्मवातौभवेतांतदाशीतलंबाह्यदेशं ॥ य दाभ्यंतरेऽभ्यंतरेशीतलत्वंभवेद्यत्रपित्तंविदाहोपितत्र ६८ यस्मिन्नङ्गेवायुर्यातितस्मिन्नंगेपीडांकुर्यात् ॥ पित्तंदाहंश्लेष्माशीतंसर्वान्दोषान्सर्वेकुर्युः ६९ अंतर्दाहःप्रलापःश्वसनमतितृषानिग्रहो दोषवर्द्धौस्वेदःसंध्यस्थिशूलंभ्रमविकलतनूसंधिदेशेषुपीडां ॥ अंतरवेगस्यचिह्नंनिगदितमपरैर्वैद्यराजैर्ज्वरस्य दाहादीनांलघुत्वं यदिभवतिबहिर्वेगरोगस्यचिह्नं ७० ॥

यदि वात कफ शरीरके बाहरहोवे तो बाहरका सबभाग शीतलरहे और जो वातकफ शरीरके भीतरहो तो भीतरही शीतलतारहै और पित्त जिस जगह होय तो दाहभी उसी जगहजाने ६८ जिस अंगमें वायु यानी वादी हो उसी अंगमें दर्दहो और जिस अंगमें पित्तहो उसी अंगमें दाहहो और जिस अंगमें कफहो उसी अंगमें शीतलता हो और जिस जगहपरजितने दोषहों उतनेही रोगोंको पैदा करैहै दो होयँ तो दो और तीन होयँ तो तीन और एक होयतो एक ६९ शरीरके भीतर दाह हो वाहियात बकना श्वास अत्यन्त प्यास का रुकना दोषोंका बढ़ना पसीना संधिनमें तथा हड्डीनमें शूलका चलना भौंर ७० ॥

(असाध्यलक्षण) भवेद्यस्यदुर्गंधताश्वासवाहेतथांगप्रदेशे तिकंपोविवर्णः ॥ बहिःशीतताभ्यंतरेत्यंतदाहःसरोगीरवेःपुत्रगेहं प्रयाति ७१ कृशःपिच्छलांगोमहाश्वासवाहोभ्रमोहष्टरोमारुणा क्षोंगकंपः ॥ तमोरात्रिदाहो दिवाशीतताार्त्तिःसरोगीनजीवेत्कदा चित्सुधाभिः ७२ जिह्वाश्यामतराथकंटकयुतारात्रौदिनेजागर मूश्वासोनिर्गतलोचनेशिथिलतानासामुखेशुष्कता ॥ यस्यांगेप रिमंडलानिबहुशोमूर्च्छाप्रलापस्तमः काशोरुद्धगलोगदीसगदि तोसाध्योभिषग्भिःपरैः ७३ ॥

ऐसा रोगी रविकापुत्र जो यमराज ताके घर जाताहै कैसा कि जिसके श्वास निकसने में वास आवे तथा शरीरमें अत्यन्त कँपकँपी शरीर का विवर्ण बाहरसे शीतलता और भीतर अत्यन्त दाह ७१ कृश पिच्छलदेह

बड़ी २ श्वासका चलना भ्रम हृष्ट रोम लालनेत्र अंगमें कंप अँधेरेकाआना रातमें दाहहोना दिनमें जाड़ा लगना तथा दुःख ऐसा रोगी अमृतकरके भी नहीं जीवे ७२ जीभ जिसकी काली और काँटेसेव्याप्त दिनरात जागना श्वासका चलना नेत्रोंमें सुस्ती नाक मुखका सूखना जाके देहमें रुधिरके चकत्ता पड़गये होयें मूर्च्छा बड़बड़ाना अँधेरा आना खासी से गलेका रुकना ऐसा रोगी वैद्योंने असाध्य कहाहै ७३ ॥

भवेद्यस्यनेत्राश्रुपातोंगहीनोमुखान्नासिकायापतेदूक्तधारा ॥ मुखंकुंकुमाभंगलेकर्णमूलंसरोगीनजीवेत्कदाचित्प्रयत्नैः ७४कृशस्थूलतास्थूलताया कृशत्वं स्फुटन्नेत्रगोलंस्वभावोऽन्यथास्यात् ॥ शरीरार्द्धशूलंत्वचाहीनशेफोगमिष्येत्सरोगीयमस्यालयंवै ७५ गदीजिह्वयायोरसंवेत्तिनैवश्रुतिभ्यांनशब्दंननेत्रेणरूपं ॥ त्वचास्पर्शमुग्रंनसानैवगंधंसरोगीनजीवेत्सहस्रैरुपायैः ७६ ॥

जिसके नेत्रोंसे आंशूका गिरना शून्यदेह मुख नाकसे लोहूका गिरना मुंह जिसका लाल गलेमें कर्णमूल रोगहो वह रोगी कदाचित् यत्नों से न जीवे ७४ कृश तो मोटा और मोटा कृश और नेत्रोंके गोल फटेसे मालूमहों स्वभाव पलट जावे आधे शरीर में शूल चलै त्वचाहीन लिंगेन्द्री हो वह रोगी यमराजके घर जायगा ७५ जिस रोगीको जीभसे स्वाद न मालूमहो और कानों से शब्द न सुने और नेत्रोंसेजिसे दीखैनहीं त्वचा में स्पर्श न मालूमहो नाकसे गंध न मालूमहो ऐसा रोगी हजार उपाय करने परभी नहीं बचैगा ७६ ॥

भवेद्यस्यबाह्यांतरेशीतगात्रंनजीवेद्गदीचंडरश्मेसुताभ्यां॥ प्रलापंशिरश्चालनंयःकरोति सुषेणादिवैद्यैरसाध्योनिरुक्त ७७ गतायुर्मनुष्योनपश्येत्स्वजिह्वांध्रुवंनासिकाग्रंवशिष्ठस्यभार्याम् ॥ स्वकीयांचछायांविशीर्णां सरंध्रांभृशंयातिनाशंनरो योनुपश्येत् ७८ स्वरोयस्यहीनोगुदायस्यभ्रष्टाशरीरेकृशत्वंबलोजोविहीनः निमग्नेक्षणीसंभ्रमः श्वासकाशोसरोगी यमस्यालयेयातिशीघ्रम् ७९ ॥

जिसका बाहर भीतर शीतल शरीर हो वह रोगी चंडरश्मि जो सूर्य्य

(दाहरोगनिदानम्) देहेशोणितमुच्छ्रितंप्रकुरुतेदाहंमहादारुणंचांगंयद्भजतेतदेवदहतेबाह्यत्वचंचांतरैः ॥ मांसंशोणितनाडिकास्थिनिचयान्श्लेष्मंवसंमज्जिकां सर्वांगेषुगतंदहत्यवयवंसर्वैरुषाहर्निशम् १ (धातुक्षीणदाहकालक्षण) क्षीणेधातावुत्थितोघोरदाहोमूर्च्छांकुर्यान्मर्मघातंज्वरार्त्तिम् ॥ तृष्णाशोषंक्षीणशब्दंकृशत्वंवैद्यैरुक्तोसौनरःकष्टसाध्यः २ मर्यादादधिकंरक्तंदेहसंस्थितमामयं ॥ लोहगंधंदहत्यंगंपित्तवातस्यभैषजम् ३ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्मवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेदाहलक्षणंसम्पूर्णम् ॥

जिस मनुष्यके देहमें रुधिर बढ़ताहै उसके महादाहका रोग पैदाकरताहै जिस अंगमें रुधिर प्राप्तहो उस अंगको दाहन करै और भीतर दाहके होने से बाहरकी त्वचामे दाहहो और मास रुधिर नाडी हड्डी इनके समूहको तथा कफ और वसाको मज्जाको दहनकरे सर्वांगमें प्राप्तदाह तब अंगके अवयवों को क्रोध करके निरंतर दहनकरै १ जिस मनुष्यकी धातु क्षीणहो उसके घोर दाह रोग पैदाहो उसके ये लक्षणहैं मूर्च्छाहो मर्म मर्ममें पीडाहो ज्वरहो प्यास शोष मंदशब्द हो और कृशदेहहो वो रोगीवैद्योंने कष्टसाध्य कहाहै २ मर्य्यादासे अधिक रक्त देहमें बढ़ताहै तब दाहरोग होताहै और जब रुधिर निकले तब लोहकीसी वासआवे सबदेहमे दाहहो उस में वातपित्तकी दवाई करना चाहिये ३ ॥ इति हंसराजार्थबोधिन्यांदाहरोग लक्षणंसमाप्तम् ॥

(मदात्ययरोगकालक्षण) दोषाविपर्ययेसर्वेसुधायाश्चापियेगुणाः॥ तेमद्येपरितिष्ठंतियुक्त्यायुक्त्यापिवेन्नरः १ अयुक्त्यायःपिबे

न्मद्यन्तरयरोगोभवेद्दृशम् ॥ तस्माद्युक्त्यापिबेन्मद्यंसौख्यायामृतवन्मुहुः२ (अयुक्तिमद्यपानेदूषणं) सूर्याग्नितप्तेनबुभुक्षितेनरोगान्वितेनापिपिपासितेन ॥ श्रमान्वितेनाध्वपरिश्रमेणवेगावरोधेनभयान्वितेन ३ ॥

विषके सर्वदोष और अमृत के सर्वगुण मद्यमें रहतेहैं युक्तिसे औ. अयुक्तिसे पीवे तो गुण और अवगुण करताहै १ उसीको दिखाते हैं जो मनुष्य बेतरकीबसे मद्य पीताहै उसके बराबर रोगपैदाहोता है इसीसे मद्यपान विधिपूर्वक करना चाहिये क्योंकि विधिपूर्वक पियाहुआमद्य अमृतकेगुणों को करताहै २ सूर्य्यके घामसे या अग्निसे तपाहुआ भूखसे व्याकुल रोगी प्यासा श्रमसे थका रास्तेके चलनेसे चौदहवेगोंके रोकनेसे व्याकुल भययुक्त ३ ॥

क्षीणेनशोकाभिभवेनचैवकोपाभिभूतेनचानिर्बलेन ॥ अत्यम्लभक्ष्येणचमेवितंबहुकरोतिमद्यंविविधान्विकारान् ४ लज्जाबुद्धिविनाशनंविकलतांछर्दिंगुरुत्वंतनौ पांडुत्वंकृशतांमुखेविरसतांनिद्रांविमूर्च्छांतृषां॥ हृल्लासंनमकंवमिंशिथिलतांगुह्यप्रकाशंतमःकार्य्याकार्यविमूढतांप्रकुरुतेमद्यञ्चदोषाकरं ५ मद्ये संत्यमृतोपमागुणगणायुक्त्याप्रपीतेनिशक्षुद्बोधस्मृतिपुष्टितुष्टिरुचयोनीरोगताकांतयः ॥ आनंदांकुरकोटयोमधुरतास्त्रीपुत्रहर्षोत्सवावीर्यौजोबलधैर्यशौर्यमतयःसौजन्यसौख्यादयः ६ ॥

क्षीणमनुष्य शोकयुक्त कोपयुक्त निर्बलता अत्यंतखटाई खाईहो और बहुत मद्यपियाहो ऐसे मनुष्यों के मद्य अनेक विकार करता है ४ लज्जा बुद्धिको दूरकरता है बेकली रद्द देहभारी पीलिया शरीरकृश मुखमें सवाद नहो निद्रा मूर्च्छा प्यास सूखी उलटी तमक वमन शिथिलता छिपीबातको कहना अंधेराआना कार्य अकार्यको न जानना दोषोंकी खानि ऐसी अयुक्तिसे पियाहुआ मद्य करता है ५ अथमद्यपानगुणम् ॥ युक्तिसे मद्यपानकिया अमृतके समानगुण करताहै क्षुधाको बढावे स्मृति पुष्टता तुष्टता रुचिनीरोगता कांति आनंदके अनेकअंकुरपैदाकरै मधुरतास्त्रियोंमें रुचि उत्सव वीर्य ओजबल धीर्यता शूरतामतिसुजनता सुखादिइत्यादिकोंकोपैदाकरताहै ६॥

मद्येनबुद्धिःप्रथमेनमोदःस्त्रीपुप्रहर्षोबहुभोजनेच्छा ॥ वादित्र गीतेपुरुचिःसुखंचनिद्रारतिःस्यान्मनसोत्सवंच ७ मद्येद्वितीयेपु रुषःप्रमत्तःस्यान्नष्टबुद्धिर्विगतात्मचेष्टः ॥ घूर्णाननोहर्षयुतोति निद्रोदुर्वाक्यशीलोबहुलीलयायुक् ८ तृतीयेमदेनष्टदृष्टिर्मनुष्यो वदेत्सर्वंगुह्यानिगच्छेदगम्याम् गुरुंनैवपश्येदभक्षेत्समंताद्विल ज्जःस्वतंत्रोभवेद्भग्नशीलः ९ ॥

प्रथम पियाहुआ मद्य बुद्धिको बढ़ावै मोदको स्त्रीगमन में रुचि पैदा करै बहुत भोजनकी इच्छा बाजे और गीत सुनने में इच्छा सुखनींद मनका एकाग्रलगना मनमें उत्साह ये गुणकरता है ७ दूसरी दफे मद्य पियाहुआ आदमीको मस्तकरदेताहै बुद्धिनष्टकरदे चेष्टारहित करदे तिरछी दृष्टि हर्षयुक्त अतिनिद्रा खोटाबोलै अनेक लीलाकरै ८ तीसरीदफे पिया मद्य मदसे नष्टदृष्टी करदे और सब छिपीबात को कहै और मा बहिन बेटी गुरुकी स्त्रीसे भी खोटाकाम करने की इच्छाहो गुरुकोभी न देखे अभक्ष्य भोजनकरै लज्जात्यागदे अपनी इच्छाकाकाम करै मारधाइकरै९॥

चतुर्थेमदेमृत्युतुल्योमनुष्योभवेज्ज्ञानहीनः स्वकार्येविका र्ये ॥ क्रियाचारशौचादिहीनोविमूढः परंस्वंनजानातिमत्तोविल ज्जः १० ॥ (पित्तकेमदात्ययकेलक्षण) पार्श्वशूलाशिरःकंपश्वा सहिक्काप्रजागरैः ॥ मुखशोषेणपित्तस्यतमवेहिमदात्ययम् ११ ॥ (कफकेमदात्ययकेलक्षण) तंद्राहल्लासस्तैमित्यछर्द्यरोचकगौ रवैः ॥ शीतलाङ्गस्यतंविद्यात्कफप्रायंमदात्ययम् १२ ॥

चौथीबार पियाहुआ मद्य मुरदेके समानकरदे ज्ञानरहित करदे अपने पराये कामको न समझे क्रिया आचार शौच इनकरके रहित करदे मूढ़ करदे अपना पराया न जाने और मस्त लज्जारहित होजावे १० पसवाड़ोंमें शूलहो शिरकांपे श्वासहिचकी जागना मुखकासूखना ये पित्तके मदात्ययके लक्षणहैं ११ तंद्रा सूखीरद्द गीलेकपड़े से पोंछासादेह वमन अरुचि देह भारी और शीतल अंगहो उसको कफका मदात्ययकहते हैं १२ ॥

अंगमर्दतृषाशूलरूक्ष्यगात्रविवर्णता॥ हिक्काभ्रमैश्चतंविद्यात्

वातप्रायंमदात्ययम् १३ (त्रिदोषकेमदात्ययकालक्षण) सोपद्र वैःसर्वलिंगैस्त्रिदोषोत्थैर्मदात्ययम्॥ त्रिदोषजनितोज्ञेयःसाध्योयं चभिषग्वरैः १४ चिह्नंचतत्परमदस्यवदंतिवैद्याश्छिक्कातृषांगगु रुताबहुपर्वभेदः ॥ विण्मूत्रशक्तिररुचिर्विरसास्यताचश्लेष्मो ज्वरस्तुकृशतारुजताकपाले १५ ॥

अंगोंका टूटना प्यास शूल रूखा शरीर तथा विवर्णदेहका हिचकी भ्रम ये लक्षण बातके मदात्ययकेहैं १३ जो उपद्रवके साथहो और तीनों दोषों के लक्षणमिलतेहों उसको सन्निपातका मदात्यय जानना १४ और भी सन्निपात मदात्ययके चिह्न कहतेहैं जिसमें छींक प्यास शरीरभारी संधि में पीडा विष्ठा मूत्रका निकलजाना अरुचि मुखसे स्वाद जातारहै कफ और ज्वर तथा मस्तकमें पीडाहो १५ ॥

(मद्यपानोत्थअजीर्णकेलक्षण) अजीर्णिमद्यपानोत्थंकुर्याद्दाह मचेतसम्॥ तृष्णामाध्मानमुद्गारंसंधिभेदःशिरोरुजम्१६(मद्य पानोत्थभ्रमकेलक्षण) भ्रमोमद्यपानोत्थितःकंठधूमं कफंदाहमुग्रं ज्वरंश्यामजिह्वम् ॥ प्रशोषंपिपासांवमिंपार्श्वशूलंगरिष्ठोदरंनील मोष्ठं प्रकुर्य्यात् १७ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृते वैद्यशास्त्रेमदात्ययपरमदअजीर्णविभ्रमाणांलक्षणानि ॥

मद्यपीनेसे हुआ अजीर्ण वो ये लक्षण करताहै होश न रहै ऐसादाहको करै प्यास और पेटकाफूलना तथा डकारका आना संधि संधिमें पीडा मस्तकमें दर्द१६ मद्यके पीनेसे हुआ जो भ्रम वो ये लक्षणकोकरै कंठसे धुंयेंका निकलना कफनिकलना दाहहो ज्वर जीभ काली पडजाय मुख शोष प्यास वमन पसवाडोंमें दर्द या शूल उदरमें भारीपना ओठनीले१७॥ इति हंसराजार्थबोधिन्यांमदात्ययरोगस्तमाप्तः ॥

(अथोन्मादलक्षणानि) विक्षिप्ततामनोवृत्तिर्दोषैर्वातादिभिर्भवे त्॥समस्तैर्वासमस्तैर्वासोन्मादःकथितोबुधैः १ वार्त्तायाविस्मृति र्येनगानेगीतस्यविस्मृतिः॥ शौचाशौचमजानातिसोन्मादः कथि तोबुधैः२(उन्मादरोगकेलक्षण) उन्मादहेतुर्द्विजदेवतानांसंन्या

सिनांसाधुपतिव्रतानाम्॥आधर्षणंकुत्सितमंत्रसाधनं दुष्टाशुचीनांमशनंचपानम् ३ ॥

उसको पण्डितोंने उन्माद रोग कहाहै जिसमें समस्त वा न्यून वातादि दोषोंकरके मनकी वृत्तिमें विक्षिप्तता अर्थात् बावलापना पायाजाय १ बात करनेकी विस्मृति और गानेमें गीतकी विस्मृति जिस करके हो और शौच भ्रष्टताको जो न जाने उसको पंडितोंने उन्मादरोग कहाहै २ ये उन्मादरोग होनेके कारणहैं ब्राह्मण देवता संन्यासी साधु पतिव्रता स्त्री इनको दुःख देनेसे और खोटेमंत्रके साधनसे अपवित्र और दुष्टपदार्थ के भोजनसे वा पीने से ३ ॥

(वातोन्मादकेलक्षण) वातोन्मादगृहीतःक्वचिदपिहसतेरोदतेक्वापिकालेरूक्षांगःशून्यचित्तःपरिवदतिवचोनिष्ठुरंह्यर्थहीनम्॥ शीघ्रोत्साहंविधत्तेस्मितचलनयनोगीतनृत्यंकरोति स्वांगानांक्षेपणंवाविकलकृशतनुःक्षीणधातुर्मनुष्यः ४(पित्तउन्मादकेलक्षण) पित्तोन्मादेनयुक्तः सततजलरुचिर्भोजनेदत्तदृष्टीरक्ताक्षस्तब्धनेत्रोभ्रमविकलतनुःशुष्ककंठौष्ठतालुः ॥ शीतेच्छामर्मदाहःपरिवदतिवचोरौत्यमर्षंविधत्ते भक्ष्याभक्ष्यंपरेषांपरिहरतिहठाद्वाग्विवादंकरोति ५ (कफउन्मादकेलक्षण) कफोन्मादेचिह्नंभवतिकृशताछर्द्यरुचयःकफोद्रेकःकंठेमनसिजडतांगेविकलता ॥ गतोजोमूकत्वंश्रुतिवधिरता देहगुरुतावमिर्निद्रालालोरसिकृमिशतंवाक्लिथिलता ६ ॥

वातउन्मादयुक्त मनुष्य के ये लक्षण होतेहैं कभीहँसे कभी रोवै रूखा शरीर होजाय शून्यचित्त दुष्टवचन बोलै व्यर्थबोलै कभी उत्साह युक्तहो कभीस्मितयुक्त चंचलनेत्र कभी गीतगावै कभी नाचनेलगै कभी अंगोंको चलाने लगै विकलहो शरीरकृश क्षीणधातु ४ जलपीने और भोजनकी इच्छाहो लाल तिरछे नेत्रहों भ्रम और देह में बेकलीहो कंठ तालु ओठ इनका सूखना शीतल वस्तुकी इच्छा मर्म मर्म में दाह बुराबोलै रोवै क्रोधयुक्तहो पराया भोजन भक्ष्य अभक्ष्यको हठसे लूटले वादकरने लगै येलक्षणपित्तोन्मादयुक्त केहैं ५ देह कृश वमन अरुचि कफकाबढ़ना कंठ में मनमें जड़ता देह विकल गति और ताक़त इनका बंद होना गूंगापना

बहिरापना देहभारी रद्दहोना निद्रा और लारका गिरना पेटमें कृमि पड जायें वाणी शिथिल ये कफके उन्माद के लक्षणहैं ६ ॥

(संनिपातकेउन्मादकेलक्षण) उन्मादेनत्रिभिर्दोषैर्जातेनग्रसितोनरः ॥ सोपद्रवैरसाध्योयंकथितोभिषजांवरैः ७ (औरभी कारणलिखते हैं) चौरैर्नृपेन्द्रैररिभिस्तथान्यैःसंत्रासितःक्षीणधनोभिघातः ॥ शोकाभितप्तोमुनिभिःप्रशप्तःसंजायतेतस्यमनोविकारः ८ ॥ इति श्रीहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेउन्मादलक्षणम् ॥

त्रिदोष उन्मादकरके ग्रसागया जो मनुष्य और उपद्रवयुक्तहो वो रोगी असाध्यहै ऐसे श्रेष्ठ वैद्योंने कहाहै ७ चोरोंने राजाने वैरियोंने और किसी ने इस मनुष्यको त्रास दिखायाहो और जिसका धन नष्टहोगयाहो चोट लगीहो शोकयुक्तहो ऋषिमुनिकरके शाप दियागयाहो ऐसे मनुष्यके मन विकार अर्थात् उन्मादरोग होताहै ८ इति हंसराजार्थबोधिन्यामुन्माद रोगस्समाप्तिमगमत् ॥

(अथ भूतोन्मादलक्षण) ब्रह्मण्योगुरुदेवपूजनरतोदाताप्रव्यक्ताक्षरः संतुष्टोमितभुक्सुगंधिवनितापीतिर्विनिद्रोऽनिशम् ॥ तेजस्वीबलवाञ्छुचिर्नयपरोभिज्ञोतिहर्षान्वितो देवोन्मादयुतो नरःसभवतिब्रह्मात्मकोब्रह्मवित् १ (दैत्यलगेहुये मनुष्य के लक्षण) देवब्राह्मणसाधुवैष्णवगवांस्त्रीणांचसंन्यासिनां विद्वेषी भयदोतिनिष्ठुरवचोतुष्टोन्नपानादिषु ॥ दुष्टात्मापरमर्मभिद्रतमयः क्रोधीचमानीनरः स्तब्धोगर्वसमन्वितोदनुजयुक्क्रूरोसहिष्णुर्बली २ (गंधर्वलगाहोउसकेलक्षण) संचारीविपिनेनदीपुलिनयोरम्यस्थलेपर्वते हृष्टात्मारुणकंजचारुनयनो वादित्रगीतप्रियः ॥ तुष्टोनीतिपरायणोतिचतुरोवाग्मीसुगंधान्वितो गंधर्वग्रहपीडितःसुवचनःस्वाचारभुग्मानवः ३ ॥

जो ब्राह्मण गुरु देव इनका पूजन कराकरे दाताहो शुद्धबोले संतुष्टहो थोडाखानेवाला सुगन्धी और स्त्रीमें प्रीतिहो रातदिन निद्रा न आवे तेजस्वीहो बलवान्हो पवित्ररहै नीतिका जाननेवालाहो सर्व बातोंको जाने हर्षयुक्तहो ब्रह्मका जाननेवाला ब्रह्मात्मक ऐसा मनुष्य देवताका उ-

न्मादवाला जानना १ जो मनुष्य देव ब्राह्मण साधु वैष्णव गो स्त्री संन्यासी इनसे वैरकरै इनको भयदे तथा खोटाबोलै अन्नजलसे जो तुष्ट न हो दुष्ट हो पराये मर्मका छेदनेवालाहो निडरहो क्रोधीहो मानीहो स्तब्धहो गर्व युक्तहो क्रूरहो सहनशील तथा बलीहो ऐसे मनुष्यको दैत्यकी बाधाजाने २ जो मनुष्य वन नदी पुलिन रमणीकस्थल पर्वत इनमें विचरनेवालाहो प्रसन्नचित्त लालकमलकेसे नेत्रहों बाजा और गीत जिसको प्यारालगे तुष्टहो नीतियुक्तहो अतिचतुरहो शुभ बोलनेवालाहो सुगन्धयुक्तदेहहो वाग्मी अपने वित्तमाफिकभोजनकरे ऐसेमनुष्यको गंधर्वकी बाधाजाननी ३॥

(यक्षग्रस्तकेलक्षण) गंभीरोस्यवचोऽरुणाम्बरधरोधीरोतिशूरोमहान् भोमर्त्याःप्रवदन्तुमेझटितिकिंदास्यामिकस्मैवरम् ॥ योयक्षग्रहपीडितोवदतिनानान्योरुणाक्षोनिशं तेजस्वीबलवान् वरोद्रुतगतिर्वाग्मीसहिष्णुर्भृशम् ४ (महासर्पआदियुक्तउन्माद केलक्षण)क्रोधात्माभुजगग्रहेणपरितोग्रस्तोहियोमानवो रक्ताक्षो रुधिरप्रियोतिबलवान्प्रेप्सुःपयःपायसे ॥ शौचाचारबहिर्मुखो विलिहितोऽसृक्सृक्कणीजिह्वया शून्यागाररतःक्वचित्प्रसरतेसर्प्पे वहिंसाप्रियः ५ (पित्रीश्वरोंकेदोषकालक्षण) दध्योदनेपायसश कैरासु मध्वाज्यमांसेषुचरक्तवस्त्रे ॥ सुगन्धपुष्पेष्वतिशीतलोदे पितृग्रहग्रस्तनरोभिलाषी ६ ॥

जो मनुष्य गंभीर और अल्पवाणीका बोलनेवालाहो लालकपड़े पहिने धीर अतिशूरहो और जो कहे कि हे मनुष्यो ! मुझसे वरमांगो क्यादूं और लाल नेत्रहों तेजस्वीहो बलवान्हो जल्दी चलनेवालाहो श्रेष्ठ बोलनेवाला सहनशील ऐसामनुष्य यक्षकी बाधायुक्त जानना ४ क्रोधीहो और रुधिर प्यारालगे बलीहो दूध और खीरके भोजनकी इच्छाहो शौच और आचार रहितहो बिले सरीखा घर प्यारालगे लालनेत्रहों जीभ से ओठों के रुधिर लगेको चाटे शून्यघर में रहाकरै कभी पसरजाय सांप कीसीतरह हिंसा करना प्यारालगे ऐसे मनुष्यको भुजंग अर्थात् महासर्प की बाधा समझनी चाहिये ५ दही भात खीर बरा शहद घी मांस लालवस्त्र सुगन्ध पुष्प शीतलजल ये पदार्थ जिसको प्यारेहों उसमनुष्यको पित्रीश्वरों की बाधा जाननी ६ ॥

(राक्षसलगेहुयेमनुष्यकेलक्षण) सुरामांसरक्तेषुलिप्सुर्विल ज्जोमहाक्रोधयुक्तोतिशूरोसहिष्णुः॥ बलीनिष्ठुरः क्रूरकर्माविरू पोग्रहीतोनिशाचारिभिर्योमनुष्यः ७ (प्रेतग्रस्तकेलक्षण) भ्रम तिरुदितिनित्यंगह्वरारण्यसेवी विलपतिकिलमूर्च्छामेतिकंपंविध त्ते॥ हसतिलिखतिभूमिंभक्ष्यपानैरतृप्तो वदतिविकलवाणींप्रेत ग्रस्तोमनुष्यः ८ बालभीरुस्त्रियादेहेप्रविशंतिसुरादयः॥ शीता दयोयथाकायेमन्यंतेप्रतिबिम्बवत् ९॥

मद्य मांस रुधिर इनकी इच्छाहो लज्जारहित महाक्रोधी शूर सहि- ष्णु बली निष्ठुर क्रूरकर्म का करनेवाला विरूप ऐसा मनुष्य राक्षसग्रस्त जानना ७ डोलाकरै निरथरोपाकरै पर्वत वनमें रहाकरै विलापकरै कभी मूर्च्छासे गिरपडे कांपै हँसै धरतीको लिखे भोजन और पीनेसे तृप्त न हो विकलवाणीबोले ऐसा मनुष्य प्रेतग्रस्त जानना ८ बालक डरपोंके स्त्री इनके देहमें देवताआदि प्रवेश करते हैं जैसे शीत घाम देहमें लगे तिसी तरह प्रतिबिम्ब उनका मालूम होताहै ९॥

विशन्तिदेहेमनुजस्यसर्वतोग्रहादयःकैरपिदृश्यतेनते॥ कुर्वंति पीडांमहतींसुदुस्सहांगच्छन्तिशांत्याबलिमंत्रकादिभिः १० वि शन्तिनरदेहेषुपूर्णमास्यामरग्रहाः॥ संध्ययोर्दानवादैत्यागन्धर्वा चाष्टमीद्वयोः ११ पितरःकृष्णपक्षेचयक्षायेप्रतिपत्तिथौ॥ पञ्च म्यामुरगारात्रौगन्धर्वाराक्षसादयः १२ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तो त्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेभूतोन्मादलक्षणंसंपूर्णम्॥

ग्रहादि संपूर्ण मनुष्यके देहमें प्रवेशकरते किसीको नहीं दीखे और दुस्सह तथा भारी पीडाको करते हैं वो सर्वशांति और बलिदान तथा मन्त्रजाप से शान्ति होते हैं १० देवता ग्रह मनुष्यके देहमें पूर्णमासीको प्रवेश करते हैं और असुर दानव पूर्णमासी और अमावास्या इनकी स- न्धिमें प्रवेश करते हैं और गन्धर्व दोनों शुक्ल व कृष्णपक्षकी अष्टमी में प्रवेश करते हैं ११ पितर कृष्णपक्षमें और यक्ष पडवामें सूर्य पंचमी में रात्रिमें राक्षसादिक चतुर्दशी में पिशाच ये प्रवेश करते हैं १२ इति श्री- हंसराजार्थबोधिन्याभूतोन्मादलक्षणंसम्पूर्णम्॥

(वातअपस्मारोगकेलक्षण)मासेपक्षेदशाहेप्रकुपितमरुतामं भवोघोररूपोरोगोपस्मारसंज्ञःसपदिमकुरुतेपातयित्वानरांगम्॥ श्वासंकासंचमूर्च्छांकरचरणशिरःक्षेपणंशून्यदेहं दोषोद्रेकंविसंज्ञांकफचयवमनंस्वेदशोषांगपीडाः१(पित्तकीमृगीरोगकेलक्षण) पित्तापस्माररोगीपततिभुविनभःपीतरक्तंचदृष्ट्वाफेनंपीतंकफस्य प्रवमतिमुखतःपीतनेत्रास्यकायः॥ उत्तप्ताक्षोविसंज्ञःक्षिपतिकर पदःकंपतेसप्रसेकः संरंभश्वासमूर्च्छाभ्रमतिबहुतरंशुष्कहृत्कंठ तालुः २(कफकीमृगीरोगकेलक्षण) श्लेष्मापस्माररोगीवितर तिबहुशोहस्तपादप्रकंपं संरंभाद्दर्शयित्वासपदिसितनभःपात यित्वामनुष्यम्॥शीतांगंशुक्लनेत्रंसितकफनिचयं वक्त्रदेशोद्गिरं तंरोमांचश्वासशीतंजडनरहृदयंगौरवांगंस्फुरन्तम् ३॥

मासमें पक्षमें दशदिनमें कुपितहुआ जो वात सो अपस्मारनाम मिरगीरोगको पैदाकर ये लक्षणों को करताहै मनुष्यको पृथ्वीपर गेरदेता है और श्वास खासी मूर्च्छा तथा हाथ पैरोंको इधर उधर पटकना तथा शिरको पटकना शून्यदेह दोषोंको बढ़ावे बेहोशी कफकी उलटी करे पसीने शोष अङ्गों में पीडा १ पित्तकी मृगीवाला रोगी धरती में गिरपडे और आकाशको लाल पीला देखै और मुखसे पीले झाग कफके गेरे पीलेनेत्र पीलाहीदेह होजाय नेत्र तप्त होजायँ बेहोशी हो हाथ पैर पटके कांपे पसीने हो श्वासका बढ़ना मूर्च्छा बहुत डोलै तालू कण्ठ हृदय सूखै ये पित्तकी मृगी रोगवाला करै २ कफकी मृगीरोगवाला मनुष्य ये लक्षणों को करै हाथ पैरको कँपावै जल्दी से श्वेत आकाशको देख पृथ्वीपर गिर पडै देह शीतल होजावे नेत्र सफेद श्वेत कफको मुखसे गेरे रोमांचहो श्यामहो शरदीलगे हृदय जकडजावे शरीरभारी तथा देहफडके ३॥

(सन्निपातकीमृगीरोगकेलक्षण) वातपित्तकफैर्युक्तश्चिह्नैःसर्वैः समन्वितः॥ अपस्मारःप्रकुरुतेपंचत्वंरोगिणोनिशम् ४ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेऽपस्मारलक्षणम्

वादी कफ पित्त तीनोंदोषों के चिह्नोंकरकेयुक्त जो मृगीरोगवाला सो मरजावे ४ इति हंसराजार्थबोधिन्यामपस्माररोगनिदानंसमाप्तम्॥

(वातव्याधिरोगकेलक्षण) व्यायामेनक्षुधातृषातिकटुकक्षारा म्लरूक्षाशनैःशोकव्याधिविकर्षणातिगमनैरत्यम्बुपानादिकैः॥ [illegible] वातःसंकुपितःक [illegible] ांसिसर्वाणिशरीर जानिरिक्तानिधातुप्रवहानितानि॥ प्रपूरयेत्वातिरुषाशरीरेमर्मा णिसंतोदतिचंडवातः २ हृत्पार्श्वोदरवस्तिहस्तचरणग्रीवाशिरः कूजनंनासाकर्णमुखाक्षिदंतरसनागुल्मांत्रसंपीडनम्॥ कुब्ज त्वंबधिरंकृशत्वमरतिंखांज्यंशिरःकंपनं चार्द्धांगेजडतांकरोतिकु पितोवातोमहादारुणः ३॥

दण्ड कसरत के करनेसे क्षुधा तृषा के रोंकनेसे अतिकडुआ खारा खट्टा रूखा ऐसेपदार्थ के खानेसे शोचसे देहमें रोगके होनेसे बहुत चलनेसे बहुत जलपीनेसे धातुकेक्षयहोनेसे घातसे गिरपडनेसे स्त्रीके बहुतसङ्गकरनेसे वातकुपितहो मनुष्योंको महादारुण अनेकवात के रोग पैदाकरै १ जितनी शरीरमें धातुकी वहनेवाली नाडी तिनको वात शुष्ककरदे औ रोपको प्राप्तहुई जो वात सो सर्वनसों में प्रवेशकर प्रचण्डवात मर्म मर्म में पीडा करती है २ हृदय पसवाडा पेट वस्ती हाथ पैर नाड शिर इनका गूंजना नाक कान मुख नेत्र दांत जीभ टकना आंत इनमें पीडाहो कुबडा होजाय बहिरा तथा लटजावे मनका न लगना खञ्जापना शिरका हिलना अर्द्धाङ्गवायुहोजायतथाबादीसेजकडजाययेलक्षणकुपितमहावातकरतीहै३

सर्वांगेषुगतोमरुद्गुरुतरंशूलंकरोतिद्रुतं भेदंसंधिषुकंपनंकरप दामस्थ्नांचसंस्फोटनम्॥ सर्वांगस्फुरणंविनिद्रमनिशंशोफंशरी रेभ्रमंचाध्मानंकटिपीडनंहृदिरुजंविण्मूत्रयोस्स्तंभनम् ४ वातः कुर्यात्कोपितोदंतबंधंजिह्वास्तंभंकर्णयोर्गुंजशब्दम्॥ नाडीस्त ब्धंरक्तवीर्यादिशोषंह्यस्थिस्फोटंदेहसंकोचवृद्धिः ५ जृम्भोद्गारंच हिक्कांवितरतिपवनःपीतवर्णंशरीरं हृल्लासंश्वासकासंमनसिवि कलतांछर्द्यतीसारगुल्मम्॥ अंतर्दाहंविसंज्ञांकृशतनुमरतिंकाम लांपांडुरोगंह्युद्वेगंसंधिभेदंव्यथयतिसततंसर्वकायेमनुष्यम् ६॥

सर्वअङ्गों में प्राप्तहुई जो वात सो ये लक्षणोंकोप्रकटकरै प्रबलशूल संधीनि

मेंपीड़ा हाथपैरोंका कांपना हड्डी हड्डीका फूटना सबशरीरका फड़कना नींदका न आना सूजन तथा भ्रम पेटका फूलना कमरमेंपीड़ा हृदयमें दुःख विष्ठामूत्रका रुकजाना ४ कुपित वात दन्तबन्ध जीभकास्तम्भन कानों में गुञ्जारशब्द नाड़ियोंका स्तम्भ रुधिर और वीर्य का सूखना हड्डीहड्डीमेंपीड़ा देहका घटना बढ़ना ये लक्षण करतीहै ५ जम्भाई,डकार हिचकी पीलिया सूखी रह श्वास खांसी मनमें बेकली उलटी अतीसार गोला भीतरी दाह बेहोशी शरीरकृश मनका न लगना कामला शरीरका रंग पीला उद्वेग सन्धिनमेंपीड़ा सबशरीरमें व्यथा ये लक्षण सर्वांगकी पवन करती है ६ ॥

करोतिकोपितोनिलोहलीमकंचगृद्रसीं ॥ विसूचिकांविलम्बिकांप्रलापमंगपीडनम् ७ (त्वचामेंप्राप्तवातकालक्षण) त्वग्गतः पवनःकुर्य्याद्रूक्षत्वंत्वचिकृष्णताम् ॥ कार्कश्यंशून्यतांकार्श्यंवैवर्ण्यंस्फुटितारुजम् ८ (रुधिरमेंप्राप्तवातकालक्षण) वातोरक्तगतःकुर्य्यात्काश्यंरुधिरशोषणम् ॥ तीव्रतापंव्रणंगुल्मंखर्ज्जुदद्रुविचर्चिकाम् ९ ॥

कुपितहुई जो वात सो मनुष्यकी देहमें हलीमक गृद्रसी विसूचिका विलम्बिका प्रलाप अंगोंमें पीड़ाकरतीहै ७ त्वचामें प्राप्त पवन शरीररूखा तथा कालावर्ण को करे कर्कशस्वभाव तथा देहमें शून्यता और कृशपना विवर्ण तथा देह को फटना ये लक्षण करती है ८ रुधिरसे प्राप्तवादी शरीर कृशकरे रुधिरमात्र को सुखाय देय तीव्रज्वरकरे फोड़ा और गोलान को पैदाकरै खुजली दाद खाज को करती है ९ ॥

(मांसमेदागतवायुकेलक्षण) मांसमेदगतोवातोगुर्वंगंकुरुतेश्रमम् ॥ स्तब्धांगमरुचिंतापमरतिंरक्तशोषणम् १० (मज्जास्थिगतवातकेलक्षण) वातोमज्जास्थिगःकुर्याद्भेदःपर्वास्थिसंधिषु ॥ वलमांसक्षयंशूलंविनिद्रंवीर्यनाशनम् ११ (शुक्रगतवातकेलक्षण) शुक्रस्थःपवनःकुर्यादरुचिंत्रिषुपीडनम् ॥ वीर्यशोषंमनस्तापंवलकांतिसुखक्षयम् ॥ १२ ॥

मांसमेदामें प्राप्त वात देह को भारीकरै अनायास श्रम को करै शरीर जकड़जाय अरुचि ताप मनका न लगना रुधिरका सूखना १० मज्जा और हड्डीमें प्राप्तहुई जो वात सो गांठोंमें पीड़ा हड्डी और संधिनमें पीड़ा

मांस और बलका क्षयहोना शूल और नींदकानाश तथा वीर्यका नाश ये लक्षणोंको करै ११ शुक्रमें प्राप्तहुई वात सो अरुचि मन वाणी देह इनमें पीडा वीर्यकाशोष मनमें ताप बल कान्ति सुखकोनाश ये लक्षणोंकोकरै१२

(नाड़ीगतवातकेलक्षण) वातःशिरागतःकुर्यात्कुब्जखांज्यं महारुजम्॥ शिरासंकोचस्तब्धत्वंबधिरंवमनंकृशम् १३ (कोष्ठगतवातकेलक्षण) कोष्ठस्थानगतोवातःकुरुतेमूत्रबन्धनम्॥ शूलाध्मानमुदावर्त्तंगुल्माशांसिभगन्दरम् १४ (सर्व्वांगगतवातकेलक्षण) सर्वांगस्थोपिकुपितः पवनोविविधान्रुजान्॥ कुरुते वर्द्धतेसर्वान्बाह्याभ्यन्तरपीडकान् १५॥

नाड़ीगत वातरोग ये लक्षणोंको करै कुबड़ापना खंजापना नाड़ीनका सुकड़ना तथा जड़ता बहिरापना बौनापना और कृश १३ कोष्ठमें प्राप्त भई जो वात सो मूत्रबन्ध को करै शूल और अफराको करै उदावर्त गोला बवासीर भगन्दर इनको करती है १४ सर्वांग में प्राप्तभई पवन सो तरह तरहके रोगोंको पैदाकरतीहै और सब कुपित बाहरके रोगोंको तथा भीतर के रोगोंको बढ़ाती है १५॥

(सन्धिनमेंस्थितवातकेलक्षण) संधिस्थःपवनःकुर्याच्छोफं शूलंचदारुणम्॥ संधीन्विस्फोटयेत्सद्यःसचकर्षतिवर्द्धति १६ धातवःपंचदेहस्थाहेतवःसुखदुःखयोः॥ स्वस्थानेसुखदाःसर्वेपरस्थानेषुदुःखदाः १७ (पंचवातकेअलगअलगलक्षण) प्राणोवायुर्वसतिहृदयेऽपानसंज्ञोगुदान्ते नाभेश्चक्रेभ्रमतिपरितोजीवभूतःसमानः॥ कण्ठस्थानेचलतिपवनोयोह्निरात्रावुदानः सर्वांगेषुप्रसरतिमरुद्व्यानसंज्ञोनितांतम् १८॥

सन्धियों में प्राप्त वात सूजन और दारुणशूल संधिनमें पीडा और सुखावै तथा बढ़ावै १६ पांच वात देहमें सुख दुःखकी देनेवाली रहती हैं यदि वो अपने स्थानपर रहें तो सुखदायक और दूसरे के स्थानपर जानेसे दुःखदायकहोती हैं १७।१ प्राणवात हृदयमें रहती है २ अपानवायु गुदामें रहती है३जीवभूतसमानवायु नाभीचक्रमें रहतीहै और ४ रातदिनकी बहनेवाली उदानवायु कंठमें रहतीहै और ५ सब देहमें रहनेवाली व्यानवायु है१८॥

(पित्तान्वितप्राणवातकेलक्षण) प्राणःपित्तान्वितःकुर्य्याद्दु ष्माणंचित्तविभ्रमम् ॥ तृष्णांशूलंहृल्लासंहिक्कांछर्दिंचदुस्सहा म् १९ (कफान्वितप्राणवातकेलक्षण) प्राणःकफावृतःकुर्याद्दौर्ब ल्यालस्यसादनम्॥ वैरस्यमरुचितंद्रामुत्क्लेदंदोषसंचयम् २० (पित्तकफयुक्तउदानवातकेलक्षण) उदानःपित्तयुक्कुर्य्यान्मूर्च्छा दाहंभ्रमंक्लमम्॥ कफान्वितोतिमंदाग्निं शीतंहर्षंचकंपनम् २१॥

पित्तसंयुक्त प्राणपवन देहमें गरमीको करै तथा चित्तभ्रम प्यास शूल सूखी रद्द हिचकी वमन ये लक्षणोंको करै १९ कफसंयुक्त प्राण वात ये लक्षण करती है दुर्बलता आलस्यका स्थान विरसता अरुचि तंद्रा उकलाट दोषके समूहको बढ़ाती है २० पित्तकेसाथ मिली जो उदानवायु सो ये लक्षण करै मूर्च्छा दाह भ्रम ग्लानि और जो उदानवायु कफके साथ मिलीहो तो मंदाग्नि शीत हर्ष तथा कंपको करती है २१ ॥

(पित्तकफयुक्तसमानवातकेलक्षण) समानपित्तयुक्तृष्णांमू र्च्छामूष्माणमेवच ॥ कुर्य्यात्कफान्वितोहर्षं विण्मूत्ररोमहर्षण म् २२ (पित्तयुक्तअपानवातकेलक्षण) अपानःपित्तयुक्कुर्य्याद्र क्तातीसारमुल्वणम्॥ ऊष्माणमरतिंदाहमर्शांसिचभगन्दरम् २३ (कफयुक्तअपानवातकेलक्षण) कफयुक्तोयदापानोगुदान्तेकृमि संचयम् ॥ कुरुतेगुरुतांमूत्रमालस्यंबलनाशनम् २४ ॥

समानवायु पित्तके साथ मिलीहुई तृष्णा मूर्च्छा गरमीको करती है इसीतरह कफयुक्त समानवायु हर्ष विष्ठा मूत्रका रुकना रोमांचको करती है २२ अपानवायु पित्तके संयुक्त ये लक्षणकरती है रक्तातीसार गरमी मनका कहीं न लगना दाह बवासीर भगंदर २३ कफयुक्त अपानवायु गुदा में कृमिरोगकरे शरीरभारी बहुत मूत्रकाहोना आलस्य बलकानाश ये लक्षणोंको करै २४ ॥

(पित्तकफयुतव्यानवातकेलक्षण)व्यानःपित्तान्वितःकुर्य्यादंगवि क्षेपणक्लमम्॥दंडकंस्तम्भनंदाहंशोफंशूलंकफान्वितः २५ नाडीय

दासमभ्येत्यकुपितःपवनोबली ॥ देहविक्षेपणंकुर्य्याच्छिरःकंपं करोतिच २६ यदासंकुपितोवातो नानाहेतुभिरूर्ध्वगः ॥ तदासं कुरुतेदोषं हृच्छिरःशंखपीडनम् २७ ॥

व्यानवायु पित्तके साथ मिलीहुई अंगोंका पटकना ग्लानिको करतीहै उपतापस्तंभ दाह सूजन शूल ये व्यानवायु कफसंयुक्त करतीहै २५ बली पवन कुपित नाड़ीनमें प्राप्तहो शरीरका इधर उधर पटकना करती है और शिर कंपको करतीहै २६ जब बादी नाना हेतूनसे कुपित उपजती है तब हृदयमेंमस्तकमें कनपटीमें पीड़ाकरतीहै और अनेकदोषोंकोकरती है २७॥

गत्वोर्ध्वंस्वगृहात्करोतिपवनोदेहंचकोदण्डवत् कण्ठःकूज तिकोकिलेवसततंगात्रंमुहुःक्षेपणम् ॥ स्तब्धत्वंनयनद्वयोर्वितनु तेशोषंमुखेवक्रिमां श्वासंकाससमन्वितंचजठरेशूलंतृषांसंभ्रम म् २८ (पित्तयुक्तवातकेलक्षण) दाहंपित्तान्वितःकुर्य्यात्तृष्णांछ र्दिंशिरोव्यथाम् ॥ हृल्लासंहृदयग्रंथिंहिक्कांकंठहनुग्रहम् २९ (क फयुक्तवातकेलक्षण)कफान्वितोवमिंकुर्य्यात्तंद्रानिद्रांगगौरवम्॥ जाड्यंशैत्यंसरोमांचंक्षवंशोफंचवेपथुम् ३० ॥

अपने स्थानसे ऊपरको चढ़ीहुई वात मनुष्यके देहको धनुषकी तरह बांकाकरदे और कंठकोकिलाकी बतौर बोले तथा शरीर को इधर उधर पटके दोनोंनेत्रों का स्तब्धत्वहो मुखका सूखना तथा मुखटेढ़ा होजाय श्वास खांसीके साथ पेटमें दर्दहो और प्यास तथा भ्रमहो २८ पित्तयुक्त वात दाहकरै प्यास और वमनकोकरै शिरमेंदर्द सूखीरद्द हृदयमें गांठ हिचकीकंठमें हनुग्रह इन रोगोंकोकरै २९ कफयुक्तवात वमन तन्द्रा निद्रा देहभारी जड़ता शीतलगना रोमांच छींक सूजन कंप ये रोगकरती है ३०॥

(कफपित्तयुक्तवातकेलक्षण) कफपित्तान्वितोवायुःपक्षाघातंक टिग्रहम् ॥ कुब्जंखंजंशिरःकंपमंगभंगंप्रपीडनम् ३१ (अधोभा गमेंप्राप्तवातकेलक्षण) गत्वाधःकुपितःकरोतिमरुतोरुस्तंभनं कुण्डलं शूलाध्मानविलम्बिकागुदरवंगुल्मोपदंशंभृशम् ॥ शूका र्शांसिभगंदरंकटिरुजंविण्मूत्रयोस्स्तम्भनम् ॥ जंघोरुगुदशि श्नयोनिवृषणानांपीडनंदण्डकम् ३२ हेतुभिःकुपितोवातोह्यति

कोपोन्यदोषयुक् ॥ महाकोपस्त्रिदोषाभ्यांसवैभवतिरोगदः ३३ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेवातव्याधिलक्षणम् ॥

कफ पित्त मिलीहुई वात पक्षाघात कमरमें दर्द कुबडापना खंजत्व शिरकाहिलना अङ्ग भङ्ग और पीडा करती है ३१ नीचेके भागमें प्राप्तहुई जो पवन सो ऊरुस्तंभ कुंडलरोग शूल अफरा विलंविका गुदामेंशब्द पेटमें गोला उपदंशशूकरोग बवासीर भगन्दरकमरमेंदर्द दस्त पेशावकारुकजाना जंघाऊरू लिंगेन्द्रिय योनि अंडकोश इनमें दर्द तथा दंडकरोग इनकोकरती है ३२ हेतूनसे कुपित वातरोग करती है और दोषके मिलने से अति कोप को प्राप्त होती है और त्रिदोषसे महाकोपको प्राप्त होती है तब बराबर रोग करती है३३इति हंसराजार्थबोधिन्यांवातव्याधिरोगनिदानंसम्पूर्णम्॥

अथ वातरक्तरोगनिदानम् ॥

(तत्रादौवातरक्तरोगोत्पत्तिः) रूक्षोष्णाम्लकषायतीक्ष्णकटुकस्निग्धाशनैर्भूयसः निष्पामांसकुलत्थशाकमधुरक्षारान्नपित्ताशनैः॥तक्राम्लासववारुणीदधिपयःपानैर्निशाजागरैःप्रायःकुप्यति वातरक्तमपरैर्व्यायामशोकादिभिः १विरुद्धदुष्टाशुचिपानभोजनैर्जलावगाहैर्वनितातिसंगमैः ॥ रात्रौदिवाजागरणैःप्रधर्षितोरक्तप्रकोपंकुरुतेमरुत्तदा २ स्रोतांसिरक्तप्रवहानिरुध्वाकरोतिवातोरुधिरंचकृष्णम् ॥ रोषात्तथाशोणितमुच्छलन्तिसमस्तरोगान्वितनोतिनूनम् ३ ॥

रूखा गरम खट्टा कषैला तीखा कडुआ चिकना भोजनकरनेसे निष्पाव तथा मांस कुलथी शाक मीठा खारमिला अन्न पित्तकी करनेवाली वस्तुके खानेसे छांछ आम्र आसव मद्य दही दूध के पीनेसे रातमें जागनेसे दंड कसरतके करनेसे शोचसे वातरक्त कोपको प्राप्त होताहै १ विरुद्धदुष्ट अपवित्र वस्तुके पीनेसे तथा खाने से स्नानसे बहुत स्त्रीसंगसे रातदिन के जागनेसे और डरनेसे वातरक्तरोग पैदा होताहै २ रुधिरकी बहनेवाली नाडीनके मार्गको रोंककर वातरुधिरको कालारंगकाकरदेवै फिर क्रोधको प्राप्तहुआ जो रुधिर सो देहके बाहर तथा भीतर अनेकरोगोंको पैदाकरै ३॥

करोत्यालसंमंडलंवातरक्तंशरीरंविवर्णंरुजंरूक्षगात्रं ॥ भ्रमं मूत्रकृच्छ्रंक्लमंमर्मतोदंज्वरंवेपथुत्वंशिरःपीडनंतत् ४ (पित्तान्वित वातरक्तकेलक्षण) करोत्येवपित्तान्वितंवातरक्तंमुदंदाहसम्मोह तृष्णांगशोषम् ॥ भ्रमोष्मारतिश्छर्दिस्वेदांगतोदंकटुत्वंमुखेशो फमूर्च्छाविनिद्रम् ५ (कफयुक्तवातरक्तलक्षण) कफेनान्वितंवा तरक्तंगुरुत्वंकरोत्यालसंमंडलंरक्तपीतम् ॥ वमिंमंदचेष्टेन्द्रियेषु प्रलापंशरीरेतिपामाकृशत्वंक्षवत्वम् ६ ॥

आलकस कालेकाले देहमें चकत्ता तथा शरीरका विवर्ण रूखा देहकरदे पीडाहो भ्रम मूत्रकृच्छ्र ग्लानि मर्ममर्ममें पीडा ज्वरकंप शिरमें पीडा ४ पित्तान्वित जो वातरक्तसो मस्तपना दाह मोह प्यास अंगशोप भ्रम गरमी मनका डमाडोलपना वमन पसीनेकाआना अंगोंमेंपीडा मुखकडुवा सूजन मूर्च्छा निद्राका नाश इनलक्षणों को करताहै५कफयुक्त वातरक्त देह भारी करै आलकस देहमें लालपीले चकत्ते करे वमन इंद्रियोंकी मंदचेष्टाहोना बकना देहमेंखाज तथा देहकृश और छींकका आना इन लक्षणको करै ६ ॥

पांगुल्यंचविसर्पिकारुचिमदौमूर्च्छांगुलीवक्रता हिक्कादाहप्र वेपिकाभ्रमतृषाश्वासक्लमःस्फोटता ॥ कासोमोहशरीरशोषमधि कंमर्मग्रहश्चार्बुदः संप्रोक्तास्समुपद्रवामुनिवरैस्तेवातरक्तेऽहि ताः ७ सोपद्रवंत्याज्यतमंभिषग्भिर्द्विदोषजंकष्टतरेणसाध्यम् ॥ जपेनदानेनशिवार्चनेनयत्नौषधीभिर्ननुवातरक्तम् ८ इति श्री भिषक्चक्राचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेवातरक्तलक्षणम् ॥

पांगुरा विसर्परोग अरुचि मद मूर्च्छाउंगली टेढ़ीहोजायँ हिचकी दाह कंप भ्रम प्यास श्वास ग्लानि शरीरका फटना खांसी मोह देहमें शोप मर्म स्थानों में पीडा अर्बुदरोग ये वातरक्त रोगके उपद्रव मुनीश्वरों ने अ- साध्य कहेहैं ७ वैद्यों करके उपद्रवकेसाथ जोवातरक्त सोत्याज्यहै और दो दोपसे पैदाहुआ जो वातरक्त सो कष्टसाध्यहै वो जप दान शिवपूजन और उपाय तथा औपधीकरके अच्छाहो ८ इति हंसराजार्थबोधिन्यांवातरक्त निदानंसम्पूर्णम् ॥

(अथऊरुस्तम्भनिदानम्) नीत्वाधःकुपितोवातःसञ्चयं श्लेष्ममेदयोः ॥ जंघोरुसक्थिगुल्फेषुपूर्यित्वास्तम्भयेद्गतिम् १ (जंघोर्वोश्लेष्ममेदाभ्यांसम्पूर्णोभवतोबलौ ॥ ऊरूस्तम्भःसविज्ञेयोभिषग्भिःप्राकृतैर्भृशम् २(ऊरुस्तम्भलक्षणम्) ऊरूस्तम्भेतिपीडाभवतिचरणयोरोमहर्षोजडत्वं शीतंसर्वाङ्गकम्पोवयसिशिथिलताछर्दिनिद्राकृशत्वम् ॥ कृच्छ्रोन्न्यासम्पदानामरुचिरतिवमिमन्दवह्निर्गुरुत्वं चिह्नान्येतानिनूनंमुनिगणवचनात्कीर्तिताहंसराजैः ३ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृते वैद्यशास्त्रेऊरुस्तम्भलक्षणम् ॥

अथऊरुस्तम्भलक्षण ॥ कोपको प्राप्तहुई जो वात सो कफ और मेदाके समूहको नीचेलेजायकर जांघ ऊरू जानू टकना इनमेंव्याप्तकरके चलनेकी शक्ति को स्तंभन करदे उसे ऊरुस्तम्भरोग कहतेहैं१जांघऊरू जब कफ और चर्बीसे परिपूर्णहोजायं और चला न जावे तो उसको वैद्योंने ऊरूस्तंभ रोग कहाहै २ ऊरूस्तंभ रोग में ये लक्षण होते हैं दोनों पैरोंमें पीडा रोमांच जडत्व शीतका लगना सर्वदेहमें कंप अंगोंमें शिथिलता रद्द निद्रा कृशता पैरोंका कठिनतासे उठना अरुचि मनका न लगना वमन मन्दाग्नि देहभारी ये ये ऊरूस्तंभरोगके लक्षण मुनीश्वरों के वचनके अनुसार हंसराज कविने कहे हैं ३ इति हंसराजार्थबोधिन्यामूरूस्तंभरोगनिदानंसम्पूर्णम् ॥

(अथामवातलक्षणम्)व्यायाममन्दाग्निविरुद्धभोजनैःस्निग्धाशनेनातिविहारचेष्टया ॥ रात्रौदिवाजागरणेनकोपितःश्लेष्मस्थलेह्यामचयंनयेन्मरुत् १ आमान्नस्यरसोपक्वोमरुताक्रियतेपुनः ॥ दूषितःकफपित्ताभ्यांनाडीभिःपीयतेनिशम् २आमसंज्ञःसरावायंयोजीर्णजनितोरसः॥रोगाणामाश्रयोघोरःस्रोतांसितुदतेभृशम्३

तीनश्लोककरिके प्रथमआमरोगकीउत्पत्तिलिखतेहैं दंड कसरतके करनेसे विरुद्ध भोजनसे चिकने पदार्थखानेसे अत्यन्त स्त्रीआदिसेवन करने से रातदिन जागनेसे कोपको प्राप्तहुई जो वात सो कफके स्थानमें आमके समूहको प्राप्त करतीहै १ अन्नका जो रस विना पका उसको वात दूषित करै तथा पित्त कफकर दूषित भयाहो उसको नाडीपीती है २ उसी अजीर्ण

से पैदाहुये रसको आमरोग घोररोगोंका आश्रय करतेहैं और नाडीके मार्गों को रोकदेती है ३ ॥

आमोरुग्विदधातिशोफमधिकंसंकोपितोवायुना जंघोरूकर सन्धिपादवृषणस्कन्धास्यनेत्रेषुच ॥ मांसास्थित्रिककुक्षनश्चहृद येकम्पंज्वरंशोषणं स्तब्धांगंवितनोतिदारुणभयम्पाकंतृषांशू न्यताम् ४ (पित्तसेकुपितआमलक्षण) आमःसंकुरुतेरुषाङ्गमरु णंपित्तेनसंकोपितः शीर्षेसन्धिषुपीडनंकटिरुजंसर्वाङ्गदाहंज्वरं मूर्च्छासंभ्रमशोषणंचहृदयेशूलंमहादारुणं बन्धंमूत्रपुरीषयोर्नय नयोःपीतंत्वमार्तिंतृषाम् ५ (कफसेकुपितआमवातकेलक्षण) आमःश्लेष्मयुतःकरोतिजडतांनिद्रांगुरुत्वन्तना वालस्यंबहुमू त्रताञ्चगलकेसंकूजनंशीतताम् ॥ दौर्बल्यंमुखपादहस्तवृषणेशो षङ्गतेस्तम्भनं वीर्योजोरुचितेजसांबलधियांनाशंप्रसेकंक्लमम् ६

वादीसे कुपित आमरोग जांघ ऊरू हाथ तथा देहकी संधी पैर अंडकोश कंधेनमें मुखतथा नेत्रोंमें सूजन करदे मांस हड्डी त्रिककहिये मकड इनका घटना हृदयमें कंपज्वर शोष देहका जकड जाना घोर भय तथा देह का पकना और प्यास और देहमें शून्यता ये लक्षण करतीहै ४ पित्तसे कुपित जो आमरोग सो देहको लालकरदे मस्तक तथा संधीनमें दर्द सब देहमें दाह तथा ज्वर मूर्च्छा भ्रम शोष हृदयमें महा दारुण शूल मूत्र पुरीष का रुकना नेत्रपीले प्यास और खेद ये लक्षण करताहै ५ कफयुक्त आमरोगके ये लक्षणहैं शरीर जकडजाय निद्रा देहभारी आलकस पेशाब ज्यादा उतरै गलेका गूंजना जाडालगे दुर्बलपना मुख हाथ पैर अंडकोश इनमें सूजन गतिका रुकना वीर्यताकत रुचि तेज बल बुद्धि इनकानाश लारका गिरना ग्लानी ६ ॥

आमस्त्रिदोषजोऽसाध्यःकष्टसाध्योद्विदोषजः ॥ दोषैकसंयुतः साध्यःसुखेनैवभिषग्वरैः ७ त्रिदोषजनितैःसर्वैर्लक्षणैर्लक्षितो हियः ॥ सन्निपातःसविज्ञेयोद्विदोषोहिद्विदोषजैः ८ इति श्रीभि षक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेआमवातलक्षणम् ॥

त्रिदोष से पैदाहुआ आमरोग असाध्यहै और दो दोषसे जो हुआ सो

कष्टसाध्य है और एकदोषयुक्त साध्यहै ऐसे सुषेणादि वैद्यों ने कहाहै ७ जिसमें त्रिदोष के सब लक्षण मिलतेहों उनको सन्निपातका आमवात रोग कहतेहैं और जिसमें दोदोष के चिह्नहों उसे द्विदोषज कहते हैं ८ इति हंसराजार्थबोधिन्यामामवातलक्षणंसम्पूर्णम् ॥

अथ परिणामनिदानम् ॥

(अथपरिणामशूललक्षणम्) विण्मूत्ररोधाद्विषमासनस्था च्छीताम्बुपानात्पवनस्यरोधात् ॥ अत्युच्चभाषादतिभक्ष्यपाना द्रूक्ष्याशनात्कुत्सितयानरूढात् १ अपक्वपिष्टान्नविरुद्धभक्षणा त्कषायतिक्ताशुचिदुष्टभोजनात् ॥ दिवानिशाजागरणाद्विलंघ नात् करोतिशूलंपवनोरुषान्वितः २ नाभिमूलेगुदेवस्तौयोनौ पार्श्वेत्रिकेस्थिषु ॥ शूलंवातकृतंज्ञेयंभिषग्भिर्नात्रसंशयः ३ ॥

विष्ठामूत्रके रोकनेसे खोटी सवारीपर बैठनेसे शीतल जलपीनेसेपवनके वेगरोकनेसे ऊंचेबोलनेसे अत्यंत भोजन और पानसे तथा रूखेपदार्थ केभोजनसे यह रोग होताहै १ बिनापकापिसाहुआ ऐसे अन्न के खाने से विरुद्ध भोजनसे कसैला तीखा अपवित्र दुष्टभोजनसे दिनरात के जागनेसे लङ्घनकरनेसे रोषको प्राप्तहुई जो पवन सो शूलरोग को पैदाकरतीहै २ नाभीमूलमें गुदामें मूत्रस्थानमें योनीमें पसवाड़ोंमें त्रिकस्थानमें हाड़ोंमें वादीकाशूल वैद्य जाने इसमें सन्देह नहीं करना चाहिये ३ ॥

(वादीकेशूलकालक्षण) शूलंवातोद्भवंकुर्यात्प्रभातेंगविमर्द नम् विण्मूत्रबन्धनंहिक्कामाध्मानोद्गारस्तब्धताः ४ (पित्तकेशूल केलक्षण) तीक्ष्णोष्णपिण्याकविदाहिपूगैस्तैलाम्लनिष्पाकटुसू र्यतापैः ॥ व्यायामसौवीरसुराविकारैः प्रवृद्धपित्तंकुरुतेहिशूल म् ५ पित्तोद्भवंशूलमतीवरौद्रंमध्यंदिनेकुप्यतिचार्द्धरात्रौ ॥ क रोतिमूर्च्छाभ्रमदाहमोहास्तृट्स्वेदमार्त्तिज्वरमुग्रशीतम् ६ ॥

प्रातःकाल शरीरका टूटना दस्त और पेशावका बन्दहोना हिचकी पेट का फूलना डकारका आना जडता ये वात शूलके लक्षण हैं ४ तीक्ष्ण गरम पिण्याक दाहकरनेवाली वस्तु सुपारी तेल खट्टा निष्पाव कटु सूर्य्य

कीचममें डोलने से दंडकसरतके करनेसे कांजीके पीने से मद्यकेविकार से कोपकोप्राप्त हुआ जो पित्त सो शूलरोगको करताहै ५ पित्तसे पैदाहुआ घोरशूल सो मध्याह्न और अर्द्धरात्रमें कोपकरताहै और मूर्च्छा और दाह बेहोशी प्यास पसीने खेद घोरज्वर और शीत ये करैहै ६ ॥

कुक्षौसजठरेपार्श्वेशूलंपित्तसमुद्भवम् ॥ सोष्माणंदारुणंज्ञेयं वैद्यैराधुनिकैर्ध्रुवम् ७ (कफकेशूलकालक्षण) मध्वाज्यमांसैर्मधुराम्लतक्रैर्वृन्ताकशीतोदकदुग्धपानैः ॥ माषेक्षुमज्जातिलतैलशीतैःश्लेष्माप्रवृद्धःकुरुतेहिशूलम् ८ वक्षस्थलभवंशूलंकफान्तस्यसमुद्भवम् ॥ वमनेनशमंयातिसंध्ययोर्बलवत्तरम् ९ ॥

कूख पेट पसवाड़ोंमें पित्तकाशूल होताहै और दारुण गरमी ये लक्षण अबकेवैद्योंने कहेहैं ७ सहत घी मांस मीठा खट्टा छांछ बैंगन शीतलजल दूध इनकेसेवन से उड़द ईख चरबी तिलतेल शरदीसेकुपितहुआ जोकफ सो शूलरोग पैदा करताहै ८ कफसे पैदाहुआ जो शूल वक्षस्थल तथा सन्धीनमें सो वमनके करानेसे आरामहो ९ ॥

शूलंकफात्म्यंकुरुतेप्रसेकंतंद्रालसंगौरवतांप्रकम्पम् ॥ हृल्लासकासारुचिछर्दिदाहंकंठेतिपीडातिमितांगशीतम् १० (वातकफशूलकेलक्षण) पार्श्वेषुवस्तौहृदयेचशूलंवदंतिवैद्याःकफवातजातम् ॥ पित्तानिलाभ्यांजनितंसदाहंकुक्षिद्वयेतद्धृदयेप्रपीडयेत् ११ (शूलरोगकीउत्पत्ति) चण्डीशशस्त्रंकफपित्तसम्भवंजानीहितंत्वंहृदयोदरस्थम् ॥ रूपाणिस्वैस्वैकुरुतेस्वकाले दोषैःसमस्तैःप्रभवंत्यजेत्तम् १२ ॥

कफसे पैदा हुआ जो शूल सो पसीना तंद्रा आलकस देहभारी कंप सूखरह खांसी अरुचि वमन दाह कंठमें पीड़ा मंद जाड़ा लगै येलक्षणकरै १० जिसमें येलक्षणहों उसको वातकफका शूल वैद्यकहते हैं पसवाड़ोंमें मूत्रस्थानमें हृदयमें शूलहो वातपित्तजनितशूललक्षण ॥ और जिसमें दाह हो कूखमें और हृदयमें पीड़ा हो उसे वात पित्तका शूल रोग जानै ११ श्रीमहादेवके शूलसे तथा कफपित्तसे पैदा हुआ शूल सो हृदयमें पेटमें अपना तरह तरहका रूप धारणकरै और सब दोषों से पैदाहो ऐसाशूलवान् रोगी को वैद्यत्यागदे १२ ॥

(शूलकाअसाध्यलक्षण) वायुःसंनिहितश्चपित्तकफयोस्स्थानंसमावर्त्तयेद्यःशूलंकुरुतेतदेवमपरंभुक्तेतिशांतिंव्रजेत् ॥ तच्छूलंपरिणामजंमुनिवरैःप्रोक्तंचदोषान्वितं ज्ञेयंप्राक्कथितैर्नरैःकफमरुत्पित्तोद्भवैर्लक्षणैः १३ सोपद्रवंत्रिदोषोत्थमसाध्यंकथितंबुधैः॥ कष्टसाध्यंद्विदोषोत्थंसुखेननिरुपद्रवम् १४ (शूलकेदशउपद्रवकेभेद) तंद्रामूर्च्छाज्वरोदाहःश्वासःकासोनिवेदना ॥ हिक्काङ्गगौरवश्छर्दिः शूलस्योपद्रवादश १५इति श्रीभिषक्चक्राचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेपरिणामशूललक्षणंसम्पूर्णम् ॥

जिसमें ये लक्षणहों उसे परिणामशूल जानना जो वादीसेयुक्त और पित्त कफके स्थानमें प्राप्तहोकर पीछेदर्दकोकरै और दूसराखाने से शांतिहो और त्रिदोषयुक्तहो उसेअसाध्य मुनीश्वरों ने तथा प्राचीनवैद्यों ने कहाहै १३ जो उपद्रवके साथहो और सन्निपातसे पैदाहुआहो वो शूलरोग असाध्यहै ऐसावैद्योंने कहाहै और जो दोदोषसे पैदाहुआहो वो शूल कष्टसाध्य है और जो उपद्रव रहित हो वो सुखसाध्यहै १४। १ तंद्रा २ मूर्च्छा ३ ज्वर ४ दाह ५ श्वास ६ खांसी ७ अतिदुःख ८ हिचकी ९ देहभारी और १० वमन ये शूलरोगके दशउपद्रव हैं १५॥ इति हंसराजार्थबोधिन्यांशूलरोगनिदानंसमाप्तम् ॥

(अथआनाहउदावर्तरोगनिदानंतस्योत्पत्तिः)पुरीषमूत्रानिलवेगरोधादनाहरोगःकिलमर्मभेत्ता ॥ संजायतेसौकुरुतेविकारान् वातामयान्वैद्यवरावदन्ति १ अपानवातसंरोधादूर्ध्ववातगतिर्भवेत्॥ अनाहोसौपुरैःप्रोक्तोमुनिभिस्तत्त्ववादिभिः २ हिक्काश्वासवमन्युद्गारक्षुत्तृष्णायाऽवरोधनात् ॥ उदावर्त्तोभवेद्रोगोवातवृद्धिप्रवर्त्तकः ३ ॥

दस्त पेशाब अधोवायु इनके रोकनेसे मर्म मर्म में पीड़ाका करनेवाला अनाह रोग होताहै और वादीके विकारको करताहै ऐसे वैद्यकहते हैं १ अधोवायुके रोकनेसे उपलेमार्ग होकर वायुकी गति होतीहै इसी को अनाहरोग तत्ववादी ऋषियोंने कहाहै २ हिचकी श्वास वमन डकार भूख प्यास इनके रोकनेसे वातको बढ़ानेवाला उदावर्त्त रोग पैदा होताहै ३ ॥

(अधोवातरोकनेसेपैदा०)अपानवातसंरोधाद्वातविण्मूत्रसं-

गमः ॥ शूलंक्लमोरुजाध्मानःपीडाटोपोमरुद्भ्रमी ४ (विष्ठाकेवेग रोकनेकेलक्षण) विड्वेगेनिहतेपुंसोवातशूलंगुदेरुजम् ॥ जठरे वातजाग्रंन्थिःपीडावस्तौभवेद्भृशम् ५ (मूत्रकेरोकनेसेहुयेउदावर्त्तलक्षण) मूत्रस्यरोधनात्पुंसोमूत्रकृच्छ्रंशिरोव्यथा ॥ वस्ति मेहनयोःशूलमानाहोयमितिस्मृतः ६ ॥

अधोवायु रोकनेसे विष्ठामूत्र आपसमें मिलकर शूल ग्लानि खेद अफरा दुःखका आटोप याने समूह पवनका मंदचलना और ये रोग होते हैं ४ विष्ठाके वेग रोकनेसे मनुष्यके बादीसे दर्दहो गुदामें पीडाहो पेटमें बादीसे गोलाहो और मूत्रस्थानमें पीडाहो ५ पेशाबके रोकनेसे पुरुषों के मूत्रकृच्छ्र शिरमें पीडा मूत्र स्थानमेहन इनस्थानमें शूलहो इसीकोआनाहकहतेहैं६॥

(जँभाईरोकनेसेहुयेउदावर्त्तलक्षण) जृम्भास्तम्भागलस्तम्भोमन्यास्तम्भःशिरोव्यथा ॥ कर्णास्यनेत्रनासासुरोगस्तीव्रो भवेद्भृशम् ७ (आंसूकेरोकनेकेउपद्रव) शोकानंदभवस्यास्रो प्राप्तोदंनैवमुंचति ॥ सरुक्शिरोगुरुत्वंस्यान्नेत्ररोगस्तुपीनसः८ (छींककेरोकनेकेउपद्रव) छवथोर्द्धारणात्शूलंमन्यास्तम्भःशिरोर्द्धरुक् ॥ इन्द्रियाणांचदौर्बल्यंभवेत्पीडास्यचक्षुषु ९ ॥

जंभाई रोकने से गलाबैठजाय गलेके पिछली नसका जकडना शिर में पीडा कान नेत्र नाक मुख इनमें पीडाहो ७ जो पुरुष आनन्द से अथवा शोकसे पैदाहुआ आंसूरोके उसके शिरमेंदर्द तथा शिरमेंभारीपना नेत्ररोग और पीनसरोग होय ८ छींक रोकनेसे शूल गलेकी पिछलीनस का जकडना आधेशिरमें दर्द इन्द्रीनमें दुर्बलता नेत्रों में और मुख में पीडा होवै ९ ॥

(डकाररोकनेकेउपद्रव)उद्गारेनिहतेतोदःपूर्णत्वंवक्त्रकंठयोः॥ पवनस्याप्रवृत्तित्वंकूजत्वंहृदयेभवेत् १० छर्दिर्निग्रहणाद्भवंतिविविधारोगामहादारुणा हृल्लासारतिशोफकष्टऽरुचयोहिक्काविसर्पज्वराः॥ कोष्ठाशुद्धिविवर्णदाहकृमियोवातप्रसूतारुजःकंडूमोहविजृम्भणानिबहुशःपांड्वङ्गमर्दभ्रमाः ११ (भूखरोकनेकेउपद्रव) क्षुधाभिघाताद्बलवीर्यहानिःस्यान्मन्ददृष्टिःकृशताशरीरे (प्यास

रोकनेकेउपद्रव) तृष्णाभिघाताद्बहुरोगबाधाहृत्कंठशोषभ्रमदाहमूर्च्छाः १२ ॥

डकार आईहुईको रोकनेसे मुख और कंठमें पीड़ाहो और डकारका न आना हृदयमें गुंजान शब्दहो १० ॥ अथ वमनोपद्रव ॥ आईहुई रद्दको रोकनेसे दारुण अनेक तरहके रोगहों सूखी उलटीहो अरति सूजन कोढ़ अरुचि हिचकी विसर्परोग ज्वर कोठे में अशुद्धता विवर्ण दाह कृमिरोग वातव्याधि खुजली बेहोशी बहुतजंभाईकाआना पीलिया अंगोंकाटूटना और ये रोग होतेहैं ११ भूख रोकनेसे बलवीर्यका नाश हो तथा मंददृष्टि हो शरीरमें कृशताहो प्यासरोकनेसे बहुतरोग सतावें तथा हृदय व कंठ सूखें और दाह मूर्च्छा ये रोग होते हैं १२ ॥

(श्वासरोकनेकेउपद्रव) श्वासस्यनिग्रहाद्गुल्मोहृद्रोगोविरतिर्भवेत्॥ मोहोवातकृतोरोगोह्याटोपोविद्रधिस्तथा १३ (निद्रारोकनेकेउपद्रव) निद्राघाताद्भवेज्जृम्भातंद्रालस्यांगगौरवम् ॥ अक्ष्णोर्घूर्णत्वरक्तत्वद्रवत्वंजडतारुचिः १४ कषायाम्लद्रवैरूक्षैर्विरुद्धकटुभोजनैः ॥ वातःसंकुपितःकुर्यादुदावर्त्तहिलक्षणम् १५ ॥

श्वासरोकनेसे पेटमेंगोला हृदयकारोग मनका न लगना मोह और वात के रोग पेटमें गुड़गुड़ाहट विद्रधिरोग ये होते हैं १३ निद्रारोकनेसे जंभाई तन्द्रा आलकस देहकाभारीहोना नेत्रटेढ़े तथा लाल अश्रुपात युक्त जड़ता और अरुचि ये रोग होते हैं १४ कसैली खट्टी पतली रूखी विरुद्ध तथा कटुवस्तुके खानेसे कुपितहुई जो वात सो दारुण उदावर्त्तरोगकोकरैहै १५॥

श्रोतांस्युदावर्त्तयतेनिलोयमपानविण्मूत्रकफादिकानाम् ॥ वहानिहृत्पार्श्वगुदोदरेषुह्याटोपशूलंकुरुतेशिरोर्तिम् १६ उदावर्त्तवातःकरोत्यंगमर्दंमरुद्ग्रन्थिमार्त्तिंपुरीषंसकष्टम् ॥ तृषोद्गारहिक्काभ्रमश्वासकासंवमिंशून्यतांरूक्षतांगंप्रकम्पम् १७ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेआनाहोदावर्तलक्षणं सम्पूर्णम् ॥

विष्ठा मूत्र कफ आदिकी बहनेवाली जो अपान वायु सो नाड़ीन के मार्गको रोककर हृदय पसवाड़ा गुदा पेट इनका फूलना और शूल तथा शिरमें दर्दको करैहै १६ वातका उदावर्त्तरोग हड़कल पेटमें पवनकी गांठ

तथा खदहा कष्टस दस्तका होना प्यास डकार हिचकी भ्रम श्वास खांसी वमन देहमें शून्यता शरीररूखा तथा कंप ये लक्षण करताहै १७ इति हंस राजार्थबोधिन्यामुदावर्त्तनिदानंसमाप्तम् ॥

(अथगुल्मरोगनिदानम्) गुल्मंवातोद्भवंपैत्यंकफजंद्वंद्वसम्भवम् ॥ सन्निपातोत्थितंरौद्रंरक्तजंकीर्त्तितंबुधैः १ हृन्नाभ्योरंतरे वस्तौग्रन्थिरूपंचलाऽचलम् ॥ चतुरंगुलपर्यंतंगुल्मन्तत्परिकीर्त्तितम् २ (वातगुल्मकेलक्षण) निंबूदुंबरयोःफलस्यसदृशं गुल्मंमरुत्सम्भवंह्युद्गारंचमुहुर्मुहुर्वितनुते विण्मूत्रयोर्बंधनम् ॥ जृम्भाध्मानशरीरशोषकृशताः शूलंतृषांहृद्रुजं पीडामंत्रविकूजनं रुचिहरंभुंक्तेमृदुत्वंव्रजेत् ३ ॥

वातसे पित्तसे कफसे द्वंद्वज सन्निपातसे तथा रुधिरसे आठ प्रकारका गोलेकारोग वैद्यों ने कहाहै १ हृदय नाभिके बीचमें मूत्रस्थानमें गांठके आकार गोलाहो एकतो चलायमान दूसराअचल चारअंगुलके बीचमें उस को गुल्म अर्थात् गोलेकारोग कहतेहैं २ जो नींबू गूलर फलके समानहो उसे बादीका गोलाजाने जिसमें डकार बेरबेरमें आवे दस्तपेशाबका बन्द होना जंभाई पेटकाफूलना शरीरमें शोष तथा कृशपना और शूल प्यास हृदयरोग पीडा आंतोंका बोलना अरुचि और भोजन करनेसे नरम होजाय ये बादीके गोलाके लक्षणहैं ३ ॥

(पित्तगुल्मकेलक्षण)गुल्मंकुक्षिगतंकपित्थसदृशंपीतंपुरीषंभवेत् ऊष्माहृद्गलकेरतिर्नसिमुखेशोषाःपिपासाधिका॥ प्रस्वेदज्वरशूलदाहमधिकंस्पर्शासहःसंभ्रमश्चिह्नंपीतसमुद्भवस्यकथितंगुल्मस्य वैद्योत्तमैः४(कफगुल्मकेलक्षण) स्तैमित्यंकठिनोदरंशिथिलतालस्यंगुरुत्वंतनौ बाह्येशीतलतांतरेज्वलनता निद्राव्यथामस्तके ॥ स्यात्कंडूत्वचिगुल्ममाम्रसदृशंकासोरुचिर्पांडुता गुल्मश्लेष्मसमुत्थितस्यभणितंचिह्नंसुषेणादिभिः ५ (रक्तगुल्मकेलक्षण) गुल्मंरक्तसमुद्भवंदृढतरंजंबीरनिम्बूसमं हृन्नाभ्यंतरभूमिकासुजनितं पुंसस्त्रियोयोनिषु ॥ हृत्कंठास्यविशोषणंचकुरुतेदाहंमहादारुणंप्रस्वेदंज्वरशूलमुग्रमधिकातृष्णारतीसंक्रमम् ६ ॥

जो कैथाके फलसमान हो कांखमें हो पीला दस्तउतरै हृदय और गल में गरमीहो मनका न लगना नाक मुखमें शोष प्यास अधिकपसीना ज्वर शूल दाह अधिक स्पर्श न सहाजावे और ये लक्षण वैद्योंने पित्तके गोलाके कहे हैं ४ देहगीला पेट कर्रा शिथिलता आलकस देहभारी बाहर शीतलता भीतर ज्वालासी मालूमहो निद्रा मस्तक में पीड़ा देहमें खाज आम्रफल के समान गोला खांसी अरुचि पीलिया ये लक्षण सुषेणादि वैद्योंने कफ से पैदागोला के कहेहैं ५ जोगोला जंभीरी नींबूके समानहो पुरुषकेहृदयनाभी के बीचमें पैदा हुआहो स्त्रियोंकी योनि के समीपहो हृदयकण्ठ मुखका सूखना दारुण दाह पसीनाज्वर शूल अतिप्यास अरति ग्लानि ये लक्षण रुधिरसेपैदा हुये गोलाके हैं ६ ॥

(असाध्यगुल्मकेलक्षण) अतीसारहिक्कारतिश्छर्दशूलैःपिपासाकृशत्वार्त्तिहल्लासदाहैः ॥ ज्वरश्वासकासांगशोफैर्युतोयःसगुल्मीनजीवेत्सुषेणादिवैद्यैः ७ (सन्निपातगुल्मकेलक्षण) त्रिदोषसंभवैःसर्वैर्लक्षणैर्लक्षितंहियत् ॥ तद्गुल्मंसन्निपातास्यंद्विदोषोत्थंद्विदोषजैः ८ (साध्यजाप्यअसाध्यकेलक्षण) एकदोषोद्भवंसाध्यंद्विदोषंजाप्यमुच्यते ॥ असाध्यंयत्त्रिदोषोत्थंगुल्मंसोपद्रवंत्यजेत् ९ ॥

अतीसार हिचकी अरति रद शूल प्यास कृशता खेद सूखी उलटी दाह ज्वर श्वास खांसी देहमें सूजन ये लक्षण युक्त जो गुल्मरोगवाला वो सुषेणादिवैद्योंसे अच्छा नहीं हो अर्थात् असाध्यहै ७ जिसमें तीनों दोषोंके चिह्न मिलतेहों उसे सन्निपातका गोलाजानै और जिसमें दो दोषोंके चिह्न मिलतेहों वो द्विदोषज गुल्मजाने ८ जो एक दोषसे पैदा हुआहो वो साध्यहै दो दोषयुक्त जाप्यहै त्रिदोषोत्थ असाध्यहै और उपद्रवयुक्तगुल्मी को वैद्य त्यागदे ९ ॥

(गुल्मकेदशउपद्रव) शोफस्तंद्रारुचिश्छर्दिर्हल्लासःकृशतातृषा ॥ शूलंस्वेदोङ्गदाहश्चगुल्मस्योपद्रवादश १० ॥ इति हंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेगुल्मलक्षणम् ॥

१ सूजन २ तन्द्रा ३ अरुचि ४ वमन ५ हल्लास ६ कृशता ७ प्यास

८ शूल ९ पसीना १० दाह ये गुल्मरोग के दश उपद्रवहैं १० इति हंसराजार्थबोधिन्यांगुल्मरोगनिदानम् ॥

(अथहृद्रोगनिदानम्) शस्त्राभिघातात्पवनस्यरोधनादत्युष्णतिक्ताम्लकषायभोजनात् । अत्युच्चपाताद्गमनादतिश्रमाद्गुरुदामयःस्याद्गुरुभारधारणात् १ (वातीकेहृद्रोगकालक्षण) हृद्बाधांकुरुतेमरुत्प्रकुपितःसदूषयित्वारसं हृत्स्थोगुंजतिपीडयत्यऽनुदिनंमर्माणिसंतोदते ॥ पार्श्वास्थीनिविदारयन्त्यविरतं शोषंमुखेहृद्गले आध्मानंचमुहुर्मुहुर्वितनुतेश्वासंसकासंज्वरम् २ (पित्तकेहृद्रोगकालक्षण) पित्तःकोपसमन्वितोहृदिगतःसंशोषयित्वारसंहृत्पीडामधिकांनिरन्तरतृषांदाहंशिरःपीडनम् ॥ ऊष्माणंहृदयोदरेनसिमुखेशूलंमहादारुणं मूर्च्छास्वेदविपाकमोहमरतिंजानीहितंहृद्रुजम् ३ ॥

शस्त्रकेलगनेसे पवनके वेगों को रोकनेसे अतिगरम तथा कडुआ खट्टा कसैला भारी ऐसेभोजनसे उच्चस्थानके गिरने से वमनसे अतिश्रमसे भारीबोझ उठानेसे हृदयमें रोगहोताहै १ कुपित वात हृदय में स्थित रसको बिगाडकर हृदय रोगकोकरे तथागूंजे नित्य हृदयमें पीडाहो मर्म स्थानोंमें पीडाहो पसवाडोंकी हड्डीनमें पीडा हो मुखहृदय गलेमें शोष अफरा वारवार मेंहो श्वास खांसी ज्वर ये वात के हृदयरोगके लक्षणहैं २ कुपित हुआ जो पित्त सो हृदयमें प्राप्तहोकर रसको बिगाड हृदयमें पीडा प्यास दाह शिरमें दर्द गरमी हृदय में पेट में नसों में मुख में शूलहो मूर्च्छा पसीना पाक बेहोशी अरति ये लक्षण पित्तके हृद्रोगकेहैं ३ ॥

(कफकेहृद्रोगकालक्षण) श्लेष्मासंकुपितःकरोतिहृदयेपीडांसकण्ठेरुचिं माधुर्यंवदनेऽनलस्यकृशतांतंद्रांगुरुत्वंतनौ ॥ संस्रावंकफसंचयस्यवमनंहृल्लासशूलंज्वरं हृद्रोगोभिषगुत्तमैर्निगदितश्चिह्नैरमीभिर्भृशम् ४ (सन्निपातकेहृद्रोगलक्षण) तद्धृद्रोगंत्रिदोषोत्थंविद्याच्चिह्नैस्त्रिदोषजैः ॥ युक्तंसोपद्रवंवैद्यस्त्यजेन्नूनंविदूरतः ५ (कृमीकेहृद्रोगकालक्षण) शोफश्चेतसिसंभ्रमोनयनयोःकार्ष्ण्यंतमोगौरवं ह्युत्क्लेदोविकृतिस्तृषाभवतितन्निष्ठीवनंमेहनम् ॥

हृल्लासोरुचिरंतरेकृशवपुः शूलंसकंडूव्यथा हृद्रोगेकृमिसंभवेनि गदितंचिह्नंसुषेणादिभिः ६ शोषःक्लमोभ्रमःस्वेदो हृद्रुजःस्युरुप द्रवाः ॥ चत्वारोघोररूपास्ते मुनिभिःपरिकीर्त्तिताः ७ इति श्री भिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेहृद्रोगलक्षणम् ॥

कुपित हुआ जो कफ सो हृदयमें कंठ में पीडाकरै अरुचि मुखमीठा अग्निमन्द तन्द्रा देहभारी कफका गिरना वमन हृल्लास शूल ज्वर ये लक्षणों से कफका हृदय रोग कहाहै ४ त्रिदोषयुक्त चिह्नोंसे सन्निपातका हृद्रोग जाने और उपद्रवयुक्त हो उसे वैद्य असाध्य जानकर त्यागदे ५ सूजन चित्त में भ्रम नेत्रकाले अँधेरा आवे देहभारी उकलाहट देहकी विकृति प्यास बारबारथूकना मेहन हृल्लास अरुचि देहकृश शूल खुजली व्यथा इन लक्षणोंसे सुषेणादि वैद्योंने कृमीका हृदय रोग कहा है ६ । १ शोक २ ग्लानि ३ भ्रम ४ पसीना ये चार हृदयके घोर उपद्रव मुनीश्वरोंने कहे हैं ७ इति हंसराजार्थबोधिन्यां हृद्रोगनिदानम् ॥

(अथ मूत्रकृच्छ्रलक्षणम्) अनूपमांसाशनमद्यसेवनैः कषाय तीक्ष्णोष्णविदाहिभोजनैः ॥ व्यायामघर्माध्यशनाध्वजागरैःस्या न्मूत्रकृच्छ्रंबहुकष्टदंनृणाम् १ प्रपीडयत्यधोगत्वा मार्गंरुध्वाक फादयः ॥ मूत्रंमुहुर्मुहुःस्वल्पंसकृच्छ्रंकारयंतिते २ (वातकेमूत्रकृ च्छ्रकालक्षण) मुहुर्मुहुःकष्टतरेणतुच्छंमूत्रंभवेत्पीतनिभंसशूल म् ॥ मेढ्रेचवस्तौमहतीप्रपीडा तन्मूत्रकृच्छ्रंपवनात्प्रसूतम् ३ ॥

अनूप मांसके खानेसे मद्य पीनेसे कसैली तीखी गरम दाहकरनेवाली ऐसी वस्तुके खानेसे दंड कसरतके करनेसे घाम अध्यशन अर्थात् भोजन के ऊपर भोजनसे रास्ताके चलने से रातमें जागनेसे मनुष्योंके बहुत कष्ट का देनेवाला आठ प्रकारका मूत्रकृच्छ्र रोग होताहै १ कफादिक दोष नीचेजायकर मूत्रके मार्गको रोककर और पीडाकरें तब मनुष्यके कठिन से बारबार थोडाथोडा पेशाब उतरै उसे मूत्रकृच्छ्र रोग कहते हैं २ जो मनुष्य बारबारमें थोडाथोडा मूतै पीला शूलयुक्त अंडकोश तथा मूत्रस्थान में पीडाहो उसे वातका मूत्रकृच्छ्र कहते हैं ३ ॥

(पित्तकेमूत्रकृच्छ्रकालक्षण) मूत्रंभवेद्दाहयुतंमुहुर्मुहुः पीतारु

णाभंरुधिरेणसंप्लुतम्॥ तप्तंसकष्टंगुदमेढ्रयोर्व्यथा तन्मूत्रकृच्छ्रं किलपित्तजंवदेत् ४ (कफकेमूत्रकृच्छ्रकालक्षण) मूत्रंसिताभंपरिबुद्बुदान्वितं सपिच्छिलंमेदुरमार्त्तिदंगुदे ॥ लिंगेचयोनौबहुशोफगौरवं तन्मूत्रकृच्छ्रङ्कफसंभवंत्यजेत् ५ (कष्टसाध्यअसाध्यलक्षण) द्विदोषोद्भवंमूत्रकृच्छ्रंसदाहं भवेत्कष्टसाध्यंप्रयत्नौषधीभिः॥ त्रिदोषोत्थितंदारुणंप्राणनाशं निरुक्तंमुनींद्रैरसाध्यंनितांतम् ६॥

जिसरोगीका पेशाब दाहकेसाथ उतरै बारबार और पीलाहो लाल हो रुधिर मिलाहो तप्त और कष्टसे उतरै गुदा और अण्डकोश में दर्दहो उसे पित्तका मूत्रकृच्छ्र कहतेहैं ४ जिसका मूत्र सफेद और बबूले संयुक्त गाढ़ा और चिकनाहो गुदामेंदर्दहो लिंग और योनि में सूजनहो देहभारी ये लक्षण कफके मूत्रकृच्छ्रकेहैं ५ दो दोषसेहुआ जो मूत्रकृच्छ्रदाहयुक्त सो मंत्र औषधीनसे कष्टसाध्य कहाहै और त्रिदोषसेहुआ सो प्राणकानाशक मुनीश्वरों ने असाध्य कहाहै ६॥

मूत्रकृच्छ्रम्भवेद्घातात्संरोधान्मूत्रशुक्रयोः॥ शल्यात्पातात्क्षतात्कष्टाद्वस्तिमेहनशूलकृत् ७ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेमूत्रकृच्छ्रलक्षणंसमाप्तम्॥

मूत्र और वीर्यके रोंकनेसे घात शल्यसे पड़नेसे घावसे कष्टसे मूत्रस्थान मेहनमें दर्दका करनेवाला मूत्रकृच्छ्ररोग पैदा होताहै ७ इति हंसराजार्थबोधिन्यांमूत्रकृच्छ्रनिदानम्॥

(मूत्राघातकीउत्पत्ति) नाभेरधोधःप्रगतास्त्रिदोषा भवन्तितेकुण्डलिकासमानाः॥ स्वहेतुभिःसंकुपिताभ्रमन्ति कुर्वन्तिपश्चाद्बहुमूत्रघातान् १ नाभेरधोयदावायुःकुण्डलाकारसंस्थितः॥ आध्मापयन्गुदांवस्तिम्मूत्राघातोभवेत्तदा २ मूत्रस्यवेगंविदधातितीव्रमपानवायुःकुपितस्तुतेन॥ नाभेरधोर्ध्वंमहतींप्रपीडां करोतियस्तस्यनरस्यनूनम् ३॥

दोषनाभीके नीचेजाय कुंडली के समान होकर और अपने हेतून से कुपितहो भ्रमणकरै पश्चात् मूत्राघात रोग को प्रगट करते हैं १ जबपवन

नाभीकेनीचे कुंडलाकारहो गुदा मूत्रस्थानमें भरजावै तब मनुष्य के मूत्राघात रोगहोताहै २ जो पुरुष मूत्रके वेगको रोके तब उसके अपान वायु कुपितहो नाभीके ऊपरनीचे भारी पीडाकरै उसे मूत्रकृच्छ्र कहतेहैं ३ ॥

(वातकेमूत्रकृच्छ्रकालक्षण) वातोधःप्रगतारुणद्धिपुरुतोमूत्रंपुरीषान्वितं मेढ्रेवस्तिगुदेदधातिमहतींपीडांचशोफान्विताम्॥ आध्मानंकुरुतेमुहुर्मुहुरतोमूत्रंसकृत्कष्टदम् ॥ कृष्णाभंपवनोद्भवं निगदितंतन्मूत्रघातंपरैः ४ (पित्तकेमूत्राघातकेलक्षण) मेढ्रेवस्तिगुदाग्रंदहतिबहुतरं मूत्रमार्गंरुणद्धिस्वल्पंस्वल्पंसकृच्छ्रम्बहुरुधिरयुतंकारयत्येवमूत्रम् ॥ धत्तेधोगत्यकोपंवितरतिबलयाकाररूपंचपित्तं तत्पैत्यंमूत्रघातंनिगदितमृषिभिर्मानसैःसद्भिषग्भिः ५ (कफकेमूत्राघातकालक्षण) श्लेष्माधोगत्यशोफंवितरतिगुरुतांमूत्रमार्गंरुणद्धि मेढ्रेवस्तौगुदाग्रेप्रवहतिसरुजंकारयत्येवमूत्रम् ॥ तुच्छंतुच्छंसकष्टंक्वचिदपिबहुशोमेदुरंश्वेतवर्णं सांद्रंशीतंसफेनंकथितमृषिवरैर्मूत्रघातंकफस्य ६ ॥

वातनीचे जायकर दस्त पेशाव को रोक अंडकोश और मूत्रस्थान में सूजनकेसाथ में भारीपीडा करै अफरा और वारवार कष्टसे थोडापेशाव कालेरंगका उतरे उसे वातका मूत्राघात कहतेहैं ४ कुपितहुआ जो पित्त सो नीचेजायकर कंकणके आकारहो अंडकोश और मूत्रस्थानमें तथा गुदाग्रमें पीडाकरै मूत्रके मार्ग को रोकदे थोडाथोडा कठिनतासे बहुत रुधिरमिला मूतै उसे ऋषि और वैद्योंने पित्तका मूत्राघात रोग कहाहै ५ कफनीचे प्राप्तहो सूजन को करै देहभारी मूत्रके मार्गोंको रोकदे मेढ्रवस्ति गुदा इनमेंपीडा करै थोडा २ कठिनता से कभी बहुतसा चिकना सफेदरङ्ग का गाढा शीतल झागमिला ऐसा पेशाव उतरै उसे कफका मूत्राघातरोग ऋषियोंने कहाहै ६ ॥

शम् ॥ वध्नात्युत्पत्तिमन्येषामिन्द्रलुप्तन्तमादिशत् २४ ॥

दुष्टकीच पैरकी उँगलियोंमें लगनेसे सूजनहो और खुजानेसे सुखहो दाह और पीड़ाहो उसे अलसनाम अर्थात् खारुरा कहते हैं २२ रोमकूपसे वात पित्त निकलकर बालों को मूर्च्छित कर हठसे दूर करदेवै २३ फेर कफ और रुधिर बाल जमनेके स्थानको रोकदे बाल उगने नहींदे उसे इन्द्रलुप्त कहते हैं २४ ॥

इन्द्रलुप्तस्यनामानिप्रोक्तानिभिषजांवरैः ॥ खालित्यमपरा रुह्याप्राहुश्चाचेतिचापरे २५ (अरुंषिकाकोलक्षण) अतिरूक्षतमेशीर्षेबहुकंडुसमन्विते ॥ जायतेदारुणोरोगः कफमारुतरोगतः २६ अत्यंतश्रमकोपाभ्यांजातंपित्तंचमूर्द्धनि ॥ तेनपक्वाः कृताःकेशाज्ञेयानिपलितानिच २७ ॥

इन्द्रलुप्तके ये नाम और भी वैद्य कहते हैं खालित्य और रुह्या तथा चांदलो ये रोग स्त्रीके नहीं होता २५ केश पैदा होने की भूमिमें खुजली चले और वह जगह रूखी होजाय उसके वात कफसे अरुंषिका दारुण रोगहो २६ अतिश्रम और क्रोधसे पित्त शिरमें प्राप्त होकर बालोंको सफेद करदेताहै २७ ॥

(मुखदूषिकाकेलक्षण) कफानिलाभ्यांसहशोणिताभ्यां यूनांशरीरेपिटिकाभिजाता ॥ दाहार्तिकृत्कण्टकतीव्रवेधीबुधैर्निरुक्तामुखदूषिकासा २८ (तिलकेलक्षण) तिलप्रमाणानिचनीरुजानिस्थिराणिगात्रेषुसमुद्भवानि ॥ कृष्णानिपित्तानिलकोपजानितिलानितानिप्रवदंतिसंतः २९ (मस्सेकालक्षण) दृढोन्नतंपित्तकफानिलोत्थंमाषप्रमाणंपलग्रन्थिरूपम् ॥ कृष्णंस्थिरंनीरुजवद्विपाकंतंमाषसंज्ञङ्कथयन्तिवैद्याः ३० ॥

वात कफ और रुधिरके कोपसे जवान पुरुषों के जो फुंसी मुखपरहो दाह और पीड़ा तथा सेमलके कांटेकेसमान उसे मुखदूषिका अर्थात् मुहांसे

के मुखसे दांतों को उखाड़डाले इसीसे भोजन करनेमें दुःखित हो वो बादीसे और कफसे प्रकट ऐसा भंजनक नाम दंतरोग जानना १४ दांतोंसे मिलाहुआ जो मांस उसमें मैल बहुतहो और सूजन हो तथा रुधिर रादचले वो दंतविद्रधि रोग जानना १५ ॥

(दन्तहर्षरोगकेलक्षण) शीतवाताम्लसंस्पर्शाद्दन्तपीडासहो गदः ॥ दन्तहर्षःसविज्ञेयोवातपित्तसमुद्भवः १६ (दन्तशर्करारोगकेलक्षण) मलोदन्तगतःस्थूलःशर्करेवाचिरस्थितः ॥ कफोद्भूतोबुधैर्ज्ञेयःसारुजादन्तशर्करा १७ (दन्तश्यावरोगकेलक्षण) दण्डादीनांविघाताद्वाकोपाच्छोणितपित्तयोः ॥ प्राप्नोतिकृष्णतां दन्तोदन्तश्यावोरुगुच्यते १८ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवे हंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेओष्ठदन्तरोगलक्षणम् ॥

शीतल वात खट्टी ऐसी वस्तुके स्पर्श से जो दांतोंमें पीडाहो वो वातपित्त से प्रकट दंतहर्षरोग जानना १६ दांतोंमें मैल बहुत शर्कराकीसीतरहरहे उसे पण्डितोंने शर्करारोग कहाहै १७ दंड आदिकोंकी चोट लगनेसे और रुधिर पित्तके कोपसे जो कालेदांत पड जायँ उसे दन्तश्यावरोग कहतेहैं १८ इतिमाथुरदत्तरामकृतेहंसराजार्थबोधिनीभाषाविवर्णे ओष्ठदन्तरोगलक्षणम्

(अथ जिह्वारोगनिदानम्) वातेनस्फुटिताकठोररसनारूक्षा प्रसुप्तार्त्तिदा पित्तेनोष्णतरार्त्तिदाहमहितादीर्घारुणैःकंटकैः ॥ संयुक्ताचकफेनसागुरुतरामांसोत्थितैरंकुरैः श्वेतैःशाल्मलिकंटकाकृतिधरैर्युक्तातिशोफान्विता १ (उल्लासनामजिह्वारोगलक्षण) जिह्वातलेमहाशोथोगुरुग्रन्थियुतोदृढः ॥ पूयशोणितयुक्पाकः सोल्लासःकथितोबुधैः २ जिह्वाग्रमानम्यकरोतिशोथंलालान्वितं तीव्रविपाकमुग्रम् ॥ कंडूयुतंरक्तकफाधिशूलंरुक्शोफजिह्वाकथिताभिषग्भिः ३ ॥

वादीसे जीभ कठोर और फटी तथा रूखी प्रसुप्तपीडायुक्त होतीहै पित्त से गरम दाहयुक्त बड़े और लाल कांटोंसे युक्त जानती कफसे भारी सफेद सेमरके कांटे सरीखे कांटे और सूजनयुक्त होतीहै १ जीभके नीचे सूजन बहुत हो तथा भारी और कठिन गांठहो रुधिर और राद युक्तहो वो पक

लाय उसे उद्धासनाम जीभका रोग कहतेहैं २ जीभके अग्रभागमें सूजन हो और लारगिरै बहुत पके तथा खुजलीचलै और रुधिर कफसे शूल ज्यादह हो उसे शोफाजिह्वानामरोग वैद्योंने कहाहै ३ ॥

तालुमूलोत्थितःशोथःकासश्वासतृषान्वितः ॥ सव्यथःकफरक्तात्माकंठतुण्डःसकथ्यते ४ तालुकोशगतःशोथश्चिरपाकीज्वरान्वितः ॥ दाहार्त्तिकासकृत्स्रावीतुण्डकेशीसउच्यते ५ (कच्छपरोगकेलक्षण) कूर्माकारःप्रोन्नतस्तालुदेशे शोथःसोक्तःकच्छपो वैद्यराजैः ॥ रक्ताज्जातोरक्तवर्णोज्वराढ्यःस्तब्धःशोफःकोलमात्रःकफात्मा ६ ॥

और जो तालुयेके मूलमें सूजन खांसी श्वासयुक्त तथा प्याससे संयुक्त हो और दर्द होताहो वो कफ पित्तसे प्रकट तुंडनाम रोग कहाहै ४ जो तालु के कोशमें सूजनहो और देरमें पके ज्वरयुक्त और उनमें खांसी दाह पीडा हो वहै उसे तुंडकेशी रोग कहतेहैं ५ तालुयेमें कछुये के आकार ऊँची सूजनहो उसको वैद्योंने कच्छप नाम रोग कहाहै रक्तसे पैदा भया और लाल वर्ण तथा ज्वरयुक्त टेढा और सूजनहो बेरके प्रमाण वो कफसे पैदा जानना ६ ॥

(तालुपाकतालुशोषलक्षण) पित्ताज्जातंशोथमुग्रंमदाहंतृष्णायुक्तंतालुपाकंवदेज्ज्ञः ॥ वातोद्भूतःश्वासकासार्तिशोषैर्युक्तःशोथस्तालुशोषोभवेत्सः ७ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेजिह्वातालूनांलक्षणानि ॥

सूजन और दाह तथा प्यासहो उसे पण्डित तालुपाक रोग कहते हैं यह पित्त से पैदा होताहै और जिसमें श्वास खांसी शोष और सूजनहो वो वातसे पैदा तालुशोष रोगहै ७ इति माथुरदत्तरामपाठकप्रणीतायां हंसराजार्थबोधिनीटीकायांजिह्वातालुरोगनिदानंसमाप्तम् ॥

(गलरोगस्यनिदानम्) पित्तश्लेष्मशरीरिणांगलगताःसंदूष्यरक्तामिषं तेतत्रैवविमूर्च्छिताःप्रकुपिताःकुर्वंतिनानागदान् ॥ मांसोत्थैःकठिनांकुरैश्चपरितोरुंधंतिकंठानिलं प्राणानाशुविकर्षयन्ति

मुनिभिःसारोहिणीप्रोच्यते १ (वातरोहिणीकेलक्षण) चिह्नानिवातरोहिण्यागलेमांसभवांकुरा ॥ ज्वरार्त्तिकारिणीतीव्रा शोषिणीकण्ठरोधिनी २ (पित्तरोहिणीकेलक्षण) मांसांकुराग लोत्पन्नादाहिनस्तीव्रवेदनाः ॥ सूक्ष्मत्वचस्त्वरापाकाश्चिह्नैः स्यात्पित्तरोहिणी ३ ॥

मनुष्यों के वात पित्त कफ गलेमें प्राप्तहो रुधिर और मांस को बिगाड फेर आप दुष्ट हो नानाप्रकारके गलेमें रोग करतेहैं और मांस से प्रकट भये जो कठिनअंकुर उनमे कंठको रोक तथा श्वास को रोकदे और प्राण को निकाल दे उसे रोहिणी नाम कंठरोग कहते हैं १ वातरोहिणी के ये लक्षणहैं गलेमें मांस के अंकुरहों सो ज्वर और पीडा शोष तथा कंठको रोकदे २ मांसके अंकुर जो हों उनमें दाह और तीव्रपीडा छोटे जल्दीपकें ये पित्तरोहिणी के लक्षणहैं ३ ॥

(कफरोहिणीकेलक्षण) मांसांकुरैःस्थूलतरैरपाकैःकंठांतरोत्थैःकठिनैरवेदनैः ॥ दीर्घैःस्थिरैःकंडुरशोथवद्भिर्ज्ञेयाभिषग्भिःकफरोहिणीसा ४ (रुधिरकी रोहिणीकेलक्षण) कंठांतरोत्थैःपिटिकैरुजान्वितैः सूक्ष्मैःसशोथैर्गलरोगकारकैः ॥ श्वासार्त्तिकासज्वरदाहमोहैर्ज्ञेयाबुधैरक्तभवाचरोहिणी ५ (कंठशालूकरोगकेलक्षण) कंठे जातंग्रन्थिरूपंकफोत्थं साध्यंशास्त्रैःकोलमज्जासमानम् ॥ स्थैर्यंकंडूशोफयुक्तङ्कठोरंविज्ञेयन्तंकंठशालूकरोगम् ६ ॥

मांस के अंकुर गलेमें मोटेहों पकेनहीं तथा कठिन पीडारहित लम्बेहों स्थिरहों खुजली सूजन रहितहों उसे वैद्योंने कफरोहिणी कहाहै २ कंठमें अंकुर छोटेहों और उनमें पीडाहो और सूजन तथा गलेके रोगोंको प्रकट करनेवाले श्वास पीडा खांसी ज्वर दाह मोहयुक्तहो उसे रुधिरकी रोहिणी रोग कहते हैं ५ कोल की मज्जा अर्थात् बेरकी गुठली के समान कंठमें गांठ पैदा हो वो कफसे प्रकट साध्यहै स्थिर वो खुजली सूजन कठोर ये कंठशालूक रोगके लक्षण कहे हैं ६ ॥

(अधिजिह्वारोगकेलक्षण) शोथोजिह्वामूलगस्तीव्रकण्डू

कफोद्भवः॥ जिह्वाबन्धोमहोग्रार्त्तिरधिजिह्वोविधीयते ७ (वलासाक्षरोगकेलक्षण) श्लेष्मानिलोगलेशोथंकुरुतःश्वासंभवम्॥ मर्मच्छिद्रंगुरुस्थूलंवलासाक्षंविदुर्बुधाः ८ (नासाशतघ्नीरोगकेलक्षण) वर्त्तिर्गलस्थाबहुवेदनान्वितामांसांकुरस्थापरिकंठरोधिनी॥ दोषैर्युताप्राणहरीसकंटकानासाशतघ्नीपरिकीर्त्तितावुधैः ९॥

जिह्वा के अग्रभाग में सूजन हो पके जीभ को स्तम्भन करदे बहुत पीड़ाहो उसे रुधिर कफसे प्रकट अधिजिह्वरोग कहाहै ७ कफ और वात गलम सूजन करै तथा श्वास और मर्मस्थानमें छिद्र तथा मोटा और भारीहो उस वलासाक्ष रोग कहाहै ८ उसे पंडितों ने नासाशतघ्नीरोगकहाहै जिसमें पीड़ायुक्त गलेमें वत्तीसी हो तथा मांसके अंकुरनसे कंठ रुकाहो दोषों से परिपूर्ण हो प्राण के हरनेवाली कंटियुक्त हो ९॥

(गलायुरोगकेलक्षण) ग्रन्थिर्गलस्थोबदरप्रमाणोनीरुक्स्थिरोऽसाध्यतमःकफात्मा॥ प्रोक्तोगलायुर्मुनिभिःकदाचिद्रोगंसपक्षंपरितोनपश्येत् १० (वलविद्रधिरोगकेलक्षण) शोथःसर्वंगलंव्याप्यवर्द्धतेबहुरोगवान्॥ त्रिदोषोत्थोमहान्वेद्यैःसंज्ञेयोवलविद्रधिः ११ (गलौघरोगकेलक्षण) शोथोगलस्थोबहुरूपधारीकंठावरोधीगलदाहकारी॥ श्लेष्मासृगुत्थोवलवीर्यहारी प्रोक्तोगलौघोमुनिभिर्विकारी १२॥

गलेमें गांठ बेर के समान हो पीड़ारहित स्थिरहो तो असाध्य कहा है यह कफसे प्रकट होताहै पक्षउपरांत नहीं रहै १० जो सूजन सबगलेमें व्याप्तहो फिर बढ़ै और बहुतसे रोगयुक्तहो उसे सन्निपातसे प्रकट वलविद्रधिरोग कहाहै ११ अनेकप्रकार की सूजन गलेमेंहो और कंठको रोकनेवाली तथा गलेमें दाहके करनेवाली और बल वीर्यका नाशक कफ रुधिरसे पैदा गलौघनाम रोग मुनीश्वरों ने कहाहै १२॥

अतिसूक्ष्मतरावदनांतरगाःपरितःखचितामुखतोदकराः॥पवनस्यविकारभवाबहुधापरिपाकयुतासितभाज्वरदा १३ अरुणद्युतयोमुखमध्यभवारतनुरूपधरावलवीर्यहराः॥ वदनार्त्तितृषाज्वर

दाहकराः पिटिकाःकिलपित्तभवाभणिताः १४ चिरपाकयुताविरुजाःकठिनाः कफकोपविकारभवामुखजाः॥ गुरवोल्पमसूरदलाकृतयःखरकंडुरदामुखपाककराः १५ ॥

बहुत छोटीफुंसी मुखके भीतर पैदा होयँ और मुख में पीड़ाकरैं तथा सफ़ेद और ज्वरके करनेवाली और पकनेवाली ये वातके विकारसे पैदा होती हैं १३ लालरंगकी फुंसी मुखमेंहों छोटी तथा बलवीर्यकी नाशक मुखमें पीड़ाकरैं तथा प्यास ज्वर दाहको करैं वो पित्तके विकारसे पैदा होतीहैं १४ जो फुंसी देरमें पकैं पीड़ाहो या नहीं कठिन और मसूरकेदाल कीसमानहों तीखी खुजलीचलै और बड़ीहों तथा मुखके पाककरनेवाली ये कफके विकारसे होती हैं १५ ॥

पित्तशोणितकोपेनमुखपाकोभिजायते ॥ ऊष्मारतिव्यथादाहज्वरशोषतृषार्त्तिकृत् १६ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेगलमुखरोगाणांलक्षणानि ॥

पित्त और रुधिरके कोपसे मुखपाक होताहै वो गरमी तथा अरतिपीड़ा दाह ज्वर शोष प्यास इनका करनेवाला होताहै १६ इति माथुरदत्तराम पाठकप्रणीतहंसराजार्थबोधिनीटीकायांगलमुखरोगनिदानंसमाप्तम् ॥

(अथ कर्णरोगनिदानम्) वातःप्रचण्डःस्वगतिंनिरुध्यंश्लेष्मान्वितोवक्रगतिंविधाय ॥ कर्णांतरेपीडयतीवकोपात्तत्कर्णशूलंकथितंभिषग्भिः १ (कर्णनादकेलक्षण) कर्णस्रोतांसिसंवेष्ट्यसंभ्रमन्मारुतोबली ॥ करोतिविविधाञ्छब्दान्कर्णनादःसकथ्यते २ स्रोतांसिकर्णयोर्यस्य वहन्तिश्लेष्ममारुतौ ॥ समनुष्योल्पकालेनबधिरत्वंप्रजायते ३ ॥

प्रचंड जो वात सो अपनी गतिको रोक और कफके संगहै टेढ़ीगतिसे चलै और कानमें पीड़ाकरै उसे वैद्य कर्णशूल कहतेहैं १ प्रबल जो वात सो भ्रमणकरताहुआ कानोंके छिद्रों को बंदकर और अनेक प्रकारके शब्द करै उसे कर्णनाद कहतेहैं २ जिसके कानमें वात और कफ प्राप्त होजाय वह मनुष्य थोड़ेही कालमें बहिरा होजाताहै ३ ॥

(शब्दछ्वेडकेलक्षण) पित्तश्लेष्मान्वितोवायुःकर्णरन्ध्रेषुसंस्थितः॥ करोतिगुंजवच्छब्दंमशब्दःछ्वेडउच्यते ४ (श्रावगदरोगकेलक्षण) जलस्यपातात्श्रुतिरन्ध्रमध्येशस्त्रादिकैर्वाशिरसोभिघातात्॥ वातार्दितोयःश्रवणःसरक्तंपूयंस्रवेत्श्रावगदोनिरुक्तः ५ (कर्णगूथरोगकेलक्षण) वातेरितःकफःकुर्यात्कंडूश्रवणयोर्द्वयोः॥ श्लेष्मापित्तोष्मणःशुष्कःकर्णगूथःसजायते ६॥

पित्त कफयुक्त जो वात सो कानों के छिद्र में स्थित होय तब मनुष्यके कानों में गुञ्जार शब्दहो उसे शब्द छ्वेडरोग कहते हैं ४ कानमें जलके पड़नेसे तथा शस्त्रआदि के लगनेसे अथवा शिरमें चोटके लगनेसे वातसे पीड़ित कानमेंसे जो रुधिर और राद निकलै उसे श्रावगदरोग कहते हैं ५ वातकरके प्रेरित जो कफ सो दोनों कानोंमें खुजली पैदाकरै और पित्तकी गर्मी से कफ शुष्क होजाय तब कर्णगूथरोग पैदा होताहै ६॥

(प्रतीनाहकेलक्षण) सकर्णगूथोद्रवतांयदानयेत्पुनश्चतत्रैवविलीयतेनिशम्॥ मुखंचनासांमपुनःप्रपद्यतेबुधैःप्रतीनाहमिहोच्यतेतत् ७ (कृमिकर्णरोगकेलक्षण) श्लेष्मामूर्च्छांगतःकर्णेजंतूंश्चसृजतेबहून्॥ शिरोर्द्धेकुरुतेपीडांकृमिकर्णोबुधैःस्मृतः ८ श्रवणेश्लेष्मणापूर्णेसंप्रविश्येवमक्षिका॥ जंतूंश्चस्रवतेशीघ्रंकृमिकर्णोविधीयते ९॥

वोही कर्णगूथरोग पतलाहोकर फेर जातारहै फेर मुख और नाकमें पैदाहो उसे वैद्योंने प्रतीनाहरोग कहाहै ७ कफ कानमें मूर्च्छितहो बहुत कृमि पैदाकरै और आधे मस्तकमें पीड़ाहो उसे कृमिकर्णरोग कहाहै ८ कफसे परिपूर्ण कानमें मक्खी प्रवेशकर कीड़ेनको पैदाकरै उसकोभी कृमिकर्णरोग कहतेहै ९॥

पतंगोवाथवाकीटःप्रविश्यश्रवणांतरे॥ नराणांकुरुतेपीडांव्याकुलंक्षतसंचयम् १० कीटःप्रविश्यकर्णांतेकिल्लीस्फोटयतेनिशम्॥ विद्रधिंकुरुतेशीघ्रम्बाधिरत्वंप्रकल्पयेत् ११ (कर्णपाकरोगकेलक्षण) कर्णस्यमध्येपिटिकाव्जकर्णिकाकाराकृतिस्तोदतृषा

ज्वरान्विता ॥ शोपोल्पपाकःपवनात्मकोयं प्रोक्तोभिपग्भिःकिल कर्णपाकः १२ ॥

पतंग अथवा कीडा कानमें प्रवेशकर मनुष्यको पीडितकरै तथा कान में घावकरदे १० कीडाकानमें घसकर किल्लीमारै वो विद्रधि और वहिरापना करदे ११ कानमें फुंसी कमलकर्णिका के आकार पैदाहों तथा पीडा तृपा ज्वर शोप थोडा पाकयुक्तहो वो वातसेपैदा वैद्योंने कर्णपाकरोग कहाहै १२

(पित्तकर्णपाककेलक्षण) कर्णान्तरेकोशविदीर्णकारीदाहार्त्ति क्लेदस्यविकारधारी ॥ वैकल्यकृद्वीर्यवलोपहारीपित्तात्मकोयंकिल कर्णपाकः १३ (कफकर्णपाककेलक्षण) स्थूलत्वक्कर्णविस्फोटकंडू शोपार्त्तिपाकवान् ॥ पूयस्रावीमहाक्लेदीकर्णपाकःकफात्मकः १४ क्षतोत्पाटनात्कर्णपाकेम्बुपूर्णाद्भवेद्विद्रधिःकर्णविध्वंसकारी ॥ म हारुक्करोर्तिप्रदोदीर्घशोफंमुहुःस्रावदुर्गंधकृत्कष्टपाकी १५ ॥

जो फुंसी कानके भीतरी झिल्लीको फोडकर दाह पीडा क्लेदयुक्त वेकली करै तथा वीर्य वलका नाशकरै उसे वैद्योंने पित्तका कर्णपाक कहाहै १३ स्थूल त्वचा और कानमें फूटन खुजली शोप पीडा पाकयुक्तहो रादनिकले महा क्लेदयुक्त उसे वैद्य कफका कर्णपाकरोग कहते हैं १४ कानमें घावहो-गयाहो उसपरसे खुंड उखाडने से तथा कर्णपाकमें पानीकेपडनेसे कान में विद्रधि रोग कानका विध्वंस करनेवाला पैदाहोताहै उसमेंपीडा और सूजन तथा स्राव और दुर्गंध और कष्ट से पकै ये लक्षण होते हैं १५ ॥

(वातपूतिकर्णरोगकेलक्षण) पूयंस्रवेद्यःश्रवणोथपूतिंचिरस्फो टपीडारतिगुंजघोषः ॥ शोपार्त्तदैर्युग्ज्वरशूलयुक्तोवातात्मकोयं खलुपूतिकर्णः १६ (पित्तपूतिकर्णकेलक्षण) अत्यन्तदाहोवहुती व्रवेदना नित्यंस्रवेद्यःश्रवणोतिपूतिः ॥ पूयंचपीतंपरिपित्तजोयं प्रोक्तोभिपग्भिःकिलपूतिकर्णः १७ (कफपूतिकर्णकेलक्षण) कर्ण स्रावंपूयमुग्रंसपूतिंशोथःस्निग्धःक्लेदवैश्रुत्यकंडूः ॥ शुक्लस्थैर्यंश्ले ष्मजंदीर्घपाकं विद्याद्रोगंपूतिकर्णंनितांतम् १८ इति श्रीभिषक् चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेकर्णरोगलक्षणानि ॥

जिसमेंसे रादबहै कानमें पूति तथा फूटन पीड़ा अरति गुंजारहोना शोथ अर्बुद ज्वर शूल इनकरके युक्तहो वो वातको कर्णपूतरोग कहाहै १६ जिसमें दाह तीव्र दुःख नित्यहो कानमें रादस्रवै तथा राद पीली निकसै उसे वैद्योंने पित्तका कर्णपूतिरोग कहाहै १७ कानमें से पीव वासकेसाथ निकले तथा चिकनी सूजन क्लेदयुक्तहो तथा कानमें खुजली चलतीहो सफ़ेदहो देरमें पके वो कफका कर्णपूतिरोग जानना १८ इति श्रीमाथुर दत्तरामपाठकनिर्मितायांहंसराजार्थबोधिनीटीकायांकर्णरोगास्समाप्ताः ॥

(नासारोगलक्षणम्) आनह्यतेयेनगदेननासिकाविशुध्यते पूय्यतितुद्यतेक्वचित् ॥ नगंध्यतेक्लिद्यतिखिद्यतेथवा सपीनसोरुक्कथितोभिषग्वरैः १ (क्षवथुरोगकेलक्षण) यदाघ्राणमर्मस्थलेसंविकारे कफेनावलिष्टोमरुन्नासिकायाः ॥ तदायातिबाह्यान्तराच्छब्दयुक्तोनिरुक्तोभिषग्भिर्वरिष्ठःक्षवोऽयम् २ (पूतिनस्यरोगकेलक्षण) पक्वैर्दोषैर्यदावातस्तालवादौमूर्च्छितोभवेत् ॥ नासौनिस्सरतेपूतिःपूतिनस्यंचतद्वदेत् ३ ॥

जिसमें कफ से नाकबंधजावे और पीब बहै तथा क्लेशहो और जिस में सुगन्ध दुर्गन्धका ज्ञान न हो तथा पीड़ाहो उसे वैद्योंने पीनसका रोग कहाहै १ जिसकी नाकमें पवन दुष्टहोकर नाकके मर्मस्थानोंको दुःखित करै फिर वही नाककी पवन कफसे मिलकर शब्दयुक्त भीतरसे बाहर निकसै उसे वैद्योंने क्षवथु अर्थात् छींककारोग कहाहै २ जिसके गला तालूके मूलकी पवन दोषोंको बिगाड़कर आप गलेमें मूर्च्छित हो नाकसे दुर्गंधयुक्त निकसै उसे पूतिनस्य कहतेहैं ३ ॥

(नासापाककेलक्षण) नासिकायांस्थितंपित्तंपरुषीकुरुतेनिशम् ॥ नासिकापाकमित्याहुर्दाहक्लेदव्यथान्वितम् ४ (पूयरक्तकालक्षण) दोषेषुपक्वेषुललाटमध्येपूयंसरक्तंमुखनासयुक्तम् ॥ दुर्गंधियुक्तंबहुशःस्रवेत्तत्प्रोक्तम्भिषग्भिःकिलपूयरक्तम् ५ (प्रदीप्तरोगकेलक्षण) दाहान्वितायाःपरिनासिकायाः संनिःसरेद्धूमघनंजयाभ्यां॥सार्द्धंसतोदीपवनःप्रचंडोरोगम्प्रदीप्तंप्रवदंतिवैद्याः ६

नाकमें पित्तदुखितहो फुंसीको पैदाकर और वो पकजाय तथा दाह राद व्यथायुक्तहो उसे नासिकापाकरोग कहते हैं ४ ललाटमें दोषोंके पकने से रुधिर राद और दुर्गंधयुक्त मुख नाक बहुत स्रवै उसे पूयरक्तरोग कहते हैं ५ जिसकी नाकसे दाहयुक्त प्रचंड पवन निकलै तथा धुआं निकले और पीडाहो उसे प्रदीप्तरोग कहते हैं ६ ॥

(प्रतीनाहरोगकेलक्षण) रुंध्यान्मार्गंनसोवायुःश्लेष्मणास हितोबली ॥ प्रतीनाहंचतंरोगंविद्यादाधुनिकोभिषक् ७ (नासा शोषकेलक्षण) घ्राणोत्थःश्लेष्मसंघातःपक्वपित्तोष्मणानिशम् ॥ वातेनशोषितःसोयंशोषःप्रोक्तोभिषग्वरैः ८ (पक्वपीनसकेलक्ष ण) श्लेष्मातिसांद्रःपरिगन्धहीनःशिरोलघुत्वंस्वरवर्णशुद्धिः ॥ नासावकाशंपवनप्रवृत्तिश्चिह्नानिपक्वस्यहिपीनसस्य ९ ॥

नाककी पवन कफसे मिलकर श्वासको रोकदे उसे प्रतीनाहरोग अब- के वैद्यकहते हैं ७ नाकमें उठा जो कफका समूह वो पित्तकी गर्मीसे पक- जाय फिर वात उसको सुखायदेय तब मनुष्य श्वास कठिनसे ले उसे नाताशोष कहते हैं ८ जब जुखाम पकजाताहै तब ये लक्षण होतेहैं गंधर- हित गाढा कफ निकलै शिर हलका हो स्वरका वर्णशुद्धहो नाकशुद्ध पवन अच्छीतरह निकले ये पकीपीनसके लक्षणहैं ९ ॥

(पीनसरोगकीउत्पत्ति) घ्राणांतरेसूक्ष्मरजोनिपाताद्धुद्भ्रापणा न्मैथुनतोर्कतापात् ॥ शीर्षाभिघाताद्बहुशीतसेवनाद्वातःप्रतिश्या यगदंप्रकुर्यात् १० (पीनसरोगकापूर्वरूप) शिरोगुरुत्वंचप्रह ष्टरोमशरीरमार्द्रक्षवथुप्रवृत्तिः ॥ निद्रालसत्वंनयनाश्रुपातोभवे त्प्रतिश्यायपुरोहिचिह्नम् ११ (वातकीपीनसकेलक्षण) स्वरोप घातोगलतालुजिह्वाशोषोथनासापिहिताक्वचित्स्यात् ॥ स्रावो तिसूक्ष्मःपरिशंखपीडामरुत्प्रतिश्यायरुजोपचिह्नम् १२ ॥

नाकमें धूलिके जानेसे उद्भ्रापणसे मैथुनकेकरनेसे सूर्यके घाममें रहने से शिरमें चोटलगनेसे बहुतशीतके सेवनकरनेसे कुपित जो वात सो पीनस रोगको पैदाकरै१०शिरभारी रोमांच शरीरका टूटना बारबार छींकआना

नींद और आलकस तथा नेत्रों से अश्रुपातहो ये पीनसके पूर्वमें होतेहैं ११ स्वर बैठजाय गला तालू जीभ इनका सूखना नाकका मार्ग रुकजाय थोड़ा पतला गरमपानी गिराकरै कनपटीदूखें ये वातकीपीनसके लक्षणहैं १२॥

(पित्तकीपीनसकेलक्षण) नासास्रावोमहातप्तपीनसोवह्निधूमवान् ॥ सदाहःपैत्तिकोज्ञेयःश्लेष्मजःकथितोबुधैः १३ (कफकीपीनसकेलक्षण) शुक्लाभोनासिकास्रावोगलोष्ठातालुकंडुवान्॥ शिरस्तोदःप्रतिश्यायःश्लेष्मजःकथितोबुधैः १४ (रुधिरकीपीनसकेलक्षण) रक्तस्रावःशिरःपीडादाहःशंखद्वयेऽनिशं ॥ रक्तत्वं नेत्रयोर्ज्ञेयःप्रतिश्यायःसरक्तजः १५ ॥

जिसकी नाक में गरम गरम पानी गिरे और अग्निके समान धुंआं निकलै तथा दाहहो वो पित्तकी पीनस कही है १३ नाकसे पानी सफेद और गला तालू ओठ इनमें खुजली चलै मस्तक भारीरहै उसे कफकी पीनस कहते हैं १४ जिसकी नाकसे रुधिर गिरै मस्तक में और दोनों कनपटीन में दर्द नेत्र लाल इन लक्षणों से रुधिरकी सरेकमां, अर्थात् पीनस जाननी १५॥

(सन्निपातकीपीनसकेलक्षण) श्वासपूतिवहोनाहःक्लेदोजंतुषुनिर्हितः॥ चिह्नैरेतैरसाध्योयंप्रतिश्यायस्त्रिदोषजः १६ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेनासारोगलक्षणानि ॥

जिसकी नाकसे वास युक्त पवन निकलै आनाहरोग हो क्लेदयुक्त तथा कृमि पड़जायँ इनलक्षणों से सन्निपातकी पीनस कहीहै १६ इति माथुरदत्तरामपाठकप्रणीतायाहंसराजार्थबोधिनीटीकायांनासारोगलक्षणानि ॥

अथ नेत्ररोगनिदानम् ॥

(नेत्ररोगोत्पत्तिः) शीर्षोपघाताद्विषतीक्ष्णसेवनान्नेत्रांतरेधूमरजोतिपातात् ॥ सूर्येक्षणात्सूक्ष्मनिरीक्षणान्मुहुर्दोषारुजंसंजनयन्तिनेत्रयोः १ शुक्रावरोधाद्युवतीप्रसंगाद्धातोर्विकाराज्ज्वलनस्यतापात् ॥ नाड्यादिमोक्षाद्बहुमैथुनाच्च नेत्ररुजंसंजनयन्तिदोषाः २ (वातकेनेत्ररोगकेलक्षण) विशुष्कतास्पंदनतातिरूक्षता

प्रतोदताकर्कशताद्यशुद्धताः ॥ प्रधर्षतास्तंभनताश्रुपातान्नृणां चनेत्रेपवनात्मकोभवेत् ३ ॥

शिरमें चोटलगनेसे विष अथवा तीखी वस्तुके सेवनसे नेत्रों में धुँआं और धूलि के पडने से सूर्य्य के सामने देखनेसे छोटी वस्तुके देखने से कुपितहुये जो वातपित्त कफ सो नेत्ररोगको पैदा करतेहैं १ वीर्यके रोकने से बहुत स्त्रीके संगसे धातुके विकारसे अग्निके तापसे फस्तछुडाने से बहुत मैथुनसे नेत्रमें तीनों दोष नेत्ररोग करतेहैं २ नेत्रों का सूखना तथा फडकना रूखापन पीडा कर्कशता अशुद्धता प्रधर्षता स्तंभनता अश्रुपातका गिरना ये लक्षण वातके नेत्ररोगमें होतेहैं ३ ॥

(पित्तकेनेत्ररोगकेलक्षण) उष्णोष्णबाष्पोरविणातितापःशूलारतिःपांडुरताशिरोर्त्तिः ॥ दाहोल्पपाकोमहतीचपीडानेत्रेभवेत्पित्तमयेनराणाम् ४ (कफकेनेत्ररोगकेलक्षण) तन्द्रातिशोफोगुरुताशिरोर्त्तिर्दाहोल्पपाकोमहतीचपीडा ॥ ऊष्माविशेषोग्निसमानदाहः स्रावोरतिःशूलमतीवपीडा ५ (नेत्रमंथकेलक्षण) विवर्णताशोणितमाविपाकोरक्तस्रवःस्यान्नयनेनराणाम् ॥ निर्मथ्यनेत्रन्दधिमन्थलक्षणैर्वायुस्ततोगच्छतिमूर्ध्निविक्रमम् ६ ॥

सूर्य्यके घामसे गरमीहो तथा गरम गरम पानी निकले शूल और अरति पीलियाहो शिरमें दर्दहो दाह हो थोडापके पीडा ज्यादा हो ये लक्षण पित्तके नेत्ररोगके हैं ४ तंद्रा सूजन मस्तक भारी दाह थोडापके पीडा बहुत हो गरमी बहुत हो अग्निके समान दाह हो अश्रुपात हो अरति शूल ये कफके नेत्ररोगके लक्षण हैं ५ जिसके नेत्र बुरेहों पकजायँ रुधिर गिरे और दधिमंथ लक्षणों से नेत्रों को मथनकर पवन मस्तकमें प्राप्तहोताहै ६ ॥

निपीड्यशीर्षंपुनराक्रतोततोजानीहितंपण्डितनेत्रमन्थनम् ॥ आयातियातिप्रकरोतिवेदनांवातःप्रचण्डोनयनांतरेभ्रुवोः७(वातभ्रमणरोगकेलक्षण) शीर्षास्थिशंखन्त्वथरक्तनेत्रे जानीहिवातभ्रमणंगदन्तम् ॥ अवेदनाकंडुविशुष्कतास्याल्लघुत्वमक्ष्णोश्च प्रसन्नमार्गः ८. मलप्रवृत्तिर्बहुधानिशान्तेविपक्वदोषंप्रवदन्तिस

न्तः ॥ पक्वोदुम्बरवत्स्निग्धोगरिष्ठःकंडुशोफवान् ॥ जलस्रावो ऽल्पसन्तोदोनेत्रपाकःकफोद्भवः ९ ॥

और मस्तकमें पीडाकर फेर लौटकर नेत्रमें प्राप्तहो ऐसेही आवे और जाय और नेत्र में तथा भृकुटीमें पीडाकरै उसे पण्डितों ने नेत्रमंथ रोग कहाहै ७ मस्तककी हड्डीमें कनपटीमें मालमें तथा नेत्र लालहों उसे वात भ्रमण रोग कहाहै नेत्रपाककेलक्षण पीडारहित तथा खुजली न चलै तथा अश्रुपात रहितहो और नेत्रोंमें हलकापन हो नेत्रों का मार्ग स्वच्छहो ८ विशेष कीचड़ काआना रात्रीके अंतमेंहो तब जानना कि दोषपाकहुआ पके गूलरके समान तथा चिकने और भारी तथा खुजली और सूजनयुक्त जल बहे थोडी पीडाहो इसको कफसे प्रकट नेत्रपाक जानना ९ ॥

(शिरपाकनेत्रकेलक्षण) नेत्रेसमर्थेपरिवीक्षितुंदिशः स्फोटो ललाटेबहुवेदनान्वितः ॥ शूलश्चदाहोग्निसमोभ्रमोभवेद्रोगोभि षग्भिःशिरपाकईरितः १० आच्छाद्यदृष्टिनयनेविनिर्गतं शुक्रंसि ताभंपरिवर्द्धतेनिशम् ॥ सूच्याप्रविद्धंखलुनाशमेति नोचेद्बुधाःशु क्रव्रणंवदन्ति ११ नेत्रांतरेकज्जलिमासमीपेशुक्रद्वयंसूक्ष्मतरंचि रोत्थम् ॥ मुक्तावभासंगततोदपाकंतत्कष्टसाध्यंमुनयोवदंति १२ ॥

नेत्रचारों ओर देखने को समर्थहों बहुत पीडा और शूलयुक्त ललाट में फूटनहो अग्निके समान दाह हो भ्रम हो उसे वैद्योंने शिरपाक रोग कहाहै १० जिसके नेत्रमें शुक्रकी बूंद आयजावे उससे कुछ न दीखे और वो दिन दिनमें बढ़े और सुई छिदने के समान बींधनेवाला होकर यदि नाश को न प्राप्तहो तो उसे पण्डितलोग शुक्रव्रण कहते हैं ११ जिसके नेत्रकी काली जगे पर छोटीछोटी दोबूंद मोती के समान बहुत कालकी प्रकटभई हो और उनमें पीडा न होतीहो और न पके उसे कष्टसाध्य मोतियाबिंद मुनियों ने कहाहै १२ ॥

(असाध्यमोतियाबिंदलक्षण) शुक्रद्वयंवात्रितयंचतुष्टयंनिर्वेदनं नेत्रगतंनिपाकं ॥ विहायसीचाभ्रदलावभासंस्यादप्यसाध्यंनिवि डंचिरोत्थम् १३ दोषत्रयोत्थंनयनांतरस्थंनीलावभासंनिविडंविस र्प्पम् ॥ स्निग्धंदृढंदृष्टिपथावरोधंस्पंदात्मकंशुक्रमसाध्यमाहुः १४

नेत्रांतरस्थंरुधिराभासं मांसोत्थितंस्थूलदलंविशालम् ॥ विच्छिन्नमध्यंपरिचंचलंचशुक्रंभिषग्भिस्तदसाध्यमुक्तम् १५ ॥

जिसके नेत्रमें दो वा तीन वा चार बूंद नेत्रके बीचहो उनमें पीडाहो और पकजावे और बादल वा आकाशके रंगकी बूंदहो मिलीभई तथा बहुत दिनकी ये असाध्यहैं १३ जो तीनों दोषों से उठी होय और नीलेरंग की मिलीहुई किञ्चित् चलायमान चिकनी और दृष्टिको रोकदे ऐसीशुक्र की बूंदभी असाध्यहै १४ नेत्रमें रुधिरके रंगकी शुक्रकी बूंदहो और वो मोटी तथा लंबीहो विच्छिन्न मध्यहो और चंचलहो ऐसा रोगी वैद्योंने असाध्य कहाहै १५ ॥

एकंद्वयंवात्रितयंचतुष्टयंसंछाद्यनेत्रंपरिवर्द्धतेनिशम् ॥ शोफोष्णबाष्पोरविपाकसाधनंशुक्रंविदग्धंतदसाध्यमादिशेत् १६ (इतिनेत्रशुक्रलक्षणानि) (नेत्रकेप्रथमपटलकेलक्षण) आवृत्य नेत्रपटलेव्यवस्थितेव्यक्तानिरूपाणिनरःप्रपश्येत् ॥ (नेत्रद्वितीय पटलकेलक्षण) एवंद्वितीयेपटलेक्षिसंस्थे सूचीमुखंदृष्टिगतंनपश्यति १७ (नेत्रतृतीयपटलकेलक्षण) नेत्रांतरस्थेपटलेतृतीयेदृष्टिर्भृशंविह्वलतांसमेति ॥ आभासमात्रंखलुपश्यतीहसाध्यं शिशुत्वेखलुनान्यवस्थाम् १८ ॥

एक दो तीन चारबूंद नेत्रमेंहों और नेत्रकी दृष्टिको ढकदेवें और नित्य बढ़ै तथा सूजन गर्मी अश्रुपातका पडना ये शुक्र विदग्धके लक्षणहैं येभी असाध्यहैं १६ इतने रोग नेत्रके शुक्लभागमें होते हैं नेत्रके प्रथम पटल में दोषों के पहुँचने से मनुष्यको यथार्थ न दीखे ऐसेही नेत्रके दूसरे पटल में दोष पहुँचनेसे सुईका तथा मक्खी मच्छर बालकाभी समूह नहीं दीखै १७ नेत्रके तीसरे पटल में दोष पहुँचने से दृष्टि विह्वल होजाय कुछ कुछ झांई मालूमहो ये बालअवस्थामें साध्यहै और में नहीं १८ ॥

(नेत्रचतुर्थपटलकेलक्षण) यस्यावरुद्धेपटलेननेत्रेदृष्ट्यान पश्येत्सनरोर्कबिम्बम् ॥ विद्युल्लतांचन्द्रसमंसतारंतत्काचसंज्ञं पटलंचतुर्थम् १९ (वातकीदृष्टिरोगकेलक्षण) दृष्ट्यामहत्यापट

लेनरुद्धयासमीरणोत्थेनविकारकारिणा ॥ रूपाणिसर्वाण्यरुणा निमानवाःपश्यन्तिपीतप्रभयाविदग्धया २० (पित्तकीदृष्टिरोगके लक्षण) पटलेनावृतादृष्टिःपित्तकोपोत्थितेनसा ॥ नीलानिसर्व वर्णानि परिपश्यन्तिसम्भ्रमम् २१ ॥

नेत्रके चतुर्थ पटलमें दोष पहुंचने से मनुष्यको सूर्य्य चंद्र और बिजली और तारागण ये न दीखें वो कांचसंज्ञक और इसीको लिंगनाशक और नजला तथा मोतियाबिंदभी कहतेहैं १९ जिसकी दृष्टि वादीके विकारसे आच्छादितहो उसे लालरंग पीला दीखे २० जिसकी दृष्टि पित्तके कोपसे ढकीहो उसे भ्रमसे सबरंग नीले दीखें २१ ॥

(कफकीदृष्टिरोगकेलक्षण) आच्छादितायापटलैःकफोत्थैर्दृष्टिः सिताभैरिवसूर्यमभ्रैः ॥ नेत्रांतरस्थैःपरितोविपश्येत्सर्वाणिरूपाणिसितप्रभानि २२ दृष्टेरूर्ध्वस्थितेदोषेनपश्येदूर्ध्वसंस्थितान् ॥ दृष्टेरधःस्थितेदोषेनरोधस्थान्नपश्यति २३ दृष्टेःपार्श्वेस्थितेदोषेपार्श्वस्थान्नैवपश्यति ॥ दृष्टेर्मध्यगतेदोषे यदेकंमन्यतेद्विधा २४ ॥

कफके विकारसे पटल जिसकी दृष्टि रोकदे उसको सूर्य्य और आकाश तथा सबरंग सफेद दीखें २२ दृष्टिके ऊर्ध्वभागमें दोष स्थित होय तो ऊपर की वस्तु न दीखें और नीचेके भागमें दोषहो तो नीचेकी कोई वस्तु न दीखें २३ और दृष्टिके पृष्ठभागमें दोष हो तो पृष्ठस्थित को नहीं दीखें तथा दृष्टिके मध्यमें दोषहोय तो एक वस्तुकी दो दीखें २४ ॥

रक्तबिन्दुर्भवेन्नेत्रे चंचलःपरुषोनिलात् ॥ पित्तात्पीतंतथानीलंस्निग्धःपांडुःसितःकफात् २५ यःसर्वधूम्राणिनरोविपश्येत्सधूम्रदर्शीमुनिभिःप्रदिष्टः ॥ यश्चित्ररूपाणिदिवाप्रपश्येत् सवैमनुष्योनकुलांधसंज्ञः २६ संकुच्याभ्यंतरेयाति मुहुर्दृष्टिःकपर्दिका ॥ बाह्यमायातिसंवृत्यगम्भीरंतंविदुर्बुधाः २७ ॥

वादीसे मनुष्यके नेत्र चञ्चल और लाल बिन्दु युक्तहों और पित्तसे पीले तथा नीले और कफसे चिकने और सफेद तथा पांडुरंगके होतेहैं २५ जिस मनुष्यको सब वस्तु धुंयेंके रंगकीदीखें उसे धूम्रदर्शीमुनियोंने कहाहै और रातमें जिसको चित्रविचित्र रंगकीदीखें उसे नकुलांधअर्थात् रतौंधकारोग

कहाहै २६ जिस मनुष्यकी दृष्टि दर्पणकी संकोचको प्राप्त हो जब दर्पण हट जावे तब यथार्थ होजावे उसे गंभीररोग वैद्य कहते हैं २७ ॥

नेत्रसंधौस्थितःशोफःपक्वंपूयंस्रवेत्तुयः ॥ पूतिसांद्रंसरक्तंवापूयलाख्यंविदुर्बुधाः २८ संधौचैवबृहद्ग्रन्थिरपाकीनीरुजोदृढः ॥ उपनाहःसविज्ञेयोगदज्ञैःकंडुरोगदः २९ नेत्रसन्धौसमुत्पन्ना पिटिका शोणितोद्भवा ॥ रक्तमुष्णस्रवेन्नित्यमसाध्यारुक्प्रकीर्त्तिता ३० ॥

जिस मनुष्यके नेत्रकी संधी में सूजनहो और वो पकजावे तथास्रवै और वासयुक्त तथारुधिरस्रवै उसे पूयलाख्य रोगवैद्यकहतेहैं २८ जिसमनुष्यके संधीमेंबड़ीगांठहो और वह पकेनहीं न पीड़ाकरै दृढ़हो खुजली चले उसे वैद्योंने उपनाह रोग कहाहै २९ नेत्रकी संधी में रुधिरसे फुंसी पैदा हों उनसे रुधिरस्रवै वो असाध्य कहिये ३० ॥

उद्धृत्यवर्त्मरोगाणिजायंतेभ्यंतरेमुहुः॥ रुन्धंतिगोलकेनेत्रेपरिवाराणितानिवै ३१ संधौपक्ष्माणिमांसाभा कंडूशोफसमन्विता ॥ चिमुचिमांवुयुतावेद्यैर्ब्राह्मणीसानिगद्यते ३२ अक्ष्णोर्वर्त्मनिसम्भवाश्चपिटिकाःसूक्ष्माघनाःसंवृताः पीताभाबहुवेदनाखरतराश्चेयाश्चवातोद्भवाः ॥ पित्तोत्थाःपिटिकाःखरानयनयोरभ्यन्तरेसंस्थिता दुःस्पर्शाबहुदाहशूलसहिताःस्रावान्विताःकण्डुराः ३३ ॥

जिस मनुष्यके कोयेके बाल उखड़कर भीतर चलेजायँ और नेत्रके गोलको रोकदें उसे परवाल कहतेहैं ३१ संधीके पखवारोंमें मांसके आकार फुंसीहो उसमें खुजली और सूजन तथा चिमचिमी युक्तहो जलस्रवै उसे ब्राह्मणी रोग कहतेहैं ३२ नेत्रके मार्गमें जो फुंसीहो वह छोटी कड़ी गोल पीली पीड़ायुक्त खरदरीहो सो वातकी जाननी और खरदरी तथा नेत्रके भीतरीहो स्पर्श सहाजाय दाह शूल और स्रवै तथा खुजली चलै वो पित्त की फुंसी जाननी ३३ ॥

अक्ष्णोर्वर्त्मनिजायन्तेपिटिकाःकफसम्भवाः ॥ स्थूलामांसांकुराःक्लिन्नाःकंडूशोफार्त्तिपाकिनः ३४ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेनेत्ररोगलक्षणानि ॥

तथा मोटी मांसके अंकुरयुक्त गीली खुजलीयुत सूजन पीड़ा और पक

जावै वो कफकी मरोडी जाननी ३४ इति हंसराजार्थबोधिन्यांनेत्ररोगलक्षणंसमाप्तम् ॥

(अथ मस्तकरोगनिदानम्) अत्यम्लसेवाच्छिरसोभिघाताद्भूमौशयानाज्जलमध्यपातात् ॥ रात्रौदिवाजागरणाच्चशीताद्वातादिदोषाःप्रभवन्तिशीर्षे ३५ (वातपित्तकमस्तकरोगलक्षण) शीतेनशीर्षेनिशिवातपीडाक्वचिद्दिवापिप्रभवेत्सशूला ॥ तापेन पित्तप्रभवातितीव्राज्वालान्विताशूलवतीसशोषा ३६ (कफके मस्तकरोगकेलक्षण) शीर्षेगुरुत्वञ्चकफेनपीडास्यादालसत्वंमुहुरश्रुपातः॥ निद्रावमित्वंमुखनासिकाभ्यांस्रावोविपाकःसशिरोभिघातः ३७ ॥

अत्यन्त खटाई खानेसे शिरमें चोट लगनेसे पृथ्वीपर सोनेसे जलमें गिरनेसे रातदिन जागने शरदीसे कुपितहुये जो वात पित्त कफसो मस्तकरोग पैदा करते हैं ३५ बादीसे मस्तकमें रातको दर्दहो कभीदिनमें भी शूल चलै पित्तसे पित्तजनितही अत्यन्त तीव्रज्वाला और शोषयुक्त पीडा हो ३६ शिरभारी आलस्य अश्रुपातका पडना निद्रा वमन मुखनाकका स्राव तथा पाक और पीडा ये कफके दोषमें होताहै ३७ ॥

(रुधिरकेमस्तकरोगकेलक्षण) शीर्षेतिदाहोमहतीचपीडानासामुखाभ्यांबहुरक्तपातः ॥ भवेद्भ्रमोधूमवतीचनासारक्तप्रकोपेनशिरोभिघातः ३८ दोषेषुसर्वेषुशिरोगतेषु लिंगानिसर्वाणिभवन्तिशीर्षे ॥ कासप्रवृत्तिश्चिरकालपाकः प्रोक्तोभिषग्भिःशिरसोभिघातः ३९ (कृमिकेमस्तकरोगकेलक्षण) निर्भिद्यतेजन्तुभिरुग्रतुण्डैः संतुद्यतेयस्यशिरोनितान्तम् ॥ घ्राणाच्छ्रवेच्छोणितमुग्रवेदना शिरोभिघातःकृमिभिर्भवेत्सः ४० ॥

शिरमें दाह घोर पीडा नाक और मुखसे रुधिर गिरै भ्रम तथा नाकसे धूम निकलै ये रुधिरसे मस्तक रोगजानना ३८ सन्निपातके मस्तकरोगमें त्रिदोषके चिह्न मिलतेहों तथा खांसी और देरमेंपके वो वैद्योंने सन्निपातका कहाहै ३९ जिसके शिरमें कृमि पडजावैं उसके शिरमें घोर पीडाहो नाकसे रुधिर पडै वो कृमिका मस्तकरोग कहाहै ४० ॥

(आधाशीशीकालक्षण) भानूदयेर्द्धशिरसिप्रपीडासंवर्द्धते चांशुमतासहैव ॥ निवर्त्ततेशीतकरोदयेया सूर्य्यात्प्रवृत्तंतमवेहि वैद्य ! ४१ कफयुक्पवनःशीर्षेकरोतिविविधान्गदान् ॥ शिरोभ्रूशंखकर्णाक्षिललाटेतीव्रवेदनाम् ४२ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेशीर्षरोगलक्षणम् ॥

जिसका सूर्य्योदयसे आधा मस्तक क्रमसे दूखने लगै जब सूर्य्यास्तहो और चन्द्रमा उदयहो तब दर्दभी बंद होजाय उसे आधाशीशी कहते हैं ४१ कफयुक्त पवन शिरमें अनेक रोग पैदाकरै और शिर कनपटी भ्रुकुटी कान नेत्र ललाट इनमें घोरपीड़ा होय ४२ इति माथुरदत्तरामकृतहंसराजार्थबोधिनीटीकायांशीर्षरोगनिदानंसमाप्तम् ॥

अथ स्त्रीरोगलक्षणम् ॥

(प्रदररोगकीउत्पत्ति) आयासतःकुत्सितयानरोहाच्छोकाद्विरुद्धाशनतःप्रपातात् ॥ अत्यन्तभारोद्वहनादजीर्णात्स्याद्गर्भपातात्प्रदरोतिमैथुनात् १ योनिंविदीर्यसंजातं शोणितंसर्व्वदास्त्रियाः ॥ प्रदरन्तंविजानीहिवातपित्तकफोद्भवम् २ प्रवृत्तेप्रदरे नित्यं पाण्डुत्वंजायतेस्त्रियाः ॥ मूर्च्छाभ्रमस्तृषादाहःप्रलापःकृशतारुचिः ३ ॥

परिश्रमसे खोटी सवारी में बैठनेसे शोकसे खोटे भोजनसे गिरपड़नेसे भारी बोझउठाने से अजीर्णसे गर्भके पड़ने से अतिमैथुनसे प्रदरनाम स्त्रियों के रोग होताहै १ योनि को विदीर्ण कर जो रुधिर सदापड़े उसे वातका पित्तका कफका प्रदर रोगजानो २ प्रदर रोग पैदा होनेसे स्त्रीका वर्ण पीलाहोजाय और मूर्च्छा भ्रम प्यास दाह बड़बड़ाना कृशता अरुचि ये रोग होते हैं ३ ॥

(वातपित्तकेप्रदररोगकेलक्षण) योनिःस्रवेच्छोणितमल्पमल्पं श्यावंसकष्टंपवनात्मकंतत् ॥ पित्तोत्थितंसामिपरक्तमुष्णंदाहार्त्तिशूलभ्रमकंपकारी ४ (कफकेप्रदररोगकेलक्षण) योनिक्षनोत्थंरुधिरञ्चफेनिलंपीतारुणंस्निग्धतरञ्चपिच्छिलम् ॥ शैथिल्यकंडूकृमिशोथशीतकृज्जानीहितंत्वंप्रदरंकफोद्भवम् ५ (सन्निपातकेप्रदर

कालक्षण) दोषत्रयोत्थेप्रदरेयुवत्याःसर्व्वाणिलिंगानिभवन्ति काये ॥ उच्छ्वासशूलारतिपूतियुक्तेतस्मिन्नकुर्व्वीतभिषक्चिकित्साम् ६ ॥ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रे प्रदरलक्षणम् ॥

जिसस्त्रीकीयोनिसे कालेरंगकारुधिर कष्टसे थोड़ा थोड़ा निकले उसे वादीका जानो और मांसयुक्त गरम और दाहयुक्त रुधिर निकले तथा शूल भ्रम कंप से पित्तका जानना ४ योनि में से रुधिर झाग मिला चिकना पीला गाढ़ा लाल निकले और खुजली कृमी शिथिलता सूजन शीतलता युक्तहो उसे कफका प्रदररोग जानना ५ सन्निपात के प्रदरमें त्रिदोष के चिह्न होतेहैं तथा श्वास शूल अरति दुर्गंधि युक्त ऐसे प्रदर की वैद्य चिकित्सा न करै ६ ॥ इति हंसराजार्थबोधिन्यांप्रदररोगस्समाप्तः॥

(अथ योनिकन्दलक्षणम्) उच्चैःप्रपातान्नखदन्तघातादध्वश्रमात्कुत्सितवीर्य्ययोगात् ॥ कुयानरोहादतिमैथुनाद्वायोनौभवेत्कन्दकसंज्ञकोरुक् ७ योनौसंजायतेकन्दं लकुचाकृतिपूययुक् ॥ विवर्णस्फुटितंरूक्षंवातकन्तंविदुर्बुधाः ८ (पित्तकेयोनिकन्दकेलक्षण) रक्ताक्तंयोनिसम्भूतंचिञ्चिणीबीजसन्निभम् ॥ ज्वरदाहान्वितंपैत्तंयोनिकंदन्तमादिशेत् ९ ॥

ऊँचेस्थान के गिरने से नख दात के घात से रास्ता चलने से खोटा वीर्य्य होनेसे खोटी सवारी में बैठने से अति मैथुन से योनि में कंदसंज्ञक रोग होताहै ७ योनि में बड़हल के समान कंद हो उसमें से राद निकले और विवर्ण तथा फटा रूखा हो उसे वातका योनिकंद कहते हैं ८ जिसमें से रुधिर निकले और वह इमली के बीजके समान हो तथा ज्वर दाह युक्त हो उसको पित्त का योनिकन्द कहते हैं ९ ॥

(कफकेयोनिकन्दकेलक्षण) तिलपुष्पसमंस्निग्धंयोनिमध्योद्भवंदृढम् ॥ कंडूशोफान्वितंक्लिन्नंयोनिकंदंकफात्मकम् १० (सन्निपातकेयोनिकन्दकेलक्षण) सन्निपातोत्थितंरौद्रंसर्व्वलिंगसमन्वितम्॥ योनिकंदंभिषक्तस्यचिकित्सांनैवकारयेत् ११ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेयोनिकन्दलक्षणंसमाप्तम्॥

जो तिल के फूल के समान चिकना और दृढ़ कंद हो तथा खुजली और सूजन गीला हो उसे कफका योनिकंद कहते हैं १० जिसमें सन्निपातके सब लक्षण मिलते हों उसे घोर सन्निपात का जानकर वैद्य इलाज न करै ११ इति हंसराजार्थबोधिन्यांयोनिकंदलक्षणंसमाप्तम् ॥

(अथ योनिकेद्वादशरोगकेलक्षण) योनौद्वादशदोषाःस्युःप्रोक्तावैद्यैःपृथक्पृथक्॥केचिन्नैसर्गिकाःकेचिद्दोषजावीर्यदोषजाः १ अच्छिद्रायाभवेद्योनिःषंढाख्यासाविधीयते ॥ सूक्ष्मछिद्रातुयासूचीमुखीसाकथ्यतेबुधैः २ विवृतास्यामहास्थूलामहायोनिःप्रकीर्त्तिता ॥ रजोवातहतंयस्याअसौख्यासोच्यतेबुधैः ३ ॥

योनि में बारह दोष पृथक् पृथक् वैद्योंने कहे हैं कोई तो नैसर्गिक कोई दोषोंसे और कोई वीर्य्य के दोषसे १ जिसकी योनि में छिद्र न हो उसे षंढाख्य योनि कहतेहैं और जिसमें छोटा छिद्र हो उसे सूचीमुख योनि कहते हैं २ जो गोल मुख की और मोटी हो उसे महायोनि कहते हैं और जिसका रजोदर्श वातसे चलागया हो उसे असौख्ययोनि कहते हैं ३॥

(वातकीयोनिकेलक्षण) ह्रस्वातिरूक्षाकृशताल्पपुष्पाश्यामाविवर्णास्फुटिताविशुष्का ॥ वक्त्राल्परोमापरुषासरोगायोनिर्बुधैर्वातवतीनिरुक्ता ४ (पित्तकीयोनिकेलक्षण) ऊष्मान्विताकामवतीविशालालाक्षारसाभापरिपूर्णमांसा ॥ नीरोगतागर्भवतीविशुद्धायोनिर्बुधैःपित्तवतीनिरुक्ता ५ (कफकीयोनिकेलक्षण) स्थूलासदार्द्राबहुकंडुरासा कामान्वितादीर्घमुखीमनोज्ञा ॥ रोमाधिकास्निग्धतरातिशीतायोनिर्निरुक्ताकफयुग्भिपग्भिः ६ ॥

जो योनि छोटी और रूखी कृश अल्पपुष्पकी काली श्यामवर्ण की फटी हुई शुष्कमुख पर थोड़े बालहों कठोर रोग युक्त ये वातकी योनि के लक्षणहैं ४ गर्मी युक्त कामवती बड़ी लाखके रंगकीसी पूर्णमांस युक्त निरोग गर्भवान् शुद्ध हो ये पित्तकी योनि के लक्षणहैं ५ मोटी सदा गीली रहै बहुत कंडुरा युक्त कामयुक्त दीर्घमुख की सुंदर बहुत रोम युक्त चिकनी शीतल ये कफकी योनि के लक्षणहैं ६ ॥

वातेनयस्यानिहतंचपुष्पं तस्याःफलंनैवभवेत्कदाचित् ॥ योन्यंतरस्थेनमहाबलेनहृन्नाभिकट्यांतरदुःखवेदनाम् ७ पित्तेनदग्धंकुसुमंविशुद्धंशुक्रेणमिश्रम्वहिरुद्गिरेद्या ॥ नात्यूष्मणाधारयितुंसमर्थाप्रस्रंसिनीयोनिरुदाहृतासा ८ (विप्लुताकेलक्षण) रतिक्रीडारुचिर्यस्याःपरितोयाप्लुताभवेत् ॥ नित्यवेदनयायुक्ताविप्लुतासाप्रकीर्त्तिता ९ ॥

योनि में बलवान् वात पुष्पको नाश करदे तब सन्तान नहीं हो और हृदय नाभी कमर इनमें पीड़ा हो ७ जिसका पुष्प पित्तदग्ध करदे और शुक्रयुक्त रजको बाहर निकालदे और पित्तकी गर्मी से गर्भ न रहै उसे प्रस्रंसिनी योनि कहीहै ८ रति क्रीड़ाके आनन्दसे जिसकी योनि आर्द्ररहै और नित्य पीड़ाहो उसे विप्लुता योनि कहतेहैं ९ ॥

(पूतिगन्धयोनिकेलक्षण) सन्निपातान्वितायोनिर्दुर्गंधंवहतेनिशम् ॥ शूलदाहार्त्तियुक्तासापूतिगन्धिर्विधीयते १० (वन्ध्यायोनिकेलक्षण) पित्तानिलाभ्यांपरिकोपिताभ्यांसंपीडिताकृच्छ्रतरेणयोनिः ॥ कृष्णंरजोमुंचतिफेनिलंयावन्ध्यामुनींद्रैःपरिकीर्त्तितासा ११ (खंडितायोनिकेलक्षण) योनेरभ्यंतरेबाह्येखरस्पर्शातुमैथुने ॥ नगृह्णातिसदावीर्यंखण्डिनीसाविधीयते १२ ॥

सन्निपातसे योनिमें दुर्गंध आवै तथा शूलदाह भीहो उसे पूतिगंधयोनि कहतेहैं १० जिसकी योनि वात पित्तके कोपसे परिपीड़ित हो और जिसकी योनि से काला और झागयुक्त रुधिर निकले उसे ऋषि वंध्यायोनि कहतेहैं ११ योनिके बाहर और भीतर मैथुनके समय खर्दरास्पर्श मालूम पड़े और वीर्यका जो ग्रहण न करै उसे खंडितायोनि कहते हैं १२ ॥

पिटिकान्वितसर्वांगीगणिनांतरबाह्ययोः ॥ सायोनिरुपदंशेनमूत्रफेनरुजार्दिता १३ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेयोनिरोगलक्षणंसमाप्तम् ॥

योनिके बाहर भीतर फुंसीहों तो योनि उपदंशरोगकरके व्याप्त जाननी १३ इति हंसराजार्थबोधिन्यांयोनिरोगलक्षणंसमाप्तम् ॥

(अथ प्रसूतिकारोगकालक्षण) उच्चैःप्रपाताद्दृढमैथुनाद्वाती क्ष्णोष्णदुष्टौषधिसेवनाद्वा ॥ दण्डाभिघाताद्बहुवेदनाद्वागर्भच्युतिःस्याद्भयतःश्रमाद्वा १४ स्रावोमासाच्चतुर्थात्प्राक्पातःपंचमषष्ठयोः ॥ मासयोर्भवतिस्त्रीणांप्रसूतिस्तदनन्तरम् १५ प्रसूतिसमयेवायुःस्त्रियाःकुक्षिगतोयदि ॥ निरुध्यशोणितस्रावंकरोतिबहुवेदनाम् १६ ॥

उच्चस्थानके गिरनेसे दृढमैथुनसे तीखी गरम दुष्ट औषधके खानेसे दंडआदिकी चोट लगनेसे बहुत पीडासे भयसे श्रमसे गर्भपात होताहै १४ चार महीनासे पूर्व गर्भ गिरे उसे स्राव कहते हैं और पांचवें छठे महीनामें पात कहाता इसके अनन्तर अर्थात् सातवें महीनासे उपरान्त प्रसूति कहतेहैं १५ प्रसूतिसमयमें पवन स्त्रीकी कूखमें प्राप्तहो रुकजावै वह रुधिरको निकाले तथा पीडाकरै १६

बालेपृथिव्यांपतितेतदानिशंसंरक्षणीयामरुतःप्रसूता॥ यस्याःशरीरेपवनेप्रविष्टेनूनंभवेद्रोगवतीसदासा १७ हृत्कुक्षिशूलंगुरुताशरीरेकंपःपिपासाकटिवस्तिपीडा ॥ दाहोंगमर्दोल्परुचिःप्रलापः शोथःकृशत्वंप्रदरोतिसारः १८ निद्रालसत्वंबहुपांडुतांगेशीतंशिरोर्त्तिर्भ्रमताविशुद्धिः ॥ तापोप्यनाहोबलतातिकासःस्यात्सूतिकायाःपरिरोगचिह्नम् १९ ॥

जिस समय बालक पृथ्वीमें गिरै उसी समय प्रसूता स्त्रीकी पवनसे रक्षा करनी कदाचित् पवन स्त्री के लगजाय तो निश्चय प्रसूतिका रोग पैदाहोय १७ जिस स्त्रीके प्रसूतिरोग हो उसके ये रोगहों हृदय कूख इन में शूलहो शरीर भारी कंप प्यास कमर और मूत्रस्थानमें पीडा दाह अंगों का टूटना अल्परुचि प्रलाप सूजन कृशता प्रदर अतीसार १८ निद्रा आलकस पीलिया शरदी मस्तकमें दर्द भ्रम भ्रष्टता ज्वर अनाह दुर्बलता खांसी इतने रोग प्रसूति से होतेहैं १९ ॥

(प्रसूतिरोगकेउपद्रव) अतीसारोज्वरःशूलंबलहानिःशिरोव्यथा ॥ शोफोनाहोतिदाहोष्टौसूतिकायामुपद्रवाः २० इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृतेवैद्यशास्त्रेप्रसूतिकारोगलक्षणानि॥

१ अतीसार २ ज्वर ३ शूल ४ बलहानि ५ मस्तकमें दर्द ६ शोथ ७ अनाह ८ दाह ये प्रसूतके आठ उपद्रव हैं २० इति माथुरदत्तरामपाठक प्रणीतायांहंसराजार्थबोधिनीटीकायांसूतिकारोगास्समाप्ताः ॥

अथ बालरोगलक्षणम् ॥

(वातलदुग्धकेगुण) स्तन्यंदुग्धंवातलंतोयतुल्यंरूक्षंगौरंतुच्छसारंकषायम्॥ बालोनित्यंतंपिबेत्स्यात्कृशांगःशब्दक्षामोबद्धविण्मूत्रवातः १ (पित्तयुक्तदुग्धकेगुण) सक्षारमुष्णंकटुपित्तदूषितं बालोल्पसारःकुचजंपयःपिबन् ॥ तृष्णालुरूक्षावयवासपैत्तिकः खिन्नोभवेद्भिन्नमलःसकामलः २ (कफदूषितदुग्धकेगुण) दुग्धं श्लेष्मविदूषितंकुचभवंस्निग्धंघनंपिच्छिलं योबालःप्रतिवासरं परिपिबन्स्थूलोदरोजायते ॥ लालाढ्यःकफरोगवान्बलयुतो निद्रावृतश्छर्दिमाञ्छून्यान्तष्करणोल्पघूर्णनयनः कंड्वादिरोगान्वितः ३ ॥

स्तनका दूध जलके समान हो रूखा तथा भारी बलरहित हो कसैला हो वो वातदूषित दुग्ध है उसे बालक जो पीवै तो कृशागहो मन्द शब्द तथा मल मूत्र कमउतरे १ जो खारा गरम तथा कडुवा हो पित्तदूषित दुग्ध है उसे जो बालक पीवै तो बलहीन हो तृष्णालू रूखा देह पित्तप्रकृतिवाला दस्त बहुतहो पीलि युक्त हो तथा खिन्नहो २ जो कुचका दूध कफसे दूषित हो वो चिकना गाढ़ा मलाईदार होता है जो बालक ऐसे दूध को पीवै उसका बड़ा पेट होजाय लार बहै कफ रोगसे ग्रसित रहै बल युक्त नींद बहुत आवै उलटी करै शून्य अंतःकरण कुछ टेढ़े नेत्र खुजली आदिरोग करके युक्त रहै ३ ॥

(दोषरहितदुग्धकीपरीक्षा) जलेस्तन्यंपरिक्षिप्तमेकीभूतंचपांडुरम्॥ मधुरंस्वादुतद्दुग्धंनिर्दोषंतंविदुर्बुधाः ४ निर्दोषजंपयःपीत्वानीरोगोबालकोभवेत् ॥ बलवीर्यान्वितोधीरोबहुशक्तिसमन्वितः ५ शिशोरंगपीडाचतीव्रामतीव्राबुधोरोदनालक्षयेदंगदेशे॥ तनोःस्पर्शनाच्चक्षुषांदर्शनाद्वाविदित्वारुजंकारयेद्वैचिकित्साम् ६ ॥

जो दूध जलमें मिलाने से पीला होजावै तथा मीठा स्वादयुक्त हो उसे निर्दोष दूध जानना ४ जो बालक दोषहीन दूध पीताहै वह बल वीर्य धीरता शक्तिमान् होताहै ५ वैद्य बालककी अंगपीड़ा रोनेसे तथा शरीर के स्पर्शसे वा नेत्रोंके देखनेसे जानकर फेर इलाज करै ६ ॥

मातुस्तन्यविकारेणबालानांनेत्रवर्त्मनि॥ जायतेकुक्कुणंतेननेत्रयोःकंडुरंभवेत् ७ कुक्कुणेनरुजातेन सूर्याभांपरिवीक्षितुम्॥ नसमर्थोभवेद्बालोनेत्रोन्मीलितुमक्षमः ८ (पारिगर्भिककेलक्षण) भवेद्बालकोगुर्विणीदुग्धपानाद्भ्रमःश्वासनिद्रान्वितोवह्निसादः ॥ कृशांगोतिकासोरुचिर्दंतपातस्तमाहुर्बुधागर्भिकंकोष्ठबन्धम् ९ ॥

माताके स्तनविकार से बालकके नेत्रोंमें कुक्कुणरोग हो उससे नेत्रोंमें खुजली चलती है ७ जब बालकके कुक्कुणरोग होजाताहै वो सूर्यके देखने को समर्थ नहींहो और नेत्रमिचे भी नहीं ८ गर्भिणीमाताके दुग्धपान से बालककोभ्रम श्वास निद्रा अग्निमंद कृशांग अतिखासी अरुचि दंतपात ये होतेहैं इसे वैद्य गर्भिक कोष्ठबंध वा पारिगर्भिक कहतेहैं ९ ॥

(तालुकंठरोगकेलक्षण) शिशोस्तालवामिषेश्लेष्मवातयुक्तालुकंटकम्॥ कुर्यात्तेनरुजामूर्ध्निभवेत्तालुनिनिम्नता १० तालुपाकस्त्रिदोषोत्थःसर्वांगेषुविसर्प्पति ॥ असाध्योयंबुधैरुक्तोयंत्रमंत्रैश्चसाधयेत् ११ क्षुद्ररोगेचकथितेअजगल्ल्याहिपूतने ॥ ज्वराद्याव्याधयःसर्वेमहतांयेपुरोगताः ॥ बालदेहेपितांस्तद्वज्जानीयात्कुशलोभिषक्॥ (सामान्यग्रहयुक्तबालकलक्षण) ग्रहैर्गृहीतोल्पशिशुःप्रवेपतेमुहुर्मुहुस्त्र्यस्यतिरौतिजृम्भते॥परंनखैर्लुञ्चतिखंसमीक्षतेक्वचित्क्वचित्कूजतिहन्तिरोदिति १२ ॥

बालकके तालूके मालमें वात युक्त कफ प्राप्त होकर तालू कंटक रोग पैदाकरै उसे तालू नीचे लटक आवै १० त्रिदोषका तालुपाक सब अंगमें फैल जावैहै सो असाध्यहै वो यंत्रमंत्र आदिसे अच्छाहो ११ जोक्षुद्ररोगों में अजगल्ली अहिपूतना रोग कहे हैं वो और ज्वरादि सर्वरोग जो बड़े मनुष्योंके होतेहैं वो सब बालककी देहमें होतेहैं ऐसे कुशल वैद्य जानै ॥ इति माधवः ॥ जो बालक ग्रहोंकरके गृहीत हो वो कभी कांपै त्रासखाय

प्रलाप कंप श्वास मोह दाह चेष्टाहीन होताहै ५ मुखशोष देहशोष ये अपगुण पत्र का विष भक्षण करै है दाह आनाह बेकली दृष्टिनाश ये फलांवपके अवगुण हैं ६ ॥

(फूलगोंदत्वचाकेविष)पुष्पोत्थंछर्दिराध्मानंमोहंचकुरुतेविषम्॥ त्वङ्निर्यासोद्भवंस्रावंपूतिकंपंशिरोरुजम् ७ (दुग्धविषकेलक्षण) विषंक्षीरसमुद्भूतमाध्मानंकंठशोषणम्॥ विड्बंधंमूत्रसंरोधंदृढांगं कुरुतेभ्रमम् ८ (धातुहरतालआदिकेलक्षण) धातूत्थंयद्विषंकुर्या न्मूर्च्छांदाहंचतालुनि ॥ विषाणिप्राणघाती निसर्वाणिकथिता निच ९ ॥

फूल का विष रह अफरा मोह को करै तथा गोंद और त्वचा का विष स्राव दुर्गंध कंप शिरमें दर्द ७ दूधका विष अफरा कंठ शोष दस्त मूत्रका रुकना दृढ़ाग और भ्रम करै ८ हीरा हरताल आदि धातुका विष मूर्च्छा दाह तालुये में सर्व विष प्राण के हर्ता जानने ९ ॥

(सर्पकाटेकेलक्षण) भुजंगेनदष्टस्यनासामुखाभ्यांपतेद्रक्तधारांगदेशेषुशोफः ॥ भवेन्मंडलैर्मंडितांगोविवर्णोविशीर्णांगमांसोथनिःशोणितांगः १० विषादोंगकंपोभयोरोमहर्षःशरीरेगुरुत्वंभ्रमोदृष्टिनाशः ॥ तृषाध्मानमानीलतागात्रदेशेह्यनाहोरतिर्जृम्भणंमूर्च्छतास्यात् ११ (देशविशेषऔरकालविशेषमेंजोसर्पकाटे उसकेलक्षण)अश्वत्थमूलेपिचुमंदमूलेचतुष्पथेदेवगृहश्मशाने॥ वाल्मीकदेशेदिनसंध्ययोर्वासर्प्पेणदष्टःसुधयानजीवेत् १२ ॥

जिसे सर्प्पकाटे उसकी नाक और मुखसे रुधिर की धार गिरै सब देह में सूजन हो रुधिर के देहमें चकत्ता हों तथा विवर्ण हो देहका मांस बिखर जाय तथा देहमें रुधिर न रहै १० खेद अंगकंप भय रोमांच देह भारी भ्रम नेत्रों से न दीखै प्यास अफरा शरीर नीला आनाह अरति मूर्च्छा जंभाई ये लक्षण सर्प्प काटेके हैं ११ पीपल के वृक्षके नीचे तथा नीम के वृक्ष के नीचे चौराहे में मन्दिरमें श्मशानमें बांबी के पास,संध्या के समय भरणी आर्द्रा श्लेषा मघा मूल कृत्तिका इननक्षत्रों में जो सर्प्प काटे तो मनुष्य मरजावै १२ ॥

(मूषकविषलक्षण) मूषकस्यविषंकुर्याच्छर्दिंशोफंविवर्णताम्॥

मूर्च्छामंदश्रुतिश्वासंलालास्रावंशिरोरुजम् १३ (कीटआदि विषकेलक्षण) दष्टस्यकीटैर्विषदिग्धतुंडैःकृष्णाभमंगंबहुवेदना स्यात्॥ शोफोतिदाहःपरिभिन्नवर्चामोहप्रलापोधिकरोमहर्षः १४ (कालेबिच्छूकेकाटेकालक्षण.) दष्टोमनुष्योऽसितवृश्चिकेनना नाविचेष्टांकुरुतेविषार्त्तः॥ भीतोविषण्णोग्निसमानदाहःपीडा र्दितोरौतिविलापमुच्चैः १५॥

विषैल मूषेका विष रद्द सूजन विवर्ण मूर्च्छा मंद सुने श्वास लार टपके शिरपीड़ा ये लक्षण हों १३ कीट अथवा जिसे विषैल डाढ़वाला जानवर काटे उसके लक्षण देह काला तथा पीड़ायुक्त सूजन दाह तेज-रहित मोह प्रलाप रोमांच ये हों १४ काले बिच्छू काटेके ये लक्षण हैं नाना प्रकारकी चेष्टाकरै डरपै शून्यता अग्निके समान दाह घोर पीड़ा पुकार कर रोवै १५॥

विषंवृश्चिकंदुःसहंप्राणहारिमहामोहदंसौख्यविध्वंसकारि॥ बलज्ञानविज्ञानतेजोपहारिव्यथाशोफवैकल्यदाहार्त्तिकारि १६ (वर्हीसर्पकाटेकेलक्षण) ज्वरोघोरतरंशूलंछर्दिशोफोविसर्प्पति॥ वर्णनाशोभवेत्पीडावर्हिदष्टस्यलक्षणम् १७ प्राणीदंशेनसंदष्टो हृष्टरोमोक्षतार्त्तिमान्॥ स्तब्धलिंगोभवेच्छोफोविनिद्रश्चकितो निशम् १८॥

बिच्छूका विष नहीं सहाजाय प्राणहर्ता महामोह करै सुख को दूर करै बल ज्ञान तेज इनको दूर करै व्यथा सूजन बेकली दाह और पीड़ा करै १६ घोर ज्वर शूल रद्द सूजन बढ़े वर्णका नाश और पीड़ा होय ये वर्हीं नाम सर्पकाटेके लक्षणहैं १७ प्राणी के विषसे डसेहुये के ये लक्षणहैं रोमांच घावसे पीड़ित टेढ़ा लिङ्ग सूजन निद्राहीन और चकित १८॥

(मेंडकमछलीकेविषलक्षण) शोफश्छर्दिस्तृपानिद्रामंडूकविष लक्षणम्॥ मत्स्योत्थितंविषंकुर्याद्दाहंशोफंतृषांव्यथाम् १९ (जोंककेविषकालक्षण) मूर्च्छाशोफज्वरंकंडूतृषांकुर्युर्जलौकसः॥ (छिपकलीकेविषकालक्षण) दाहंस्वेदंव्यथांशोथंकुर्याच्चगृहगो धिका २० (शतपदीखनखजूराकेविषकेलक्षण) शतपद्यादिभि

ईर्ष्यकःसतुविज्ञेयः दृग्योनिरयमीर्ष्यकः ४ (महाषण्ढकेलक्षण, योभार्य्यायामृतौमोहादंगनेवप्रवर्त्तते॥ तत्रस्त्रीचेष्टिताकारोजायतेषण्ढसंज्ञितः ५ (नारीषण्ढकेलक्षण) ऋतौपुरुषवद्यापिप्रवर्त्तेतांगनायदि ॥ तत्रकन्यायदिभवेत्साभवेन्नरचेष्टिता ६ ॥ इति श्रीभिषक्चक्रचित्तोत्सवेहंसराजकृत्तेवैद्यशास्त्रेनपुंसकलक्षणानि समाप्तानि ॥

जो पुरुष दूसरे को मैथुन करतादेख आप मैथुन करनेको प्रवृत्त हो उसे ईर्ष्यक नपुंसक कहते हैं दूसरा नाम दृक्योनि है ४ जो पुरुष ऋतु के समय स्त्री के प्रमाणप्रवृत्त हो अर्थात् विपरीत रतिकरै उसके वीर्य्य से पैदा जो बालक वो स्त्रीकीसी चेष्टावान् हो और स्त्री के आकार युक्त हो उसे महाषण्ढ कहते हैं ५ ऋतुकालके समय जो स्त्री पुरुष के प्रमाण प्रवृत्तहो अर्थात् पुरुषको नीचे सुलाव आप ऊपर चढ़ मैथुन करै उसमें जो कन्या पैदाहो वह पुरुषके आकार हो और पुरुषकी सी चेष्टावालीहो ६॥

इति श्रीमाथुरवंशोत्पन्नप्रशंसनीयगुणगणालंकृतकन्हैयालालपाठकतनय दत्तरामप्रणीतहंसराजार्थसुबोधिनीटीकासमाप्तिमगात् ॥

इति हंसराजनिदानंसम्पूर्णम् ॥